www.thsti.res.in

thsti

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान
एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

TRANSLATIONAL HEALTH SCIENCE
AND TECHNOLOGY INSTITUTE

प्लॉट नं. 496, फेज–III, उद्योग विहार,
गुड़गांव–122 016, हरियाणा, भारत
फोनः 0124-2876300, ई–मेलः info@thsti.res.in

वार्षिक प्रतिवेदन 2012-2013

www.thsti.res.in

thsti
ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान
एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
Translational Health Science
and Technology Institute

वार्षिक प्रतिवेदन
2012-2013

thsti ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
Translational Health Science and Technology Institute

मिशन वक्तव्य

काय चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों को ट्रांसलेशनल ज्ञान में समेकित करते हुए और परिणामस्वरूप होने वाले जैव चिकित्सा नवाचारों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए पहुंच योग्य बनाना, ताकि भारत और पूरी दुनिया के सर्वाधिक लाभवंचित लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके।

एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद

thsti ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
Translational Health Science and Technology Institute

वार्षिक प्रतिवेदन
2012-2013

thsti

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान
एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

TRANSLATIONAL HEALTH SCIENCE
AND TECHNOLOGY INSTITUTE

विषयवस्तु

- सदस्य – टीएचएसटीआई संस्थान i
- टीएचएसटीआई शासी निकाय ii
- टीएचएसटीआई की पहचान iii
- ट्रांसलेशन रिसर्च का विचार – टीएचएसटीआई 1
- टीएचएसटीआई संगठन की रचना 2
- एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद – तब और अब 3
- टीएचएसटीआई का नेतृत्व 4
- अधिशासी निदेशक की ओर से 6
- टीका और संक्रामक रोग अनुसंधान केन्द्र (वीआईडीआरसी) 7
- बाल रोग जीव विज्ञान केन्द्र (पीबीसी) 50
- बायोडिजाइन तथा नैदानिकी केन्द्र (सीबीडी) 69
- मानव सूक्ष्मजैविक पारिस्थितिकी केन्द्र (सीएचएमई) 78
- औषधि खोज अनुसंधान केंद्र (डीडीआरसी) 87
- जैव चिकित्सा अनुसंधान नीति केन्द्र 89
- टीएचएसटीआई में शिक्षा 90
- क्लिनिकल विकास सेवा एजेंसी (सीडीएसए) 92
- राष्ट्रीय बायोडिजाइन संबद्धता 99
- टीएचएसटीआई प्रकाशन 2012–13 105
- टीएचएसटीआई में आयोजन और आमंत्रित व्याख्यान 108
- पुरस्कार और सम्मान 110
- टीएचएसटीआई में वैज्ञानिक आयोजन 111
- टीएचएसटीआई – 2012–13 में शिष्टमंडल 112
- टीएचएसटीआई की संगोष्ठियां 113
- ईआरआईडी – विदेशी संबंध और संस्थागत विकास 117
- टीएचएसटीआई प्रशासन 119
- भारतीय राष्ट्रीय दिवसों पर टीएचएसटीआई समारोह 125
- टीएचएसटीआई – 2012–13 में गणमान्य अतिथि 126
- टीएचएसटीआई सामाजिक कार्य 127

सदस्य – टीएचएसटीआई संस्था

क्र. सं.	नाम	संबद्धता	पद
1.	प्रो. जी. पद्मनाभन	विशिष्ट प्रोफेसर, आईआईएससी, बंगलौर	अध्यक्ष
2.	डॉ. के. विजय राघवन	सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य पदेन सदस्य
3.	डॉ. वी. एम. कटोच	सचिव डीएचआर, और महानिदेशक, आईसीएमआर, नई दिल्ली	सदस्य पदेन सदस्य
4.	सुश्री अनुराधा मित्रा	संयुक्त सचिव और वित्त सलाहकार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली	सदस्य पदेन सदस्य
5.	डॉ. टी. एस. राव	सलाहकार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली	सदस्य पदेन सदस्य
6.	डॉ. चंद्रिमा शाह	निदेशक, राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	सदस्य पदेन सदस्य
7.	प्रो. एम. राधाकृष्ण पिल्लै	निदेशक, राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र, तिरुवनंतपुरम	सदस्य
8.	प्रो. अशोक झुनझुनवाला	प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई	सदस्य
9.	डॉ. जे. गौरीशंकर	निदेशक, सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिग एवं निदान, हैदराबाद	सदस्य
10.	डॉ. बी. रविंद्रन	निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज, भुवनेश्वर	सदस्य
11.	डॉ. जी. सी. मिश्रा	पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र, पुणे	सदस्य
12.	डॉ. जी. बी. नायर	कार्यकारी निदेशक, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, गुड़गांव	पदेन सदस्य

टीएचएसटीआई शासी निकाय

क्र. सं.	नाम	संबद्धता	पद
1.	डॉ. के. विजय राघवन	सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली	अध्यक्ष
2.	डॉ. वी. एम. कटोच	सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और महानिदेशक, आईसीएमआर, नई दिल्ली	सदस्य
3.	डॉ. दिनकर एम सालुंके	अधिशासी निदेशक, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, गुड़गांव	सदस्य
4.	डॉ. सुब्रत सिन्हा	निदेशक, राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र, मानेसर, गुड़गांव	सदस्य
5.	डॉ. जी. पद्मनाभन	मानद प्रोफेसर, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर	सदस्य
6.	डॉ. पी. एन. टंडन	अध्यक्ष, राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र, मानेसर, गुड़गांव	सदस्य
7.	डॉ. टी. एस. बालगणेश	मानद वैज्ञानिक और ओएसडीडी प्रमुख, सीएसआईआर, नई दिल्ली	सदस्य
8.	डॉ. बलराम भार्गव	प्रोफेसर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	सदस्य
9.	डॉ. के. श्रीनाथ रेड्डी	अध्यक्ष, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली	सदस्य
10.	डॉ. एम. एस. अनंत	पूर्व निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई	सदस्य
11.	डॉ. आशुतोष शर्मा	संस्थान पीठ प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर	सदस्य
12.	डॉ. एस. के. बिस्वास	प्रोफेसर, मानद, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर	सदस्य
13.	डॉ. टी. एस. राव	सलाहकार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
14.	डॉ. अनुराधा मित्रा	संयुक्त सचिव और वित्त सलाहकार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
15.	डॉ. शिंजिनी भटनागर	प्रोफेसर, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, गुड़गांव	सदस्य
16.	डॉ. सुधांशु व्रती	संकाय अध्यक्ष, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, गुड़गांव	सदस्य
17.	डॉ. जी. बी. नायर	कार्यकारी निदेशक, ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, गुड़गांव	सदस्य सचिव

टीएचएसटीआई की पहचान

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान
एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
TRANSLATIONAL HEALTH SCIENCE
AND TECHNOLOGY INSTITUTE

''हमारे कार्यों के केन्द्र में वैज्ञानिक ज्ञान को स्वास्थ्य देखभाल के लिए रूपांतरित करना। इसका प्रतीक, दो दिशाओं में प्रगामी चक्र के साथ बहुरंगी क्षेत्र हैं जो काय चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरी, प्रौद्योगिकी, नीति और अन्य विविध विशेषज्ञताओं के बहु विषयक क्षेत्र प्रस्तुत करते हैं और अन्य विविध विशेषज्ञता दर्शाते हैं जो हमें सार्वभौमिक रूप से सर्वाधिक लाभवंचित लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने के लिए एक साथ करने की जरूरत है।

अंग्रेजी के अक्षर 'आई' पर बल देकर स्पष्ट रूप से बनाए गए अक्षर एक भारतीय संस्कृति की पहचान हैं और इसके सुस्पष्ट रंग सुनिश्चित करते हैं कि हमारी पहचान ऐसे प्रत्येक माध्यम और मंच पर बनी रहती है, जहां हमारे पणधारी जाते हैं।''

ट्रांसलेशन रिसर्च का विचार – टीएचएसटीआई

मिशन वक्तव्य : ***काय चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों को ट्रांसलेशनल ज्ञान में समेकित करते हुए और परिणामस्वरूप होने वाले जैव चिकित्सा नवाचारों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए पहुंच योग्य बनाना, ताकि भारत और पूरी दुनिया के सर्वाधिक लाभवंचित लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके।***

टीएचएसटीआई के मिशन वक्तव्य के दूर दृष्टाओं ने हमें 2009 में ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना करने में सहायता दी। वे उन तात्कालिक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के प्रति चिंतित थे जो राष्ट्र के सामने मौजूद थीं। ऐसे तीव्र मार्गी स्वास्थ्य देखभाल समाधानों पर बल दिया गया जो स्वास्थ्य देखभाल की सघनता की कमी वाली तेजी से विकसित होती एक अर्थव्यवस्था की जरूरतें पूरी कर सके। पिछले तीन वर्षों में अपने आरंभ के बाद से ही टीएचएसटीआई ने सीखने के मार्गों में एक ऐसा उत्साह तेजी से विकसित किया है जो कभी कभार देखा जाता है।

भारत सरकार द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान के रूप में स्थापित टीएचएसटीआई एनसीआर बायोटेक विज्ञान क्लस्टर के रूप में ज्ञात संस्थानों के व्यापक समूह का एक महत्वपूर्ण बिन्दु बनाएगा। इस समूह के संस्थानों में शैक्षिक और ट्रांसलेशनल अनुसंधान और संबंधित सेवाओं में विशेषज्ञता होगी। इसका एक महत्वाकांक्षी प्रयास यह रहा है कि इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए सच्चे अर्थों में बहुविषयक अनुसंधान आयोजित करने के लिए एक अनोखा संस्थागत परिवेश बनाया गया है जो विशिष्ट चिकित्सा हस्तक्षेपों में रूपांतरण के लिए है।

टीएचएसटीआई देश में ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए देश के अग्रणी संगठन के रूप में मान्यता पाने का प्रयास करता है। यहां तीन केन्द्र या आंतरिक केन्द्र हैं। टीका और संक्रामक रोग अनुसंधान केन्द्र (वीआईडीआरसी), बाल रोग जीव विज्ञान केन्द्र (पीबीसी) और बायोडिजाइन तथा नैदानिकी केन्द्र (सीबीडी), जो पिछले आरंभिक तीन वर्षों के दौरान अग्रणी केन्द्र थे। जैव चिकित्सा अनुसंधान नीति केन्द्र (पीसीबीआर), औषधि खोज अनुसंधान केंद्र (डीडीआरसी) और मानव सूक्ष्मजैविक पारिस्थितिकी केन्द्र (सीएचएमई), तीन नए प्रमुख केन्द्र इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्रचालित किए गए हैं। ये तीनों केन्द्र ट्रांसलेशनल श्रृंखला में महत्वपूर्ण संपर्क बनाते हैं। इन प्रयासों को टीएचएसटीआई के दो बाह्य केन्द्रों, क्लिनिकल विकास सेवा एजेंसी (सीडीएसए) और राष्ट्रीय बायोडिजाइन संबद्धता (एनबीए) द्वारा आगे बढ़ाया गया है।

टीएचएसटीआई संगठन की संरचना



एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद – तब और अब

2012

2013

टीएचएसटीआई का नेतृत्व

प्रो. जी. बालाकृष नायर,
कार्यकारी निदेशक

जी बालाकृष नायर ने अक्तूबर 2011 में अधिशासी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। उनके पूर्व कार्य पिछले दो दशकों में राष्ट्रीय कोलरा और आंत्र रोग (एनआईसीईडी), कोलकाता में बीते जहां वे संस्थान के निदेशक रहे। एनआईसीईडी में अपने कार्य काल के साथ वे सात वर्ष निदेशक के रूप में प्रयोगशाला विज्ञान प्रभाग, इंटरनेशनल सेंटर फॉर डायरियल डिजीज रिसर्च, ढाका, बांगलादेश में रहे।

डॉक्टर नायर के वैज्ञानिक प्रक्षेत्र में आंतरिक रोगाणु और डायरिया रोग शामिल हैं, जिसे वाइब्रियो कॉलरी पर विशेष बल दिया गया है जो डायरिया रोग का कारक जीवाणु है। वाइब्रियो कॉलरी 0139 बंगाल की खोज पर उनके योगदान के लिए उन्हें 1998 में चिकित्सा विज्ञान हेतु प्रतिष्ठित शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से समानित किया गया। उन्होंने 29 डॉक्टरल उपाधियों के लिए मार्गदर्शन किया है।

प्रो. सुधांशु व्रती,
प्रोफेसर और संकाय अध्यक्ष

डॉ. व्रती ने जी बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, पंत नगर से सूक्ष्मजीव विज्ञान में एम. एससी, भारतीय प्रौद्योगिकीय संस्थान दिल्ली से जैविक रसायन इंजीनियरी में डीआईआईटी और ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी, कैनब्रा से जैव रसायन में पीएच.डी किया है। उन्होंने सिडनी में सीएसआईआरओ आण्विक विज्ञान में अपना पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान किया है। वर्तमान में उनकी दिलचस्पी आरएनए वायरस द्विगुणन और टीका विकास में है। वीडीआरसी में उनका समूह जेईवी जीवन चक्र के मुख्य पक्षों पर केन्द्रित है जैसे ग्राही बंधन और प्रविष्टि प्रक्रिया, वायरस द्विगुणन की आण्विक प्रक्रिया, समुच्चय और एग्रेस। इसके अलावा वे एक मौखिक रोटावायरस टीके के क्लिनिकल विकास में भी संलग्न रहे हैं।

प्रो. शिंजिनी भटनागर,
प्रोफेसर

प्रो. शिंजिनी भटनागर बाल रोग में स्नातकोत्तर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली से पीएच.डी हैं। उन्होंने एक वरिष्ठ अनुसंधान वैज्ञानिक और बाल रोग गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के रूप में बाल रोग विभाग, एम्स में कार्य किया। उन्हें नवजात और बाल रोग दर और मृत्युदर दर में घटाने के हस्तक्षेप विकसित करने में विशेषज्ञता प्राप्त है। वे पीबीसी की अध्यक्ष हैं, जहां उनकी वर्तमान दिलचस्पी संकल्पना आधारित हैं और यह संकल्पना ज्ञान आधारित हस्तक्षेपों के विकास एवं बाल स्वास्थ्य के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य साधनों के विकास की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने हाल ही में जन्म से पूर्व जैविक तथा गैर जैविक जोखिमों और उनके क्लिनिकल परिणामों में एक अध्ययन आरंभ किया है। वे बायो डिजाइन और नैदानिकी केन्द्र (सीबीडी) की समन्वयक भी हैं, जहां उनका फोकस बाल्यावस्था के रोगों के लिए नैदानिकी और कम लागत के स्वास्थ्य उत्पादों पर है। पीबीसी, सीबीडी, आईसीजीईबी, एम्स और उद्योग भागीदारों के बीच एक सहयोगात्मक कार्यक्रम में सिलियाक रोग के निदान के लिए एक तीव्र देखभाल बिन्दु परीक्षण विकासाधीन है। वे नेशनल बायोडिजाइन एलाइंस की समन्वयक हैं।

प्रो. कनुरी राव,
एडजंक्ट संकाय और
अध्यक्ष – डीडीआरसी

कनूरी राव ने 1983 में एमएस विश्वविद्यालय, वडोदरा, भारत से कार्बनिक रसायन में पीएच. डी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के पर्यावरण रसायन प्रभाग से पोस्ट डॉक्टरल अध्येता के तौर पर छोटा कार्यकाल पूरा किया। इसके बाद उनकी दिलचस्पी जीव विज्ञान की ओर हो गई। जहां उन्होंने 1985 की शुरूआत में यूसीएलए के मॉलीक्यूलर बायलॉजी इंस्टीट्यूट में एक पोस्ट डॉक्टरल अध्येता के तौर पर कार्य किया। उन्होंने दिसम्बर, 1988 में इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी) में कार्यभार संभाला और टी–आश्रित ह्यूमोरल प्रतिक्रिया के विनियमन की विधि पर कार्य आरंभ किया। वर्तमान में उनका फोकस माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस से संक्रमित मानव मैक्रोफेज में पोषी – रोगाणु अंतःक्रियाओं की गतिकी को समझने के लिए उच्च थ्रूपूट जीव विज्ञान और प्रणालियों के तंत्र का उपयोग करने पर है। उनका दल कीमोथैरेपी के नए मार्गों के विकास और तपेदिक के विरुद्ध नए टीकों के विकास में संलग्न है। अनेक शिक्षा संस्थानों के अध्येता, डॉ. राव में 1997 में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार जैविक विज्ञान के क्षेत्र में प्राप्त किया है।

डॉ. सुधाकर बंगेरा,
एमबीबीएस, एमडी, एममेड सां.
कार्यक्रम निदेशक

डॉ. सुधाकर बंगेरा ने स्वास्थ्य देखभाल (अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों), ग्लोबल कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (सीआरओ), अकादमिक रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एआरओ), साइट मैनेजमेंट ऑर्गनाइजेशन (एसएनओ), मेडिकल इमेजिंग क्लिनिकल जैव उपलब्धतता और जैव समकक्षता (बीए–बीई) और वैश्विक भैषजिक कंपनियों के विविध क्षेत्रों में 21 वर्ष के अनुभव के साथ सीडीएसए में कार्यभार संभाला। वे एक बहु आयामी, सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल और क्लिनिकल अनुसंधान कर्मी हैं, जिनके पास चतुराई से निर्णय लेने की क्षमता और असाधारण संगठनात्मक कौशल हैं।

श्री एम. वी. सैंटो,
अध्यक्ष – प्रशासन

श्री सैंटो एक मानव संसाधन और आईआर व्यावसायिक हैं जिन्हें सार्वजनिक और निजी उद्यमों में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव है। वे लोयोला कॉलेज चेन्नई से गणित में स्नातक और उनके पास प्रबंधन के क्षेत्र में अनेक स्नातकोत्तर योग्यताएं भी हैं। वे संगठन निर्माण में विशेषज्ञ हैं और प्रशासनिक कार्यों के अनेक आयामों के साथ टीएचएसटीआई में उन्होंने योगदान दिया है। उन्होंने एक ऐसे दल का निर्माण किया है जो संस्थान में वैज्ञानिक और शैक्षिक गतिविधियों के सभी पक्षों को अबाधित समर्थन सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान देता है।

अधिशासी निदेशक की ओर से

संस्थान निर्माण के कार्य में एक असाधारण चुनौती पेश करने के साथ एक मांग शामिल होती हैं। यदि संस्थान ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य के क्षेत्र में है तो इस कार्य में अतिरिक्त रूप से विचारधारा को एक नई परिभाषा देने की अतिरिक्त मांग शामिल होती है जो संभवतः एक नई भाषा है। टीएचएसटीआई ने पिछले वर्षों के दौरान प्रयोगशाला के अनुसंधान को वास्तविक परिणामों के रूप में रूपांतरित करने के अधिदेश को प्रगामी रूप से आगे बढ़ाया है जो भारत और दुनिया भर के सर्वाधिक वंचित वर्गों की लक्षित स्वास्थ्य देखभाल हेतु है।

टीएचएसटीआई में अनुसंधान कार्य संकल्पना या अन्वेषी प्रकार से आगे बढ़ाया जाता है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के अनेक विषयों के इंटरफेस हैं। परीक्षण और सत्यापन की दो दिशाओं वाली प्रक्रिया विचारों तथा कार्यों के बीच पूरे दल की सहक्रिया को बढ़ाती है। ट्रांसलेशनल कार्य दल के सर्वोत्तम स्तर पर होने वाला कार्य है। इसके लिए विविध विषयों के बीच गहन अभिक्रिया की आवश्यकता होती है। यह प्रक्रिया जटिल है, क्योंकि इसमें प्रकृति की प्रक्रिया को समझा जाता है। टीम की भावना को विकसित करना इसकी अनिवार्य विशेषता है। यह विकसित होने वाले मार्गों का प्रक्षेत्र भी है।

टीएचएसटीआई ने अपने अधिदेशित मार्ग पर तेजी से प्रगति की है। इस वर्ष मौजूदा तीन केन्द्रों के अलावा तीन नए मुख्य केन्द्रों का निर्माण किया गया। जैव चिकित्सा अनुसंधान नीति केन्द्र (पीसीबीआर) और औषधि खोज अनुसंधान केंद्र (डीडीआरसी) अस्तित्व में आए। मानव सूक्ष्मजैविक पारिस्थितिकी केन्द्र (सीएचएमई) में भी प्रचालन आरंभ किए गए हैं और इसमें अनेक परियोजनाएं जारी हैं। टीएचएसटीआई में अन्य केन्द्रों द्वारा अनुसंधान को बढ़ाने के लिए आवश्यकता आधारित प्रयास किए गए थे और साथ ही ट्रांसलेशन के बढ़ते हुए क्षेत्र में विशेषज्ञता भी स्थापित की गई थी। इन प्रयासों को प्रभावी रूप से चलाने और मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए टीएचएसटीआई ने इन सभी के लिए पर्याप्त नए पदों को आरंभ किया। उपकरण तथा उपभोज्य के लिए महत्वपूर्ण परिव्यय किए गए ताकि सेवाओं को जारी रखने के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। इन सभी कार्यों में टीएचएसटीआई ने तात्कालिकता दर्शाई और अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरा आत्म विश्वास दर्शाया।

वर्ष 2012–13 में टीएचएसटीआई द्वारा ट्रांसलेशनल प्रक्रिया में मजबूत कदम उठाए गए। इसके मुख्य केन्द्रों में ऐसी परियोजनाएं आरंभ की गई जो संकेन्द्रित बहु केन्द्र, राष्ट्रीय परिदृश्य में बहु संस्थागत ट्रांसलेशनल प्रयास हैं। ग्लू अनुदान योजनाएं, समयपूर्व जन्म समूह, रोटावायरस टीके पर प्रगति और मानव सूक्ष्म जैविक पारिस्थितिकी में किए गए प्रयास इस प्रक्रिया की विशेष उपलब्धियां है। सिलियाक रोग के किट के क्षेत्र में सामग्री अंतरण के चरण से उद्योग तक पहुंचाने की प्रगति की गई। संस्थान की ओर से वैज्ञानिक साहित्य में योगदान लगभग दो गुना हो गया है। टीएचएसटीआई का एक बाह्य अनुसंधान केन्द्र, द क्लिनिकल डेवलपमेंट सर्विस एजेंसी अपने योजनाबद्ध कार्यक्रमों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही क्षेत्रों में वैज्ञानिक समुदाय का मेलजोल जारी रहा। यूनिवर्सिटी ऑफ टुर्कु के साथ नैदानिकी में शैक्षिक और अनुसंधान भागीदारी के लिए करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। करार के अविभाज्य भाग के रूप में यूनिवर्सिटी ऑफ टुर्कु में भारतीय नागरिकों के लिए पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रम हेतु चयन प्रक्रिया भी आरंभ की गई। टीएचएसटीआई ने वर्ष के दौरान नीदरलैंड्स, वियतनाम और ओसाका यूनिवर्सिटी से आए हुए दलों की मेजबानी की।

ओसाका यूनिवर्सिटी और टुर्कु यूनिवर्सिटी, फीनलैंड के साथ पीएच.डी कार्यक्रम के सूत्रण के लिए शैक्षिक अंतरराष्ट्रीय संबद्धता आगे बढ़ाने का कार्य जारी है। टीएचएसटीआई के पीएच.डी कार्यक्रम के छात्रों ने जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के साथ पंजीकरण आरंभ किया। टीएचएसटीआई ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, और सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ संबद्धताएं आरंभ की है। टीएचएसटीआई के पीएचडी कार्यक्रम में तीसरे और चौथे बैच के प्रवेश का कार्य पूरा हो गया था।

टीएचएसटीआई ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव के रूप में प्रो. के विषय राघवन का स्वागत किया। उन्होंने प्रो. एम के भान के सुनहरे कार्यकाल के बाद कार्यभार संभाला है, जिनकी छत्रछाया में टीएचएसटीआई ने अपना पहला कदम बढ़ाया था। डॉ. भान इस वर्ष की शुरूआत में सेवानिवृत्त हो गए, किन्तु उन्होंने टीएचएसटीआई के वैज्ञानिक कार्यनीति और विशेषज्ञ सलाहकार समूह (एसएजीई) के अध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका जारी रखी है। एसएजीई टीएचएसटीआई का विचार समूह है और यह संस्थान के लिए समग्र वैज्ञानिक रुझान तय करेगा।

एनसीआर बायोटेक विज्ञान क लस्टर, फरीदाबाद का निर्माण कार्य जारी रहा और जल्दी ही पूरा भवन सौंप दिए जाने की उम्मीद है। पिछले वर्ष पर्याप्त प्रगति की गई, किन्तु अभी बहुत कुछ शेष है। विभिन्न केन्द्रों और विभिन्न संस्थानों के सहकर्मियों के बीच वैज्ञानिक संचार में सुधार हुआ है। कई तरीकों से यह केवल एक शुरूआत है।

जी. बी. नायर

टीका और संक्रामक रोग अनुसंधान केन्द्र (वीआईडीआरसी)

प्रो. सुधांशु व्रती,
प्रोफेसर और वीआईडीआरसी अध्यक्ष

वीआईडीआरसी अनुसंधान परिदृश्य

टीका विकास :	रोटावायरस 116ई वैक्सीन – फेज 3 ट्रायल जेई वैक्सीन–प्री क्लिनिकल विकास एचआईवी/एड्स – प्री क्लिनिकल विकास
नई टीका प्रदायगी के प्लेटफॉर्म	जंतु एडिनो वायरस, एचपीवी, बीसीजी
श्वसन संक्रामण :	तपेदिक
आंतरिक संक्रमण :	रोटावायरस, एचईवी
मच्छर से होने वाले संक्रमण :	जेई, डेंगू

वीआईडीआरसी मिशन :

दुनिया भर में संक्रामक रोग मौत का प्रमुख कारण बने हुए हैं, परन्तु ये हमारे जैसे विकासशील देशों में खास तौर पर घातक हैं। भारत के संदर्भ में लगातार बढ़ती आबादी का घनत्व, शहरी क्षेत्रों में आबादी का प्रवास और पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी से जुड़े बदलाव नए संक्रामक कारकों के उभरने के लिए उपजाऊ स्थान प्रदान करते हैं। टीके, एंटी वायरस, नए एंटी बायोटिक तथा एंटी बॉडी आधारित कार्यनीतियां संक्रामक जीवों से निपटने के सर्वाधिक लागत प्रभावी साधन बने हुए हैं। टीका और संक्रामक रोग अनुसंधान केन्द्र (वीआईडीआरसी) का वैज्ञानिक मिशन भारत में प्रचलित रोगों के खिलाफ प्रोफाइलेक्टिक तथा चिकित्सीय साधनों के विकास हेतु स्थानान्तरण योग्य ज्ञान उत्पन्न करने के लिए संक्रामक रोगों और रोगाणुओं का अध्ययन करना है।

वीआईडीआरसी वैज्ञानिक कार्यक्रम और प्रक्रिया :

भारतीय संदर्भ में इनके चिकित्सीय महत्व के आधार पर वीआईडीआरसी में वर्तमान वैज्ञानिक गतिविधियां मोटे तौर पर तीन क्षेत्रों में केंद्रित हैं : वे वायरस जो मच्छरों, संदूषित पेय जल और तपेदिक के माध्यम से फैलते हैं। इस इनसैट में वीआईडीआरसी में जारी विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों की सूची दी गई है। विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों के विवरण आगे वीआईडीआरसी की वैज्ञानिक समीक्षा में विस्तार से बताए गए हैं।

टीका विकास डोमेन में वीआईडीआरसी मौखिक रोटावायरस टीके 116ई के क्लिनिकल विकास में समर्थन जारी रखा गया। इस टीके का परीक्षण तीसरे चरण के विकास में है और सभी प्रयोगशाला आमापनों के लिए वीआईडीआरसी जिम्मेदार है। वायरस एंटीजन का पता लगाने और जीनोटाइपिंग के लिए सत्यापित आमापनों को चलाने के लिए एक जीएलपी अनुपालन प्रयोगशाला कार्यरत है, और टीके की प्रतिरक्षाजनकता निर्धारित करने के लिए एक रोटावायरस आईजीए मात्रात्मक एलाइजा किया जाता है। प्रयोगशाला प्रचालनों में जीएलपी अनुपालन, आमापन और प्रचालकों को फ्रांस तथा यूएसए के स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया गया है। दो वर्ष के फॉलोअप अध्ययन से टीके की दक्षता परखने का कार्य अक्तूबर 2013 के आस पास पूरा हो जाएगा, किन्तु दक्षता आंकड़ों के अंतरिम विश्लेषण से एक अत्यंत धनात्मक दृश्य मिला है। 116ई टीके की दक्षता अल्प संसाधन देशों में वर्तमान में लाइसेंस युक्त रोटा वायरस टीकों की दक्षता के साथ तुलनात्मक रूप से अनुकूल पाया गया था। अध्ययन के परिणामों से रोटा वायरस के विभिन्न विभेदों में संरक्षण का स्पष्ट साक्ष्य मिलता है और जीवन के दूसरे वर्ष में इनकी दक्षता परखना जारी है।

टीएचएसटीआई ने इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनीशिएटिव (आईएवीआई) ने एचआईवी टीका अनुसंधान पर एक संयुक्त कार्यक्रम की स्थापना के लिए सहयोगात्मक करार किया है। इस कार्यक्रम में एचआईवी टीका डिजाइन के लिए उपयुक्त एंटीजनों को पहचानने की उच्च थ्रूपुट विधियों की स्थापना की गई है। इस वर्ष कार्यक्रम निदेशक के रूप में डॉ. विमल के चक्रबर्ती द्वारा कार्यभार संभालने के बाद कार्यक्रम आरंभ किया गया। इसके पहले डॉक्टर चक्रबर्ती स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीट्सूट, यूएसए के आईएवीआई न्यूट्रीलाइजिंग एंटीबॉडी सेंटर में वरिष्ठ अन्वेषक के रूप में कार्यरत थे। अब हमारे पास उपयुक्त मूल संरचना के साथ एक समर्पित एचआईवी टीका स्थानांतरण अनुसंधान (एचवीटीआर) प्रयोगशाला है। हाल ही में डॉ. जयंत भट्टाचार्य ने एक प्रधान अन्वेषक के रूप में एचवीटीआर कार्यक्रम में कार्यभार संभाला। वे राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान, पुणे में एक वरिष्ठ अनुसंधानकर्ता थे। इस कार्यक्रम से अनुसंधान वैज्ञानिकों और तकनीशियनों को प्रेरणा मिली है और वे अब हमारे मिशन में योगदान के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

नए टीका प्रदायगी मंच के क्षेत्र में हम नए जंतु एडिनो वायरस के उपयोग की खोज कर रहे हैं। विभिन्न पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालयों के अनुसंधान समूहों के सहयोग से हमने भैंस, मुर्गी और घोड़े से एडिनोवायरस प्राप्त किया है। इन वायरसों का जीनोम स्तर पर आंशिक लाक्षणीकरण किया गया है और चेन्नई से प्राप्त फाउल एडिनोवायरस के जीनोम का क्रम पूरी तरह ज्ञात किया गया है। यह सूचना एक संभावित टीका वाहक के रूप में उसके विकास हेतु महत्वपूर्ण है। इसका सुझाव देने के लिए कुछ साक्ष्य हैं कि ये जंतु एडिनोवायरस मानव कोशिकाओं को ट्रांसड्यूस करने में सक्षम है। यह नोट किया जाए कि सामान्य मानव सीरम के नमूनों में इन वायरसों को उदासीन बनाने की इसी गतिविधि नहीं होती है।

मच्छरों से पैदा होने वाले फ्लेवी वायरस, जो वर्तमान में वीआईडीआरसी में अध्ययनरत हैं, इनमें डेंगू (डीईएन) और जापान मस्तिष्क ज्वर वायरस (जेईवी) शामिल है। वीआईडीआरसी अनुसंधानकर्ताओं ने वायरस रोधी गतिविधियों के लिए एक नए रसायनिक स्केफोल्ड को अभिज्ञात किया है और फ्लेवी वायरस आरएनए द्विगुणन में एडाप्टर कॉम्प्लेक्स – 3 के लिए नया कार्य सौंपा गया है। इन्होंने टीईएन और जेईवी जीवन चक्र में शामिल टायरोसिन काइनेस को अभिज्ञात किया है और वर्तमान में उनके कार्य करने की विधि अध्ययन के अधीन है। ये प्रोटीन संभावित रूप से वायरस द्विगुणन को नियंत्रित रखने और नए वायरस रोधी यौगिक विकसित करने पर लक्षित हैं। इसके अलावा हमारे अनुसंधानकर्ता आईसीजीईबी – एमोरी वैक्सीन सेंटर और एम्स के साथ मिलकर कार्य करते हुए डीईएन संक्रमण के रोगाणुओं को समझने के लिए सहयोग कर रहे हैं। इन अध्ययनों से रोग की गंभीरता और परिणामों का पूर्वानुमान लगाने के लिए नए बायोमार्करों पर जानकारी मिलनी चाहिए।

जेवी के जीव विज्ञान को समझने के क्षेत्र में आगे प्रगति हुई है। जेईवी संक्रमण के दौरान माइक्रो आरएनए प्रोफाइलिंग पर होने वाले कार्य में महत्वपूर्ण कोशिकीय मार्गों को अभिज्ञात किया गया है जो प्रभावित हो सकते हैं। अन खुले प्रोटीन की प्रतिक्रिया (यूपीआर) मार्गों पर किए गए अध्ययनों में तीन में से दो (पीईआरके और आईआरई–1) के लिए दक्ष और अबाधित सक्रियण दर्शाया गया है और वर्तमान अनुसंधान इसे समझने पर निर्देशित है कि इन मार्गों को वायरस संदमन घटक किस प्रकार प्रभाव डालता है। इसके अलावा जेईवी जीवन चक्र के अनिवार्य घटक के रूप में ऑटोफैगी को सिद्ध किया गया तथा लाइसोसोमल अकार्यात्मकता में अभिज्ञात वायरल गैर संरचनात्मक प्रोटीन एनएस1 को अभिज्ञात किया गया। जेईवी संक्रमण के दौरान एसएन 1 प्रोटीन की भूमिका से होने वाली न्यूरल क्षति की प्रक्रिया पर कुछ जानकारी मिलनी चाहिए।

हिपेटाइटिस ई वायरस (एचईवी) एक महत्वपूर्ण रोगाणु है जो भारत में कभी कभार और महामारी के मामले पैदा करता है। आरंभिक जन्मजात प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर वायरस के संक्रमण को सीमित रखने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। वीआईडीआरसी के अनुसंधानकर्ताओं ने दर्शाया है कि एचईवी आरएनए से जन्मजात प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर ग्राही आरआईजी–1 पैदा होता है किंतु एमडीए5 नहीं, और यह कि एचईवी प्रोटीन से जन्मजात प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर में संभावित रूप से बाधा पहुंच सकती है। अध्ययनों में एचईवी प्रोटीनों के बीच नई अंतःक्रियाएं भी अभिज्ञात की गई हैं और यह जानकारी नए चिकित्सा उपचार की डिजाइन के लिए ट्रांसलेशन हेतु संभाव्यतापूर्ण है।

तपेदिक के नियंत्रण के लिए लक्षित गैर द्विगुणनकारी बैक्टीरिया की नई कार्यनीतियों की आवश्यकता है, जो सुप्त रोग का लाक्षणीकरण कर सके। जबकि गैर द्विगुणनकारी बैक्टीरिया के शरीर क्रिया विज्ञान और चयापचय प्रक्रियाओं को अच्छी तरह समझा नहीं गया है। वीआईडीआरसी अनुसंधानकर्ता एम. ट्यूबरकुलोसिस की उपस्थिति और रोगाणुजनकता में कोलेस्टेरॉल चयापचय की सार्थकता का अध्ययन कर रहे हैं। इसके अलावा हमारे अनुसंधानकर्ता एमएजेडईएफ टॉक्सिन – एंटी टॉक्सिन (टीए) मॉड्यूल द्वारा यह दर्शाते हैं कि एम. ट्यूबरकुलोसिस के अस्तित्व में इनकी पात्रे भूमिका है। इन्होंने एम. ट्यूबरकुलोसिस के लिए औषधि लक्ष्य मार्ग के रूप में पॉली फॉस्फेट काइनेस 1 का सत्यापन किया है और दर्शाया है कि पॉली पी की कमी अगली कतार की तपेदिक दवाओं के प्रति एम. ट्यूबरकुलोसिस की उन्नत संवेदनशीलता और गिनीपिग में क्षति ग्रस्त उत्तरजीविता से जुड़ी है। एक संपूर्ण कोशिका आधारित छानबीन में एम. ट्यूबरकुलोसिस संदमकों में से हमारे अनुसंधानकर्ताओं में पात्रे 1 माइक्रोमोल गतिविधि से कम वाले विभिन्न स्केफोल्ड ज्ञात किए हैं। ये स्केफोल्ड मैक्रोफेज के लिए गैर साइकोटॉक्सिक हैं, इनका टाइटर 25 से कम हैं और ये कोशिकाओं के अंदर के बैक्टीरिया समाप्त करने में सक्षम हैं और इनसे अनेक साइटोप्लाज्मिक प्रोटीनों का नियमन होता है और इस प्रकार ये महत्वपूर्ण औषधि लक्ष्य हो सकते हैं। हम झिल्ली की रसधानियों और एम ट्यूबरकुलोसिस द्वारा स्रावित प्रोटियोम का भी अध्ययन कर रहे हैं जिनसे नई टीका प्रदायगी प्रणालियों का विकास और नए रोगाणुजनक मार्करों को अभिज्ञात करने का कार्य किया जाए।

हमारे तपेदिक ट्रांसलेशनल विज्ञान कार्यक्रम को डॉक्टर निशीथ अग्रवाल के आने से बहुत बढ़ावा मिला है जो यूएसए और भारत के जाने माने 39 टीबी अनुसंधानकर्ताओं के दल से वीआईडीआरसी में सहायक प्रोफेसर के पद पर आए हैं जिसे तपेदिक अनुसंधान पर भारत – अमेरिकी टीका कार्य कार्यक्रम (वीएपी) से एक प्रतिष्ठित ''सी–ट्रायम्फ'' कार्यक्रम अनुदान दिया गया है। इस विशाल कार्यक्रम का लक्ष्य क्लिनिकल स्थलों और तपेदिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं को शामिल करते हुए सहयोगी अनुसंधान इकाइयों (सीआरयू) की स्थापना द्वारा क्लिनिकल नमूनों के इस्तेमाल से मौलिक अनुसंधान को संबोधित करना है। सी–ट्रायम्फ पांच वर्ष का कार्यकाल है, जो भारत तथा यूएसए के 8 शीर्ष संस्थानों का सहयोगात्मक संघ है। इसके उद्देश्य तपेदिक के विभिन्न चरणों पर आगे बढ़ाने के साथ जुड़े विभिन्न पोषी और सूक्ष्मजैविक कारकों की जांच करना है। डॉ. अग्रवाल भारतीय आबादी में तपेदिक की सुप्त अवस्था और सक्रिय अवस्था के लक्षणों का अध्ययन करेंगे। वे पांच एसडब्ल्यूजी में से एक, बायो मार्कर एण्ड डायग्नोस्टिक साइंटीफिक वर्किंग ग्रुप (एसडब्ल्यूजी) की अध्यक्षता करेंगे।

मानव संसाधन विकास

युवा वैज्ञानिकों के लिए वीआईडीआरसी में एक पूर्व डॉक्टरल, डॉक्टरल तथा पश्चात डॉक्टरल प्रशिक्षण कार्यक्रम है। डॉक्टरल कार्यक्रम के लिए केवल उन छात्रों को पात्रता है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की डॉक्टरल अध्येतावृत्ति परीक्षा में योग्यता प्राप्त की है। वर्तमान में 14 स्नातक छात्र अपने पीएचडी शोध प्रबंध के लिए वीआईडीआरसी संकाय के साथ कार्यरत हैं। वीआईडीआरसी द्वारा पोस्ट डॉक्टरल कार्य के लिए टीका अनुसंधान नवाचार (वीआरआई) पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। ये अत्यंत प्रतिस्पर्द्धात्मक पुरस्कार वीआईडीआरसी में पोस्ट डॉक्टरल कार्य हेतु कार्य करने वाले असाधारण युवा वैज्ञानिकों के लिए उपलब्ध हैं। वर्तमान में तीन वीआरआई पुरस्कार पाने वालों को वीआईडीआरसी में नियुक्त किया गया है।

चित्र: वीआईडीआरसी में डॉ. व्रती की टीम

जापानी मस्तिष्क ज्वर वायरस के जीव विज्ञान

प्रधान अन्वेषक : डॉ. सुधांशु व्रती

जापानी मस्तिष्क ज्वर वायरस (जेईवी) जंतु वायरसों के फ्लेवी वीरिडी परिवार का सदस्य है जिनमें चिकित्सा की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य अनेक वायरस पाए जाते हैं जैसे डेंगू और येलो फीवर। जेईवी मानव मस्तिष्क के ज्वर का प्रमुख कारण हैं और इसे भारत में पर्याप्त मृत्युदर दर और रोग दर के लिए जिम्मेदार माना जाता है। भारत के विभिन्न भागों से जापानी मस्तिष्क ज्वर (जेई) की अनेक घटनाओं की रिपोर्ट की जा रही है और देश के कई भागों में जेईवी महामारी बन गया है। हम नए चिकित्सा उपचार और प्रोफाइलेक्टिक दृष्टिकोण से जेईवी द्विगुणन के जीव विज्ञान का अध्ययन कर रहे हैं।

जेईवी संलग्नता और ग्राही प्रणाली की पहचान

अन्वेषक : मीनु नैन, मंजुला कालिया और सुधांशु व्रती

वायरस का इसके विशिष्ट ग्राही से जुड़ना एक प्रमुख घटना है जो संक्रमण की शुरूआत है। जबकि कोशिकीय घटक जैसे ताप आघात प्रोटीन 70 से प्रभावित होता है, हिपेरन सल्फेट प्रोटियो ग्लाइकन तथा लेमिनिन की भूमिका जेईवी संक्रमण में दर्शाई गई है। वायरस के ग्राही गैर लाक्षणीकृत बने रहे हैं। जेईवी के एन्वेलप (ई) प्रोटीन में तीन संरचनात्मक प्रक्षेत्र होते हैं और तीसरा प्रक्षेत्र (ईडी3) हैं जो मेजबान कोशिका से वायरस का जुड़ाव दर्शाता है और साथ ही इसमें वे एपिटोप भी होते हैं जो उदासीनी कारक एंटीबॉडी प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में सक्षम है। जेईवी – ईडी3 की अभिव्यक्ति और शुद्धिकरण में बैक्टीरियल अभिव्यक्ति प्रणाली उपयोग की गई है। पुनर्योगज जेईवी – ईडी3 न्यूरो2ए कोशिकाओं की सतह से जुड़ते हैं और जेईवी द्वारा संक्रमण के लिए प्रतिस्पर्द्धा करते हैं, इस प्रकार जेईवी ग्राही की खोज के लिए इसे एक वैध साधन के रूप में स्थापित किया गया है। जेईवी–ईडी3 के अंतःक्रियात्मक भागीदारों का पता लगाने के लिए बायोटिन के साथ अनुमत कोशिकाओं की सतही लेबलिंग की गई, लेबल किए गए प्रोटीन को न्यूट्रा एविडेन जेल द्वारा शुद्धिकृत किया गया और ऐसे प्रोटीनों की तलाश की गई जो खास तौर पर जेईवी–ईडी3 से जुड़ते हैं। जेईवी–ईडी3 से विशिष्ट रूप से जुड़ने वाले प्रोटीनों के लिए इम्मोबिलाइज्ड न्यूट्रा एविडिन जेल द्वारा लेबल युक्त प्रोटीनों का शुद्धिकरण किए गए थे। झिल्ली प्रोटीन को विशिष्ट रूप से जेईवी – ईडी3 के साथ क्रिया करते हैं, इन्हें 2डी जेल पर प्राप्त किया गया और विशिष्ट प्रोटीनों / धब्बों का विश्लेषण मास स्पेक्ट्रोस्कोपी द्वारा किया गया था।

मास स्पेक्ट्रोस्कोपी विश्लेषण में जीआरपी 78 को जेईवी – ईडी3 बंधन प्रोटीन के रूप में दर्शाया गया है। जीआरपी 78 (ग्लूकोज द्वारा विनियमित प्रोटीन 78 केडीए) को पारंपरिक रूप से प्रोटीन के मोड़ने और समुच्चय बनाने की सुविधा में एक प्रमुख ईआर



चित्र 1: जेईवी संक्रमण प्रक्रिया में जीआरपी 78 की भूमिका। न्यूरो 2ए कोशिकाओं को बताई गई सांद्रता पर एक घण्टे तक बर्फ पर जीआरपी78 एंटीबॉडी के साथ इंक्यूबेट किया गया और एंटीबॉडी की उपस्थिति में जेईवी (एमओआई, 1) से संक्रमित किया गया। ए. संक्रमित कोशिकाओं के संक्रमण के 24 घण्टे बाद मात्रा ज्ञात की गई थी। बी. जेईवी के संवर्धन सुपर नेटेंट में 24 एचपीआई पर संक्रमित कोशिकाओं के वायरस टाइटर

चैपरॉन माना गया है जो प्रोटीन गुणवत्ता नियंत्रण तथा ईआर तनाव का विनियमन करना है। हाल में प्राप्त साक्ष्य दर्शाते हैं कि जीआरपी 78 की अभिव्यक्ति कोशिकाओं की सतह पर होती है जहां यह कोशिका सिगनलिंग और कोशिका जीव क्षमता का नियमन करता है। जीआरपी 78 डेंगू वायरस सीरोटाइप 2 और कॉकसेकी वायरस के लिए एक सह ग्राही के रूप में भी कार्य करता है। अब हमने एक जेईवी सहग्राही / ग्राही के रूप में जीआरपी 78 की भूमिका का लाक्षणीकरण किया है। जीआरपी 78 सतही अभिव्यक्ति की जांच कई सेल लाइनों पर की गई है। जीआरपी 78 के एन टर्मिनल पर निर्देशित एंटी बॉडी में न्यूरो2ए की जेईवी संक्रामकता का बड़ा संदमन दर्शाया गया है (चित्र 1)। जेईवी में जीआरपी 78 की भूमिका का अध्ययन अब किया जाएगा।

जेईवी की कोशिका प्रविष्टि प्रक्रिया समझना और इमेजिंग आधारित अध्ययनों में उच्च विभेदन का उपयोग

अन्वेषक : रेनू धनकर, सुधांशु व्रती और मंजुला कालिया

यूकेरियोटिक प्लाज्मा झिल्ली पर विविध, संगठनात्मक और उत्प्रेरित एंडोसाइटिक मार्गों का एक जटिल नेटवर्क कार्य करता है। लगभग सभी वायरस एक अनुमति प्राप्त कोशिका में प्रवेश पाने के लिए एंडोसाइटिक प्रक्रिया का उपयोग करते हैं और संक्रमण स्थापित करते हैं। ये मार्ग रसधानियों और खण्डों में वायरस की प्रदायगी करते हैं और वायरस की झिल्ली के संलयन से द्विगुणन के लिए अनुमत स्थान पर कोशिका द्रव्य में इसका कोर छोड़ दिया जाता है। कोशिका के प्रकारों के बीच इनमें वायरस की प्रविष्टि का मार्ग अलग हो सकता है। इसके अलावा पहले से प्रचालित एंडोसाइटिक मार्गों का उपयोग करने के लिए अनेक मामलों में वायरस ग्राही बंधन और सिगनलिंग घटनाओं द्वारा प्रवेश के लिए पूरक मार्गों का उद्दीपन कर सकते हैं। फ्लेवी वायरस के लिए ग्राही माध्यित एंडोसाइटिक मार्ग में वरीयता प्राप्त आंतरिकीकरण मार्ग दर्शाया गया है, क्योंकि एंडोसोम की छानबीन करने वाले कम पीएच पर वायरस की अनकोटिंग और सलयन होते हैं। जबकि एंडोसाइटिक मार्ग आण्विक कारकों और कार्गो संवीक्षण के संदर्भ में व्यापक विषमवार्ता दर्शाते हैं एवं हाल के अध्ययनों में दर्शाया गया है कि यूकेरियोटिक कोशिकाओं में उच्च स्तर की प्रत्यास्थता पाई जाती है। हमारी दिलचस्पी जेईवी द्वारा प्रयुक्त एंडोसाइटिक मार्गों को परिभाषित करने में जो प्रतिदीप्तिशील लेबल वाले वायरस कणों और उच्च विभेदन इमेजिंग का उपयोग करते हुए प्रमुख आण्विक कारकों के संदर्भ में कोशिकाओं में प्रवेश करते हैं।

भैषजिक संदमकों के पैनल का उपयोग करते हुए प्रभुत्वकारी ऋणात्मक कंस्ट्रक्ट और मुख्य एंडोसाइटिक अणुओं के आरएनए संदमन से हमने सिद्ध किया है कि न्यूरोनल कोशिकाओं में जेईवी का आंतरिकीकरण एक क्लेथ्रिन स्वतंत्र मार्ग द्वारा होता है।



चित्र 2 : ए. क्या जेईवी (हरे रंग के छद्म रंग) न्यूरो 2 ए कोशिकाओं में डाला गया था, इसे डीएसआरईडी – आरएबीड या जीएफपी – आरएबी7 (लाल रंग का छद्म रंग) बर्फ पर एक घण्टे रखा गया। कोशिकाओं को बताए गए समय तक 37 डि.से. पर गर्म किया गया, अल्प पीएच वाले बफर से धोया गया, फिक्स किया गया और तस्वीर ली गई। क्या आरएबी फाइल के सह स्थानीकरण वाले जेईवी को केवल आंतरिकीकरण के 30 मिनट बाद देखा गया है (निचला बायां पैनल, तीर के निशान)। बार, 10 माइक्रो मीटर बी. न्यूरो 2ए और वीरो कोशिकाओं की जांच 100 नैनो मोल बैफिलोमाइसिन जेईवी के संक्रमण से पहले लगाया गया। संक्रमण की मात्रा ज्ञात की गई। सी. न्यूरो 2ए और वीरो कोशिकाओं को जीएफपी, जीएफपीआरएबी5 डब्ल्यूटी, जीएफपीआरएबी5डीएन, जीएफपीआर एबी7 डब्ल्यूटी, जीएफपीआरएबी7डीएन को जेईवी से संक्रमित किया गया और उपरोक्त बताए गए 24 एचपीआई से अभिक्रिया कराई गई। इस संक्रमण को केवल जीएफपी से कोशिकाओं के ट्रांसफैक्शन को सामान्य बनाया गया था।

जबकि इस मार्ग के लिए डाइनेमिन की आवश्यकता होती है जो एंडोसाइटिक रसधानियों को पकड़ने के लिए आवश्यक बड़ा जीटी पेस है। एक्टिन और मायोसिन नेटवर्क की भूमिका की जांच जेईवी प्रवेश हेतु की गई है।

बंधनकारी वायरस के इमेजिंग अध्ययन और अंतर ग्रहण की पूरकता कोशिका के एक्टिन नेटवर्क के साथ की गई थी। जेईवी संक्रमण की स्थापना में एक्टिन और मायोसिन नेटवर्क की सार्थकता का सत्यापन विशिष्ट संदमकों के उपयोग द्वारा किया गया था। कोशिकाओं में प्रदीप्ति युक्त वायरस कणों के अंतर ग्रहण को विभिन्न एंडोसाइटिक मार्गों के प्रतिदीप्तिशील लेबल लाइगैंड के साथ ज्ञात किया गया था।

जेईवी एंडोसाइटोसिस के अध्ययन दो अन्य सेल लाइन – वीरो फाइब्रोब्लास्ट और एसएच–एसवाय5वाय (मानव न्यूरोब्लास्टोमा) शामिल करने के लिए आगे बढ़ाए गए और इसमें न्यूरो 2 ए (चूहे की न्यूरोब्लास्टोमा) को डाला गया। प्रतिदीप्तिशील लेबल वाले वायरस कण उपयोग करते हुए भैषजिक संदमकों, आरएनए व्यवधान (आरएनएआई) और प्रभुत्वकारी ऋणात्मक (डीएन) विनियामक प्रोटीन उत्परिवर्तियों के संयोजन का विकास एंडोसाइटोसिस में किया गया, जिसमें हमने सिद्ध किया है कि जेईवी द्वारा क्लेथ्रिन पर आश्रित रूप में फाइब्रोब्लास्ट में जेईवी संक्रमण होता है, किन्तु इसमें न्यूरोनल कोशिकाओं को संक्रमित करने के लिए एक क्लेथ्रिन स्वतंत्र प्रक्रिया अपनाई जाती है। क्लेथ्रिन स्वतंत्र मार्ग से साइजन अणु की आवश्यकता दर्शाई गई – डायनेमिन और प्लाज्मा झिल्ली कोलेस्टेरॉल। न्यूरोनल कोशिकाओं को बांधने वाले वायरस से एक्टिन की पुनः व्यवस्था में बदलाव होता है और एक समुचे और गतिशील एक्टिन कोशिका ढांचे के रूप में तथा छोटे जीटी पेस आरएचओए वायरस के प्रवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिदीप्तिशील प्रतिरक्षा विश्लेषण में वायरस के सह स्थानीकरण के साथ एंडोसाइटिक मार्ग जोड़ने के साथ यह दर्शाया गया है कि आरएबी5 –धनात्मक आरंभिक एंडोसोम के रास्ते जेईवी का आवागमन होता है और इस प्रकार यह आरंभिक, लंबित एंडोसोम अवस्था पर नहीं, वायरल न्यूक्लियो कैप्सिड की निर्मुक्ति करता है (चित्र 2)।

भविष्य में हमारी योजना आरएनए व्यवधान स्क्रीन द्वारा जेईवी संक्रमण में शामिल मेजबान झिल्ली आवागमन जीनों को पहचानने की है। हम यह समझने के लिए डेंगू वायरस प्रवेश के कोशिका जीव विज्ञान का अध्ययन भी करने की योजना रखते हैं कि ये कोशिका प्रवेश के संदर्भ में चार डेंगू वायरस सिरोटाइप से कितने समान / भिन्न व्यवहार करते हैं।

जेईवी संक्रमण प्रतिक्रिया में ऑटोफैगी मार्ग की भूमिका

अन्वेषक : मनीष शर्मा, रेनू खासा, मीनू नैन, विकास सूद, मनप्रीत कौर, शंकर भट्टाचार्य, सुधांशु व्रती और मंजुला कालिया

ऑटोफैगी एक महत्वपूर्ण कोशिकीय प्रक्रिया है जिसमें कोशिका होमियोस्टेसिस बनाए रखा जाता है। ऑटोफेजिक कार्गो जैसे कि लंबे समय तक जीवित रहने वाले साइटोप्लाज्मिक प्रोटीन और अकार्यात्मक अंगों को दोहरी झिल्ली वाली रसधानियों (ऑटोफैगोसोम) द्वारा सिक्वेस्टर किया जाता है और ऑटोफैगोसोम लाइसोसोम संलयन के बाद ये विखंडित हो जाते हैं। ऑटोफैजिक प्रक्रिया गठनात्मक है और आम तौर पर सभी कोशिकाओं में आधारभूत स्तर पर प्रचालित होती है, किन्तु यह कोशिकाओं के बाहर या कोशिकाओं के अंदर के तनाव की प्रतिक्रिया में अप रेगुलेटिड है और रोगाणु संक्रमण होता है। यह अनेक वायरस और बैक्टीरिया रोगाणुओं के खिलाफ जन्मजात और अनुकूलात्मक प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया का भी एक अहम घटक है। ऑटोफैजिक प्रक्रिया में दो बड़े चरण होते हैं। पहले द्वारा ऑटोफैगोसोम निर्माण की शुरूआत का नियंत्रण करने के लिए एमटीओआर संदमन का नियमन किया जाता है। बीईसीएलआईएल1 और वीपीएस34 और वर्ग 3 पीआई–3 काइनेस आरंभिक न्यूक्लिएशन में शामिल हैं तथा विशिष्ट प्रोटीन कॉम्प्लेक्स के बनने के माध्यम से प्राथमिक ऑटोफैगोसोम झिल्ली बनाई जाती है।

हमने सिद्ध किया है कि जेईवी संक्रमण से न्यूरो2 ए कोशिकाओं में ऑटोफैगी का प्रेरण किया जाता है। ऑटोफैगी की निगरानी कोशिका में एलसी3–1 से एलसी3–2 (ऑटोफैगी मार्कर) दोनों ही मामलों में प्रतिदीप्तिशील सूक्ष्मदर्शी और वेस्टर्न ब्लॉटिंग के रूपांतरण पर देखा जाता है। हमने यह भी सिद्ध किया है कि पीआई–3 काइनेस की गतिविधि कोशिकाओं में ऑटोफैगोसोम के निर्माण को उद्दीपित करने के लिए आवश्यक है और इसके संदमन से जेईवी प्रोटीन के उत्पादन तथा संक्रामक वायरस कणों में नाटकीय रुकावट आती है। जबकि ऑटोफैगोसोम डीएसआरएनए के मार्कर के रूप में जेईवी द्विगुणन का स्थल प्रतीत नहीं होता है।

जेईवी संक्रमण के बाद पोषी कोशिकाओं के चीन अभिव्यक्ति पैटर्न में वैश्विक बदलावों के निर्धारण के लिए एक ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण किया गया था, जिसमें ऑटोफैगी में शामिल जीनों का अप रेगुलेशन दर्शाया गया। इन परिणामों का आगे मात्रात्मक वास्तविक समय पीसीआर द्वारा सत्यापन किया गया था। हमें ज्ञात है कि जेईवी संक्रमण मुख्य ऑटोफैगी जीनों के अनुलेखन अपरेगुलेशन की ओर जाता है और कोशिका में ऑटोफैजिक रसधानियां जमा हो जाती है। जेईवी संक्रमण के बाद रैपामाइसिन के स्तनधारी लक्ष्य (एमटीओआर) का क्षणिक रूप से निष्क्रिय बनाने का कार्य कोशिका वृद्धि का एक प्रमुख विनियामक है तथा ऑटोफैगी प्रेरण के संदमक को देखा जाता है। वायरल एनएस1 प्रोटीन के उल्लेखनीय संचय को जेईवी संक्रमित कोशिकाओं में ऑटोफैगोसोम में देखा जा सकता है (चित्र 3)। जेईवी संक्रमित कोशिकाओं में ऑटोफैगोसोम के लिए एलएएमपी–1 की आवश्यकता नहीं होती और इससे अम्लीय विलंबित एंडोसोमल खण्ड के संकेतक, लाइसो ट्रेकर रैड के घटे हुए संस्थानीकरण दर्शाए गए। जेईवी से संक्रमित कोशिकाओं में लाइसो सोमल जीनों की अभिव्यक्ति का अपरेगुलेशन नहीं होता है। लाइसो सोमल अकार्यात्मकता से लाइसोसोमल झिल्ली पारगम्यता में परिणामी प्रो कैथेप्सिन डी का अधूरा प्रसंस्करण और संचय होता है तथा एपॉप्टॉसिस का प्रेरण होता है। जेईवी से संक्रमित चूहों के मस्तिष्क के समांगी मिश्रण में एलसी3 2 और प्रोकैथेप्सिन डी के बढ़े हुए स्तर मिलने से सुझाव मिलता है कि ऑटोफेजिक प्रतिक्रिया जीवे स्तर पर अच्छी तरह होती है। न्यूरो 2ए कोशिकाओं में मुख्य ऑटोफैगी प्रोटीन एटीजी7 की जन साइलेंसिंग से कोशिका मौत बढ़ती है और वायरल टाइटर में होने वाली वृद्धि से सुझाव मिलता है कि ऑटोफैगी द्वारा वायरल संवर्धन को एपॉप्टॉटिक कोशिका मौत से उद्दीपित वायरस की निर्मुक्ति में मॉड्यूलन द्वारा विनियमित किया जा सकता है।

भविष्य में हमारी योजना जेईवी संक्रमित कोशिकाओं में एनएस1 से उद्दीपित लाइसोसोमल अकार्यात्मकता की आण्विक प्रक्रिया का लाक्षणीकरण और तंत्रिका की क्षति / कोशिका मौत के साथ इसका संबंध ज्ञात करना है। हम जेईवी संक्रमण के बाद एपॉप्टॉटिक रूप से उद्दीपित मार्ग का लाक्षणीकरण भी करेंगे और ऑटोफैगी के साथ इसके संभावित संबंध का पता लगाएंगे।



चित्र 3 : एलसी3 – 2 धनात्मक ऑटोफैगोसोम में जेईवी एनएस1 संचित होता है। *जेईवी से संक्रमित न्यूरो2ए कोशिकाओं 24 एचपीआई पर फिक्स की गई थी और इन्हें एलसी3 – 2 और एनएस1 एंटीबॉडी से अभिरंजित किया गया और इसके बाद एलेक्सा 488 एंटी रेबिट और एलेक्सा 568 एंटी माउस एंटी बॉडी डाले गए। कोशिकाओं की इमेजिंग ओलिम्पस एफवी1000 कनफोकल माइक्रोस्कोप में की गई। नाभिकों को डीएपीआई अभिरंजन द्वारा देखा गया था।*

जेईवी द्विगुणन में पोषी कोशिका प्रोटीनों की भूमिका

अन्वेषक : दीपिका भुल्लार*, जयिता ठाकुर*, रिचा जालोदिया'*और सुधांशु व्रती
('राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)

जेईवी जीनोम लगभग 11 किलो बेस के धनात्मक एकल धागे वाला आरएनए है। ऋणात्मक प्रकार के आरएनए टेम्प्लेट वायरस द्विगुणन के दौरान उत्पन्न होते हैं, जिन्हें बड़ी संख्या में धनात्मक प्रकार के जीनोमिक आरएनए अणु उत्पन्न करने के लिए कॉपी किया जाता है। अन्य रैप्लीकेस के साथ एमिनो एसिड क्रम समांगता पर आधारित एनएस3 और एनएस5 वायरल गैर संरचनात्मक प्रोटीन के जेईवी जीनोम द्विगुणन में शामिल होने का अनुमान लगाया गया है। जबकि, हमें ज्ञात नहीं है कि क्या इनमें से किसी कोशिकीय प्रोटीन की आवश्यकता वायरल द्विगुणन में होती है। अतः हम ऐसे कोशिकीय प्रोटीनों का अध्ययन कर रहे हैं जो जेईवी जीनोम जीनोम क्रमों के साथ अंतःक्रिया करते हैं और जिनके वायरस द्विगुणन में शामिल होने की संभवना है। इसके अलावा वायरल गैर संरचनात्मक प्रोटीन वायरस जीनोम या द्विगुणन के दौरान मेजबान प्रोटीन से अंतःक्रिया कर सकते हैं।

जेईवी द्विगुणन के लिए अनेक मेजबान प्रोटीनों की आवश्यकता होती है और हमने पहले ऐसे दो प्रोटीन एमओवी 34 और एलए को अभिज्ञात किया है। इन्हें गैर कोडिंग क्षेत्रों (एनसीआर) के साथ विशिष्ट बंधन के आधार पर जेईवी आरएनए में अभिज्ञात किया गया था, जो संभवतया जीनोम द्विगुणन में शामिल हैं। हमने इलेक्ट्रोफोरेटिक चलनशीलता विस्थापन आमापन (ईएमएसए), यूवी–क्रॉसलिंकिंग, नॉर्थ – वेस्टर्न विश्लेषण और सुपर शिफ्ट आमापन के उपयोग द्वारा दर्शाया है कि 55 केडीए – पीटीबी की अभिक्रिया 5' – एनसीआर और 3' – स्टेम लूप जो वायरल जीनोमिक आरएनए का 3'–एनसीआर है, विभिन्न बंधुताएं दर्शाता है। प्रोटीन – आरएनए अंतःक्रिया के स्थान पुनः आरएनए टो प्रिंटिंग आमापन द्वारा खोजे गए थे। म्यूटाजेनेसिस अध्ययन द्वारा वायरल आरएनए के प्रथम स्टेम में पॉलीपिरिमिडिन मार्ग के उपस्थित होने की पुष्टि की गई थी। हमने सह प्रतिरक्षी अवक्षेपण आरटी– पीसीआर द्वारा प्राकृतिक संक्रमण पर इनकी अंतःक्रिया को जीवे विधि द्वारा सत्यापित किया और मापा भी है।

दिलचस्प है कि हमने न्यूक्लियर पीटीबी साइटोप्लाज्मिक फोकाई के साथ फॉस्फोराइलेशन से जुड़े पुनः स्थानीकरण जेईवी आरएनए के साथ होते हैं, जैसे ही जेईवी का संक्रमण प्रकट होता है। इसके अलावा हमने पीटीबी नॉक डाउन और अति अभिव्यक्ति प्रणालियों में वायरस के टाइटर माप कर वायरस द्विगुणन के दौरान पीटीबी की संदमनकारी भूमिका का आकलन किया है। प्रतिस्पर्द्धात्मक आमापन का उपयोग करते हुए हम दर्शाते हैं कि जेईवी 3'–एसएल (–) आरएनए और वायरल एनएस5 प्रोटीन के जुड़ाव को संदमित किया जाता है जो संक्रमण के दौरान आरंभिक वायरस द्विगुणन की शुरूआत के पहले एक आरंभिक घटना है। पीकेए माध्यित पीटीबी फॉस्फोराइलेशन को बढ़ावा देने के लिए सीएएमपी एनालॉग के साथ कोशिकाओं के उपचार से जेईबी संक्रमण पर धुंधला होता हुआ वायरस द्विगुणन होता है। सारांश के रूप में हमने पीटीबी को जेईवी एनसीआर के कोशिकीय भागीदार के रूप में अभिज्ञात किया है और जेईवी संक्रमण के दौरान नवजात जेईवी आरएनए के विनियामक भविष्य के दिलचस्प परिणाम होते हैं।

हमने पोषी प्रोटीनों के साथ जेईवी गैर संरचनात्मक प्रोटीनों की अंतःक्रिया का अध्ययन भी किया है। अध्ययन में शामिल प्रोटीन हैं : एनएस5, जो आरएनए आश्रित आरएनए पॉलीमरेज़ सक्रियता रखता है और एनएस2ए, जिसका कार्य अभी ज्ञात नहीं है। इस्ट की दो संकर प्रणाली के उपयोग से इन दोनों प्रोटीनों के संभावित अंतःक्रियात्मक भागीदार पता लगाए गए हैं। ये अंतःक्रियाएं कनफोकल माइक्रोस्कोपी और पुल डाउन आमापनों का उपयोग करते हुए सत्यापन के अधीन हैं। हम एनएस5 और एनएस2ए अंतःक्रियात्मक भागीदारों का आगे लाक्षणीकरण करेंगे तथा वायरस द्विगुणन में इनकी अंतःक्रियाओं की भूमिका की जांच करेंगे, यदि कोई हो।

जेईवी पैथोजेनेसिस में एमआईआरएनए की भूमिका

अन्वेषक : सिद्धिका पारिक, अरूप बनर्जी, सुधांशु व्रती

जेईवी एक न्यूरोट्रॉफिक वायरस है और इस प्रकार एक प्रभावी न्यूरोनल इनेट वायरल रोधी प्रत्युत्तर इसके संक्रमण के परिणाम पर प्रभाव डाल सकता है। इनेट प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर की विशेषता रोगाणु द्वारा आंशिक रूप से निर्धारित की जा सकती है, किन्तु यह कोशिका के प्रकार द्वारा भी प्रभावित होता है, जिसमें यह प्रत्युत्तर पैदा हुआ है। मानव न्यूरोनल कोशिकाओं में पीआरआर माध्यित इनेट प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर मार्गों के अपेक्षाकृत व्यापक पूरक भाग होते हैं और इन मार्गों को प्रारूपिक तौर पर न्यूक्लिक एसिड की पहचान द्वारा वायरस रोगाणुओं में उद्दीपित किया जाता है जो विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। जेईवी संक्रमण से मुख्य लक्ष्य अणुओं के मॉड्यूलन द्वारा इनेट प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर का मॉड्यूलन तथा माइक्रो आरएनए अभिव्यक्ति के परिष्करण की संभावना है, जिससे वायरस को टिकाऊ बनाने के लिए अनुकूल परिवेश बन सकते हैं। सिगनलिंग लक्ष्यों को समझना जेईवी संक्रमण की आण्विक प्रक्रियाओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा और संभावित चिकित्सीय हस्तक्षेप कार्यनीतियों का विकास किया जा सकेगा।

इसके पहले हमने इनेट प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर के मॉड्यूलन में प्रतिरक्षी मॉड्यूलेटरी माइक्रो आरएनए (मिर–155, मिर–146ए) की भूमिका जांच की है। इन एमआईआरएनए की अभिव्यक्ति न्यूरोनल (न्यूरो2ए और सीएचएमई3) और गैर न्यूरोनल (ए549) कोशिकाओं को मापा गया था। मिर–1468 जेईवी संक्रमण के बाद गैर न्यूरोनल एपिथिलियल कोशिकाओं में बहुत अधिक मात्रा में व्यक्त हुआ, जबकि जेईवी संक्रामण के बाद न्यूरोनल कोशिकाओं में बहुत कम बदलाव देखा गया। दूसरी ओर मिर–155 अभिव्यक्ति जेईवी संक्रमण के बाद समय आधारित रूप में माइक्रोग्लियल कोशिकाओं में उद्दीपित की गई थी। दिलचस्प बात है कि टीएलआर3 की अभिव्यक्ति, आईएफएन बीटा और ओएएसआई अभिव्यक्ति न्यूरोनल तथा गैर न्यूरोनल दोनों ही प्रकार की कोशिकाओं में जेईवी संक्रमण के बाद उल्लेखनीय रूप से उद्दीपित की गई थी। जेईवी को आरआईजी–1 द्वारा अनुभव किया जाता है और इसके बाद इंटरफेरॉन बीटा उत्पादन का उद्दीपन होता है। वायरस मिर146ए अभिव्यक्ति के मॉड्यूलन द्वारा इस मार्ग का विरोध करता है क्योंकि मिर146ए आरआईजी–1 का ऋणात्मक विनियामक है। जैसी कि उम्मीद है, पॉली (आई : सी) से उपचारित कोशिकाओं में मिर–146ए अभिव्यक्ति में उल्लेखनीय कमी देखी गई, जबकि कमी के बावजूद जेईवी से संक्रमित कोशिकाओं में मिर–146ए की अभिव्यक्ति या तो अपरिवर्तित रही या कोशिका प्रकार पर निर्भर करते हुए बढ़ गई। इस प्रकार जेईवी संक्रमण इनेट प्रतिरक्षी मार्गों से निपटने के लिए मिर–146ए अभिव्यक्ति का मॉड्यूलन करता है।



Genes that were upregulated by JEV but significantly attenuated in miR-155 and miR-146a overexpressing cells

Gene Symbol	Gene description	mimic155+JEV	mimic146a+JEV
CCL5	Chemokine (C-C motif) ligand 5	-6.3921	-2.1003
CD80	CD80 molecule	-3.598	-2.3061
CXCL9	Chemokine (C-X-C motif) ligand 9	-4.385	-2.1153
IFNB1	Interferon, beta 1, fibroblast	-11.5457	-2.4903
IFNG	Interferon, gamma	-3.5872	-20.2833
IL1RN	Interleukin 1 receptor antagonist	-3.9182	-40.5809
IL2	Interleukin 2	-5.3982	-16.0961
IL2RA	Interleukin 2 receptor, alpha	-3.7955	-10.5063
SELP	Selectin P (granule membrane protein 140kDa, antigen CD62)	-4.9948	-5.4861

चित्र 4 : पीसीआर ऐरे आंकड़ों का विश्लेषण *संक्रमण के बाद और ट्रांसफैक्ट कोशिकाओं के समान विभिन्न समय बिन्दुओं पर अभिव्यक्त एमआईआरएनए के तापमान चित्र। तालिका विश्लेषण और ऐरे आंकड़ों की व्याख्या भी दर्शाई गई है।*

माइक्रो ग्लिया कोशिकाएं केन्द्रीय तंत्रिकातंत्र (सीएनएस) की निवासी प्रतिरक्षी कोशिकाएं हैं और सूक्ष्म जीवों के भेदन के खिलाफ पोषी रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। माइक्रग्लिया /ग्लिया के अंदर जेईवी संक्रमण से साइटोकाइन और घुलनशील मीडिएटर के स्राव द्वारा तंत्रिकाओं को अप्रत्यक्ष रूप से मारा जाता है। हमने देखा है कि माइक्रोग्लिया कोशिकाओं में एमआईआर –146ए की तुलना में एमआईआर –155 की अभिव्यक्ति से जेईवी संक्रमण बढ़ जाता है। दिलचस्प है कि ये दोनों एमआईआरएमए लक्षित विशेष जीन (आईकेसे –ई, टीबीके 2 या टीआरएएफ 6, आईआरएके 1) द्वार एनएफ –केबी गतिविधि को कम करने में शामिल हैं। ये टीएलआर माध्यित एनएफ –केबी सक्रियता मार्गों में पाए जाते हैं। एनएफ – केबी गतिविधि जेईवी संक्रमित कोशिकाओं में आईएफएन –बी प्रेरण के लिए अनिवार्य है। यह जानने के लिए कि मानव माइक्रोग्लिया कोशिकाओं में जेईवी संक्रमण किस प्रकार नवजात प्रतिरक्षी जीनों का मॉड्यूलन करता है, हमने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विनियमित 84 जीनों को लेकर एनएफ – केबी मार्ग द्वारा पीसीआर आमापन किए। जेईवी संक्रमण के बाद एनआईआर –155 अतिअभिव्यक्त कोशिकाओं में कंट्रोल मिमिक के ट्रांसफैक्शन के बाद जेईवी संक्रमण, 26 जीनों के अपरेगुलेशन से (दो गुना से अधिक) और दूसरी ओर 32 जीन उल्लेखनीय रूप से अपरेगुलेटिड किए गए (दो गुना से अधिक) इसमें 13 जीन दोनों सेटों में उपलब्ध थे जो अपरेगुलेट किए गए थे। जबकि इन 13 जीनों में 11 जीनों में जेईवी संक्रमण के बाद एमआईआर –155 अतिअभिव्यक्त कोशिकाओं में अपनी अभिव्यक्ति का उदासीनीकरण दर्शाया गया (चित्र 4)। आगे के अध्ययनों में पता लगा कि जेईवी से आईआरएफ –8 अभिव्यक्ति को उद्दीपित किया जाता है। माइक्रोग्लिया सक्रियण के लिए आईआरएफ –8 एक महत्वपूर्ण अनुलेखन कारक था जिससे एमआईआर –155 अतिअभिव्यक्त कोशिकाओं का संदमन किया गया और परिणामस्वरूप माइक्रोग्लिया कोशिकाओं में उदासीनता आईएनएफ –बीटा उत्पादन किया गया। परंतु एमआईआर –146ए अतिअभिव्यक्ति पर ऐसा कोई प्रभाव नहीं देखा गया था।

सक्रियण के विषय में माइक्रोग्लिया कोशिकाएं दो प्रमुख उप प्रकारों में ध्रुवण करने में सक्षम हैं, जिन्हें एम1 या एम2 श्रेणियों में बांटा गया है। ''क्लासिकल'' या एम1 उपप्रकार शोथ उन्मुख साइटोकाइन अतिउत्पादन करती हैं और इनसे कोशिका माध्यित प्रतिरक्षा को बढ़ावा मिलता है। ''वैकल्पिक'' सक्रिय या एम2 माइक्रोग्लिया शोथ को धीमा करने का प्रयास करती है और कोशिका के अंदर के अपशिष्ट को हटाती है। सीडी 45 एक प्रोटीन टाइरोसिन फास्फेटेस ग्राही है जो ऋणात्मक रूप से सीडी 40एल–सीडी40 द्वारा उद्दीपित माइक्रोग्लिया एम1 सक्रियण का विनियमन करता है, इस प्रभाव से एम2 फीनोटाइप को बढ़ावा देने वाला प्रभाव उत्पन्न होता है जो फैगोसाइटोस के लिए बेहतर है। सीडी 45 से भी एनएफ–केबी का डाउनरेगुलेशन दर्शाया गया है, जो शोथ उन्मुख साइटोकाइन का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक कारक है। हमने देखा है कि एमआईआर–155 में जेईवी संक्रमण द्वारा अतिअभिव्यक्त मानव माइक्रोग्लिया कोशिकाओं द्वारा सीडी45 अभिव्यक्ति का नियमन होता है। यह सीडी40 एम1 सक्रियण मार्कर का ऋणात्मक विनियामक है और संभवतः यह शोथरोधक अवस्था के उद्दीपन में सहायता देता है। इस मॉड्यूलेशन से तंत्रिकाओं को अत्यधिक क्षति से सुरक्षा मिलती है। अंत में एमआईआर –155 अतिअभिव्यक्त कोशिकाओं से जेईवी द्विगुणन में कमी आती है और माइक्रोग्लिया कोशिकाओं में वाइरस का भार कम होता है। निष्कर्ष के रूप में एमआईआर–155 अभिव्यक्ति जेईवी के द्विगुणन के सीमित रखने में शामिल हो सकता है। साथ ही एमआईआर–155 अभिव्यक्ति का उपयोग अत्यधिक तंत्रिका क्षति को सुरक्षित बनाने में जेईवी से उद्दीपित माइक्रोग्लिया कोशिका सक्रियण के मॉड्यूलेशन में किया जा सकता है। एमआईआर–155 द्वारा माइक्रोग्लिया सक्रियण की प्रक्रिया और जेईवी द्विगुणन के संदमन की खोजबीन अभी शेष है।

जेईवी द्विगुणन के संदमकों की युक्तिसंगत डिजाइन और विकास

अन्वेषक : दीपक शर्मा, सुधांशु व्रती

जेईवी ई प्रोटीन झिल्ली के साथ कोशिकाओं की संलग्नता और संलयन दोनों को माध्यित करता है। झिल्ली का संलयन ऐसी मुख्य घटना है जो आवरण युक्त वायरसों की कोशिकाओं में प्रविष्टि के दौरान होता है। जेईवी ई प्रोटीन की क्रिस्टल संरचना से प्रकट होता है कि यह सिर से पूंछ तक कैनोनिकल डाइमर के रूप में जुड़ती है, किंतु इसमें बहुत छोटा इंटरफेस होता है। जेईवी ई डाइमर दबे हुए सतही क्षेत्र का लगभग आधा होता है और इसमें प्रक्षेत्र 2 के अनेक संपर्क नहीं पाए जाते, जैसा अन्य फ्लेवी वायरस ई होमोडाइमर में देखा जाता है। परिणाम स्वरूप जेईवी ई डाइमर कम स्थिर होता है और इसलिए संदमकों के विकास के लिए इस विशेषता का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

जेईवी (3पी54.पीडीबी) और डेंगू (10केई.पीडीबी) की जांच एनपीटी पर आधारित उनकी आण्विक गतिकी (एमडी) सिमुलेशन द्वारा की गई थी जो 500 और 600 के तापमान पर की गई। डाइमरों के स्थाइत्व को परखने के लिए उच्च तापमान चुके गए थे। ये सिमुलेशन एक विशिष्ट विलायक परिवेश इस्तेमाल करते हुए पूरे गए। इन डाइमरों को तीनों अक्षों पर प्रोटीन की सतह से 8 एंगस्ट्रॉम में टीआईपी 3पी वॉटर बॉक्स के अंदर घोला गया था। इन प्रोटीनों और विलायक अणुओं के बीच कोई स्टेरिक टकराव रोकने के लिए डाइमरों का ऊर्जा न्यूनीकरण किया गया था। इन सभी सिमुलेशनों में 1एफएस का समय चरण और 8 एंगस्ट्रॉम का सीमाकरण व्यास इस्तेमाल किया गया था। आवधिक सीमा 37 की परिस्थितियों को इस्तेमाल करते हुए अनंत विलायक प्रणाली के समान स्थिति बनाई गई और कण जाल ऐवाल्ड योग विधि का उपयोग करते हुए विद्युत स्थैतिक विभव की गणना की गई थी। शेक और एफएफ 12एसबी बल क्षेत्रों का उपयोग करते हुए प्रोटीन प्राचलों के हाइड्रोजन प्रमाणुओं की

बीच बॉण्ड संकुचित किए गए। गतिकी के दौरान प्रत्येक पीकोसैकण्ड पर निर्देशांक सुरक्षित बनाए गए ताकि 2एनएस ट्रैजेक्टरी में ऐसी 200 संरचनाओं का सैट रखा जा सके। आरंभिक संरचना से औसत वर्गमूल विचलन (आरएमएसडी) की गणना में एंबर 12 का पीटीआरएजे मॉड्यूल अपनाया गया था।

जेईवी डाइमर को एमडी सिमुलेशन के विश्लेषण में डेंगू ई डाइमर की तुलना में कम स्थिर दर्शाया गया है। जेईवी के लिए आरएमएसडी और डेंगू ई डाइमर को 2एनएस सिमुलेशन के बाद 500 के पर क्रमशः 6.15 और 4.78 एंगस्ट्रॉम पाया गया। पुनः जेईवी डाइमर के मोनोमर पूरी तरह 187 पीएस द्वारा 16.55 एंगस्ट्रॉम होने के नाते आरएमएसडी के साथ 600 के पर पूरी तरह अलग हो गए थे, जबकि डेंगू की डाइमर 11.65 एंगस्ट्रॉम पर आरएमएसडी के साथ मोनोमर की आंशिक अनफोल्डिंग के बावजूद 217 पीएस द्वारा केन्द्रीय डाइमेरीकरण क्षेत्र पर जुड़े थे। अतः अगले अध्ययन जेईवी ई प्रोटीन मोनोमर के दुर्बल जुड़ाव को रोकने पर लक्षित होंगे।

भविष्य में जेईवी पी20778 –एलएबी विभेद के ई प्रोटीन डाइमर को 3पी 54.पीडीबी (एसए–14–14–2 विभेद का ई प्रोटीन) के आधार पर मॉड्यूलर की सहायता से तैयार किया जाएगा। इस डाइमर के एमडी सिमुलेशन 500 और 600 के पर एंबर 12 का उपयोग करते हुए बनाए जाएंगे। डाइमर इंटरफेस/संपर्क पर ज्ञात वाणिज्यिक यौगिक लगाए जाएंगे और इनकी संदमन क्षमता जांची जाएगी। वायरस के संक्रमण का अच्छा संदमन दर्शाने वाले यौगिकों की संरचना के विश्लेषण से संदमक गतिविधि हेतु जिम्मेदार कार्यात्मक समूहों का निर्धारण किया जाएगा। परिणामस्वरूप इन संदमकों को इनकी दक्षता और संभाव्यता में सुधार लाने के लिए पुनः संशोधित किया जाएगा।

अनफोल्ड प्रोटीन प्रतिक्रिया के संबंध में जेईवी संक्रमण के दौरान पोषी रोगाणु अंतःक्रियाओं का लाक्षणीकरण

अन्वेषक : शंकर भट्टाचार्य, उत्सव सेन, सुधांशु व्रती

जेईवी से तंत्रिका तंत्र को बहुत क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप मौत हो जाती है या जीवित रहने वालों में लंबे समय तक चलने वाली तंत्रिका तंत्र संबंधी दुर्बलताएं पाई जाती हैं। आण्विक स्तर पर साइटोकाइन उत्पादन में विस्फोट से लाक्षणीकृत पोषी की शोथ प्रतिक्रिया को तंत्रिका ऊतक की क्षति का कारण माना गया। फ्लेवी वाइरस में अन्य परिवारों से भिन्न वाइरस के समान संक्रमित कोशिकाओं में एक ईआर तनाव को अनफोल्ड प्रोटीन प्रतिक्रिया (यूपीआर) से पहचाना जाता है। ऐपॉप्टोसिस या एक निश्चित कोशिका मृत्यु के माध्यम से पोषी कोशिकाओं की अंत में मौत को इस यूपीआर का परिणाम माना जाता है। इसके अलावा एक यूपीआर से पोषी कोशिका चक्र और जन्मजात प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया को प्रभावित माना जाता है। जबकि संक्रमित जीवों में पोषी ऊतक को होने वाली क्षति में वायरस से उत्पन्न यूपीआर की भूमिका अभी स्पष्ट नहीं है। अतः जेईवी से उद्दीपित यूपीआर के लाक्षणीकरण से हमें आण्विक स्तर पर महत्वपूर्ण पोषी–रोगाणु अंतःक्रियाओं को बेहतर रूप से समझने और औषधी व्यवस्थाओं को डिजाइन करने में सहायता मिलेगी जो कम रोग दर और मृत्यु दर सुनिश्चित करने के लिए इस पोषी प्रतिक्रिया का नियंत्रण कर सके।

जेईवी उद्दीपित यूपीआर के लाक्षणीकरण के लिए चूहे की न्यूरोब्लास्टोमा सेल लाइन चुनी गई थी ताकि चूहा मॉडल अध्ययनों में प्रक्षेपण और सत्यापन आसान हो सके। इसके पहले हमने उच्च थ्रुपूट अगली पीढ़ी के क्रम प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जिसे संक्रमित कोशिकाओं में जीन अभिव्यक्ति पैटर्न के अनियमन का विचार मिला। इस अध्ययन में अनेक महत्वपूर्ण मार्ग दर्शाए गए जो अनियमित होते हैं जिसमें एपॉप्टॉसिस, कोशिका चक्र और बिना मुड़े प्रोटीन की प्रतिक्रिया शामिल है। उम्मीद के अनुसार जन्मजात प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर जीनों का अपरेगुलेशन देखा गया। दिलचस्प है कि गैर कोडिंग आरएनए अभिव्यक्त करने वाले अनेक जीन जिनमें माइक्रो आरएनए, एसएनओ आरएनए, टीआरएनए और लंबे नॉन कोडिंग आरएनए शामिल हैं, जिनमें अनियमन दर्शाया गया। इन बाद वाले जीनों की संभावित भूमिका वायरस संक्रमण को प्रभावित करने में है या किसी अन्य रूप में पोषी 38 प्रतिक्रिया में, यह ज्ञात नहीं है। इस अध्ययन की तीन आरंभिक प्राप्तियों को निम्नलिखित दिशा में आगे ले जाया जा रहा है :

जेईवी उद्दीपित यूपीआर का लाक्षणीकरण : तीन ईआर प्रतिरोधी संवेदक (आईआरई–1, पीईआरके और एटीएफ6) के सक्रियण द्वारा एक यूपीआर आरंभ किया गया है, जिससे जीन अभिव्यक्ति का लाक्षणिक पैटर्न आरंभ होता है। ये तीनों संवेदक अक्ष कुछ अनोखी अति अभिव्यक्ति दर्शाते हैं और कुछ अनावश्यक अनुलेखन कारक होते हैं जो या तो होमियोस्टेसिस को वापस लाने के लिए प्रयास करते हैं या एपॉप्टॉटिक मार्गों को सक्रिय बनाते हैं। होमियोस्टेसिस को दोबारा लाने के लिए प्रोटीन संश्लेषण उदासीन बनाया जाता है, ईआर–राइबोसोम से जुड़े एमआरएन का संघ विभाजित किया जाता है और बढ़ी हुई दक्षता के साथ ईआर गुहा विखंडन में प्रोटीन की गलत फोल्डिंग होती है। इसके अलावा अनेक चेपेरॉन अति अभिव्यक्त होते हैं जो ईआर गुहा में मुड़ने की क्षमता बढ़ाएंगे। जबकि इनमें से कुछ बदलाव वायरस को संक्रमित करने के लिए उत्पादक हैं, अन्य से वायरस जीवन चक्र में महत्वपूर्ण कार्यों को उदासीन बनाया जाएगा। अतः अनेक वायरसों से अनुकूल दिशा में संतुलन बनाने के लिए यूपीआर जीन अभिव्यक्ति को प्रभावित किया जाता है, जबकि उनके संदमक मार्गों

की जांच की जाती है। हम ट्रांसक्रिप्ट और जीनों से उत्पन्न प्रोटीन उत्पादों के स्तर पर जेईवी द्वारा पोषी संक्रमण पश्चात अवस्था में जीन अभिव्यक्ति रूपरेखा का लाक्षणीकरण कर रहे हैं जो बिना मुड़े प्रोटीन प्रत्युत्तर मार्ग का भाग हैं।

हमारे परिणाम दर्शाते हैं कि तीन मार्गों में से दो (पीईआरके और आईआरई–1) के दक्ष और बाधारहित सक्रियण होते हैं और वर्तमान अनुसंधान यह समझने पर निर्देशित है कि इन तीनों मार्गों में वायरस संदमक खण्ड किस प्रकार जेईवी संक्रमण के परिणाम को प्रभावित करते हैं। दिलचस्प है कि उन दवाओं से पीईआरके मार्ग को रोकने से, जिनका वायरस जीवन चक्र पर कोई प्रभाव नहीं है, आईआरई – 1 मार्ग के समान संदमन से वायरस के टाइटर में कमी आती है जो अब तक न समझी गई प्रक्रिया है। इसके अलावा मार्गों का औषधि माध्यित संदमन, जिससे पोषी प्रोटीन सहित पीआर निवासी वायरल प्रोटीन का संभावित विखंडन हो सकता है, इससे भी विखंडन कारकों की ओर रोगाणु उद्दीपित रिफ्रेक्शन दर्शाने वाले वायरस जीवन चक्र पर कोई प्रभाव नहीं होता है। जेईवी संक्रमित कोशिकाओं और उन कोशिकाओं में जो दोनों में से किसी एक यूपीआर उद्दीपित भैषजिक कारक से उपचारित हैं, यूपीआर संबंधी जीनों के अभिव्यक्ति पैटर्न की तुलना की गई है, जबकि अनुलेखन नियमन में हल्का अंतर दर्शाया गया है। इससे सुझाव मिलता है कि संभावित अनुलेखन पश्चात और / या ट्रांसलेशनल पश्चात नियमन होता है, जो वायरल द्विगुणन के लिए अधिक अनुकूल विधि द्वारा कोशिकीय प्रत्युत्तर में बदलाव करता है।

जीन अभिव्यक्ति का नियमन अनेक स्तरों पर कार्य करता है, जिन्हें व्यापक रूप से अनुलेखन और अनुलेखन पश्चात समूह में बांटा जा सकता है। माइक्रो आरएनए से महत्वपूर्ण जीनों के अनुलेखन पश्चात नियमन में महत्वपूर्ण योगदान बढ़ते दर्शाए गए हैं। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेईवी संक्रमित कोशिका ट्रांसक्रिप्टोम के लाक्षणीकरण में कोशिकीय माइक्रो आरएनए के पोषी का स्थिर अवस्था स्तर संभावित रूप से अनियमित होता है। इसी समय माइक्रो आरएनए का परिवर्तित अभिव्यक्ति पैटर्न मात्रात्मक आरटी–पीसीआर का उपयोग करते हुए सत्यापित किया जा रहा है। दिलचस्प है कि एमआईआर – 708, जो एक यूपीआर अक्ष के सक्रियण द्वारा अति अभिव्यक्त होता है, उच्च पुनः उत्पादन विधि में उल्लेखनीय रूप से अपरेगुलेटिड सिद्ध हुआ है। एमआईआरएनए की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका लक्ष्य एमआरएनए ट्रांसक्रिप्ट से प्रोटीन संश्लेषण से ऋणात्मक नियमन द्वारा निभाई जाती है। इससे उन जीनों की अभिव्यक्ति का डाउन रेगुलेशन होता है जो पोषी कोशिकाओं में यूपीआर के परिणाम का निर्धारण करने में अहम है। एक आरंभिक अध्ययन में इस एमआईआरएनए के लिए लक्ष्य ज्ञात करने के कोई आशाजनक परिणाम नहीं मिले। अतः हमने संभावित लक्ष्यों के निर्धारण के लिए जीनोमिक्स और प्रोटियोमिक्स को लेकर बहु दिशा मार्ग आरंभ किया है।

हम विशिष्ट यूपीआर संवेदक द्वारा सक्रिय जीन अभिव्यक्ति की संभावित भूमिका का भविष्य विशिष्ट संदमक या सक्रियक दवा के उपयोग से अध्ययन करेंगे। संक्रमित अनियमित माइक्रो आरएनए के संभावित लक्ष्य निर्धारित करने के लिए इन सिलिको और प्रायोगिक विश्लेषणों का भी अध्ययन किया जाएगा।

टीएचएसटीआई – आईएवीआई एचआईवी टीका डिजाइन कार्यक्रम

कार्यक्रम निदेशकः डॉ. बी. के. चक्रबर्ती

भारत में वैज्ञानिक क्षमता के निर्माण और संलग्नता के लिए यह कार्यक्रम बनाया गया है ताकि यह एचआईवी टीके के लिए वैश्विक अनुसंधान और विकास प्रयासों को बढ़ा सके, नवाचार सहित वैज्ञानिक ज्ञान को बांटने, वाणिज्यीकृत करने के समावेश हेतु सुदृढ़ प्रयास किए जा सकते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम नवाचार खोज घटक की संकल्पना हेतु तैयार किया गया है जैसे इम्युनोजन की डिजाइन। इसी के साथ इस कार्यक्रम में खोज घटक को सहायता देने के लिए छानबीन शामिल होगी ताकि नए एचआईवी – 1 आवरण पर आधारित इम्युनोजन को प्रत्याशी टीके के रूप में आगे बढ़ाया जा सके और इसके लिए उच्च थ्रुपूट (एचटी) कार्यनीतियों का उपयोग किया जाएगा। यह कार्यक्रम दुनिया भर में जांच के लिए प्रत्याशी टीकों को विस्तारित करने के प्रौद्योगिकी मंच को निर्मित करने और इसकी बढ़ाने पर लक्षित है, जिनसे इनका आमापन किया जा सके। विशिष्ट औद्योगिकी प्रकार का उच्च थ्रुपूट टीका डिजाइन, छानबीन और चयन प्रक्रिया प्रस्तावित है जिससे टीएचएसटीआई – आईएवीआई एचआईवी–1 टीका डिजाइन कार्यक्रम को बहु विषयक अंतःक्रिया की सुविधा बड़े पैमाने पर दी जा सकेगी और इस प्रकार यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांतों, उच्च गुणवत्ता विज्ञान और टीका उन्मुख अनुसंधान से प्रेरित होगा।

इस कार्यक्रम के प्राथमिक उद्देश्य हैं : 1) विभाजित, ट्राइमेरिक और कार्यात्मक एचआईवी–1 आवरण की पहचान भारतीय क्लैड – सी के विशेष संदर्भ के साथ जिसमें प्रत्याशी परीक्षण इम्युनोजन की पहचान का विशिष्ट लक्ष्य है जो उदासीनीकारक एपिटोप दर्शाते हैं किन्तु विभाजित ट्राइमेरिक आवरण स्पाइक्स पर गैर उदासीनीकारक एंटीबॉडी एपिटोप नहीं पाए जाते हैं। 2) बी–कोशिका सक्रियण पर आधारित प्रत्याशी इम्युनोजन की छानबीन एचआईवी –1 आवरण ट्राइमर को बी–कोशिकाओं के उद्दीपन के स्तर के लिए प्रोटीन के रूप में आकलित करने का विशेष लक्ष्य और 3) एंटीबॉडी की परिवर्ती श्रृंखला के लिए लिनिएज के उपयोग के अध्ययन हेतु भारतीय रोगियों से एंटीबॉडी को अलग करना तथा एचआईवी – 1 धनात्मक सीरम की विशिष्ट छानबीन के लक्ष्य के साथ इम्युनोजन की डिजाइन तैयार करना जो गंभीर रूप से संक्रमित भारतीय रोगियों से प्राप्त किए गए हैं और इनमें व्यापक तथा संभावित उदासीनीकारक एंटीबॉडी की पहचान और लाक्षणीकरण तथा इनकी जर्मलाइन लिनिएज और एंटीबॉडी उदासीनीकरण के स्तर के बीच संबद्धता की जांच करना।

डॉ. चक्रबर्ती के साथ उनकी टीम : बाएं से दाएं
डॉ. जे. भट्टाचार्य, डॉ. एस. बोलियार, सुश्री शिल्पा पाटिल, श्री मोह. आरिफ, श्री बी एन शुक्ला, श्री मनीष बंसल और श्री एस. गोस्वामी

कोशिका सतह पर एचआईवी–1 ईएनवी अभिव्यक्ति के विभाजन की सुविधा हेतु एचआईवी–1 आवरण में उत्परिवर्तनों की पहचान और लाक्षणीकरण

प्रधान अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य

अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य एस. बोलियार

एचआईवी–1 आवरण के विभाजन घटक और दोषपूर्ण विभाजन का उपयोग करते हुए (चक्रबर्ती आदि, 2011, एड्स रैस. ह्यू. रेट्रो वायरस, 27 : 877 – 87, पानसेरा एम आदि 2005, वायरोलॉजी, 332 : 145–156) हम आवरण विभाजन की सुविधा देने वाले अवशेषों की जांच कर रहे हैं। इस प्रयास में अनेक आवरण क्रमों के साथ समजात तुलना करने के माध्यम से हमने पूरी तरह विभाजित और आंशिक या अविभाजित आवरणों के बीच स्थान 187 और 197 पर दो बदलाव देखे हैं। हमने 293–टी कोशिकाओं का उपयोग करते हुए कोशिका सतही बंधन आमापनों में जीपी120 में उत्परिवर्तन बिन्दु (उदाहरण के लिए एन187डी और डी197एन) बनाए हैं ताकि कोशिका सतह पर आवरण के विभाजन के स्तर पर इन उत्परिवर्तनों के प्रभाव की जांच की जा सके। जबकि हमें विस्थापन के कारण आवरण में विभाजन के कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं मिले। पूर्ण विभाजित एचआईवी–1 आवरण के लिए चिह्नकों को अभिज्ञात करने का कार्य प्रगति पर है।

उदासीनीकारक और गैर उदासीनी कारक एंटीबॉडी की संवेदनशीलता के साथ आवरण विभाजन के स्तर की जांच

प्रधान अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य

अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य एस. बोलियार

ज्ञात चिह्नकों को शामिल करते हुए (शैन एक्स आदि 2010, प्रो. नेच. अका. सा. यूएसए, 107 : 5972–7, ब्लिश, सीए आदि, 2008, प्लॉस मैड 5 : ई9, रिंग आर आदि, 2012 प्लॉस वन, 7 (10) : ई46713) दोनों प्रयोगशालाओं में भिन्न आनुवंशिक पृष्ठभूमि के प्रयोगशाला अनुकूलित और रोगी से उत्पन्न एचआईवी – 1 आवरण जैसे क्लैड ए, बी, सी, बी / सी, ए / जी के लिए हमने विभाजन को प्रोत्साहन देने वाले अभिकारकों की उपस्थिति तथा अनुपस्थिति में विभाजन के स्तर के बीच इनके संबंध का आकलन आरंभ किया है (आवरण का ट्राइमेराइजेशन) (उदाहरण के लिए फ्यूरिन)। आरंभिक आंकड़ों से संकेत मिलता है कि प्लाज्मिड अभिव्यक्त करने वाले फ्यूरिन के सह संक्रमण के कारण वायरस का टाइटर पर्याप्त रूप से बढ़ गया है और इसके साथ कोशिका सतह पर एचआईवी – 1 आवरण की अभिव्यक्ति करने वाले प्लाज्मिड ही बढ़ गए हैं। अब हम उदासीनीकारक एंटीबॉडी के विभाजन और प्रतिरोधकता या संवेदनशीलता के बीच सह संबंध आकलन करने की प्रक्रिया में हैं। पुनः इस अध्ययन से जानकारी मिलेगी, जो आगे आकलन में उचित इम्युनोजन की डिजाइनिंग के लिए आवरण का आधार चुनने में प्राथमिकता तय करने में सहायक होगी।

भारतीय रोगियों से व्यापक रूप से उदासीनीकारक एचआईवी – 1 एंटीबॉडी पृथक्करण

प्रधान अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य

अन्वेषक : बी. के. चक्रबर्ती, जे. भट्टाचार्य एस. बोलियार

सहयोगकर्ता : वाय आर जी केयर, चेन्नई

वाय आर जी केयर, चेन्नई के सहयोग से हम तीसरे उद्देश्य को आरंभ करने के लिए एचआईवी–1 धनात्मक रोगी नमूने प्राप्त करने के लिए तैयार हो गए हैं। इस विषय में हमने एचआईवी–1 से संक्रमित भारतीय रोगियों के सीरा की छानबीन के लिए विभिन्न एचआईवी–1 आवरण के साथ छद्म प्रकार के वायरस का मानक पैनल तैयार किया है। हमने विभिन्न उदासीनीकारक और गैर उदासीनीकारक एंटीबॉडी की संवेदनशीलता के आधार पर इन छद्म वायरसों के साथ मानकीकरण आरंभ किया है। एचआईवी–1 धनात्मक रोगियों की इस छानबीन से हमें एचआईवी–1 से संक्रमित

भारतीय रोगियों से प्राप्त सीरा में मौजूद व्यापक और संभावित विषम उदासीनीकारक एंटीबॉडी / एंटीबॉडीज़ को अभिज्ञात करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा हम व्यापक रूप से उदासीनीकारक एंटीबॉडी की जर्मलाइन के प्रीकर्सर की पहचान और लाक्षणीकरण के लिए भी अपने अध्ययन आगे बढ़ाएंगे। इस सभी जानकारी का उपयोग एचआईवी–1 संक्रमण रोकने के लिए टीके के विकास हेतु इम्युनोजन की बेहतर डिजाइनिंग के लिए किया जा सकता है।

टीका और टीका प्रौद्योगिकियों का विकास

कार्यक्रम निदेशक : डॉ. सुधांशु व्रती

इस कार्यक्रम का लक्ष्य चिकित्सा की दृष्टि से महत्वपूर्ण रोगाणुओं के खिलाफ टीकों और प्रत्याशी टीकों तथा पुनर्योगज टीकों को बनाने के लिए एंटीजन की प्रदायगी हेतु नए उपयोगी वायरस कारकों का विकास करना है। इन कारकों को अतिरिक्त रूप से जीन उपचार में इस्तेमाल किया जा सकता है।

एक ओरल रोटावायरस टीका 116ई का चिकित्सीय विकास

अन्वेषक : सुधांशु व्रती

सहयोगकर्ता : नीता भंडारी और तेमसुनारो रोंजसेन – चंडोला, एसएएस, नई दिल्ली; गगनदीप कैंग, सीएमसी, वेल्लोर, आशीष बावदेकर, केईएम, पुणे

रोटावायरस संक्रमणों से हर वर्ष लगभग 5,00,000 मौतें होती हैं और इनमें प्रमुख रूप से विकासशील देश शामिल हैं। भारत में 250 में से एक बच्चे की मौत रोटावायरस से होने वाले डायरिया द्वारा होती है और लगभग 125,000 रोटावायरस से होने वाली मौतें 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में प्रति वर्ष होती हैं। रोटावायरस टीके का विकास और परिचय इसीलिए दुनिया भर में उच्च प्राथमिकता पाता है। हाल ही में आरंभ दूसरे चरण के अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि 116ई ओरल रोटावायरस टीका नवजात बच्चों में अत्यंत इम्युनोजेनिक है। इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि टीके की 104 एफएफयू और 105 एफएफयू खुराक को तीन बार देना सुरक्षित था तथा 116ई की 105 एफएफयू खुराक तीन बार देने के पश्चात एक ठोस प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर दर्शाती है। अब हमारा आशय तीसरे चरण द्वारा इस टीके का क्लिनिकल विकास करना है।

इस वर्ष टीके की तीसरे चरण की दक्षता ट्रायल की गई थी। यह एक यादृच्छिक, दोहरी ब्लाइंड, प्लासेबो नियंत्रित ट्रायल है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य ओआरवी 116ई 105 एफएफयू की तीन खुराकों की दक्षता का मूल्यांकन कम से कम 14 दिनों तक होने वाले गंभीर रोटावायरस गैस्ट्रोइंटेराइटिस के खिलाफ परीक्षण मद की तीसरी खुराक के बाद करना है। ओआरवी–116ई की तीन खुराकें नियमित बाल्यावस्था टीकों (पेंटावेंलेंट टीका, ओपीवी) 6–7 सप्ताह, 10 सप्ताह और 14 सप्ताह की उम्र पर दिया जा रहा है। दिल्ली, पुणे (महाराष्ट्र) और वेल्लोर (तमिलनाडु) में 6800 व्यक्तियों का नामांकन किया गया है और 2 वर्ष की आयु तक इनका अनुवर्तन किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए अनेक परीक्षण स्थल चुने गए हैं कि टीका भारत की अलग अलग भौगोलिक व्यवस्थाओं में कार्य करता है। दक्षता के परिणाम नामांकन से लेकर दो वर्ष की आयु तक होने वाले गैस्ट्रोइंटेराइटिस की सभी घटनाओं को सुनिश्चित करने और इनके प्रलेखन के जरिए मापे जा रहे हैं। टीके की इम्युनोजेनेसिटी का आकलन रोटा वायरस विशिष्ट आईजीए एंटीबॉडी टाइटर में व्यक्तियों के उप समूह को तीसरी खुराक देने के 4 सप्ताह बाद होने वाली चार गुना वृद्धि के माध्यम से किया जाएगा। वायरस के बाहर निकलने की दर का आकलन दिन 0 (टीका देने से पहले), 3 और 7 दिनों में किया जाएगा तथा ''इम्युनोजेनेसिटी और वायरल शेडिंग उप समूह'' में इसे मापा जाएगा। प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ गुणवत्ता नियंत्रित प्रक्रम वाली एक जीएलपी अनुरूप प्रयोगशाला स्थापित की गई है। टीका दक्षता तथा इम्युनोजेसिटी के लिए दो वर्ष के अध्ययन के परिणाम इस परीक्षण के अंत तक उपलब्ध होंगे, जिसके अक्तूबर 2013 में पूरा हो जाने की आशा है।

गैर मानव एडिनो वायरस आधारित टीका प्रदायगी वाहकों का विकास

अन्वेषक : मोहन बाबू एप्पैहगरी और सुधांशु व्रती

सहयोगकर्ता : अमरजीत सिंह, जीएडीयू, लुधियाना; बलदेव आर. गुलाटी, एनआरसीई, हिसार; के. कुमान्न, एमवीसी, चेन्नई और मीनाक्षी, सीसीएसएचएयू, हिसार

एडिनो वायरस महत्वपूर्ण रोगाणु हैं, खास तौर पर उनकी व्यापक कोशिका ट्रोप्रिज्म और मानव सहित बड़ी संख्या में जंतुओं को संक्रमित करने के लिए उनकी क्षमता के कारण। एडिनो वायरस का संक्रमण आम तौर पर हल्के या लक्षण रहित रोग के रूप में दिखाई देता है। इन गुणों के कारण इन्हें व्यापक रूप से प्रदायगी वाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जबकि मानव एडिनो वायरस प्रकार 5 (एडी5) आधारित वाहक को मनुष्यों ने जीन / टीका प्रदायगी के लिए सर्वाधिक उपयुक्त वाहक माना गया था, फिर भी हाल ही में एचआईवी परीक्षण आरंभ किया गया जिसमें इस वाहक को एक टीका प्रदायगी वाहन के रूप में इस्तेमाल किया गया जो इसके क्लिनिकल उपयोग पर गंभीर शंकाएं पैदा करता है। मानव एडिनो वायरस को अलग और लाक्षणीकृत करने के लिए बहुत अधिक दिलचस्पी दर्शाई गई है जो मानव में एक प्रदायगी वाहक के रूप में इस्तेमाल किए गए। इस दिशा में हम एडिनो वायरस से संक्रमित होने वाले घरेलू जानकारों और पक्षियों को भारत के विभिन्न भागों से प्राप्त क्लिनिकल नमूनों का संग्रह कर रहे हैं। इसके पहले हमने फाउल, बोवाइन और इक्वाइन का उपयोग करते हुए एडिनो वायरस की उपस्थिति में क्षेत्र के अनेक नमूनों की छानबीन की। पीसीआर द्वारा एडिनो वायरस विशिष्ट ओलिगो को एडिनो वायरस धनात्मक नमूनों में अभिज्ञात किया गया है। इनमें से तीन एडिनो वायरस नमूने बोवाइन (बीएवी / एन

131, बीएवी / एन 134 – इन दोनों को हिसार क्षेत्र के नाक के नमूनों से लिया गया है और बीएवी / एफ 14 – इसे लुधियाना क्षेत्र से प्राप्त मल के नमूनों से जमा किया गया है)। फाउल (एफएवी / बी 1–7) और इक्वाइन (ईएवी /एचएन / एनएस – ये सभी नमूने हिसार क्षेत्र से नाक से प्राप्त किए गए हैं) के नमूने आगे अध्ययन में शामिल किए गए हैं। हमने प्रत्येक संक्रमित फाउल और बोवाइन से एटीसीसी द्वारा तीन एडिनोसाइन सिरोटाइप प्राप्त किया है, जिन्हें वेब आधारित सर्वेक्षण द्वारा उन सिरोटाइप को अभिज्ञात करने के लिए चुना गया था, जिनकी खोज एक प्रदायगी एजेंट के रूप में की जाती थी। तीन एटीपीसी बोवाइन एडिनोसाइन सिरोटाइप (बीएवी6, बीएवी7 और बीएवी8) का उपयोग करते हुए हमने सिद्ध किया है कि मानव जाति में इ एडिनो वायरस के साथ परखने पर उदासीनी कारक प्रतिरक्षा नहीं पाई जाती।

एटीसीसी से प्राप्त तीन बोवाइन एडिनो वायरस सिरोटाइप और क्षेत्र के नमूनों से एक फाउल एडिनो वायरस को अलग किया गया और इन्हें बड़े पैमाने के संवर्धनों में तैयार किया गया तथा आयोडिक्सानॉन घनत्व गुणांक पर शुद्ध किया गया। सभी चार एडिनो वायरस से जीनोमिक डीएनए निकाला गया और इसे अगली पीढ़ी के क्रम में लोन–टोरेंट का उपयोग करते हुए डाला गया। नमूने पर बार कोड लगाए गए और इन आंकड़ों का विश्लेषण टोरेंट सूट संस्करण 3.2 का उपयोग करते हुए किया गया। इस विश्लेषण से प्राप्त लघु क्रम पाठों को छांट कर पोषी कोशिका संदूषक अलग किए गए और इस कंटिग प्रक्रिया को जारी रखने के लिए एमआईआरए असम्ब्लर का उपयोग किया गया। इन कंटिग क्रमों में एनसीबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध संपूर्ण जीनोम डेटाबेस की तुलना में ब्लास्ट किया गया ताकि प्रत्येक वायरस के नजदीकी संबंधी को ज्ञात किया जा सके। इस विश्लेषण के आधार पर एफएवी / बी1–7 को फाउल एडिनो वायरस (एनसी–015323.1) जीनोम, बीएवी 6 और बीएवी 8 को बोवाइन एडिनो वायरस डी (एनसी–002685.2) और बीएवी 7 के साथ बोवाइन एडिनो वायरस एफ प्रजाति तथा एटाडेनो वायरस जीनस के अन्य सदस्य भी इसमें शामिल हैं। इसके बाद हमने फाउल एडिनो वायरस सी जीनोम के वायरस एफएवी / बी 1–7 के लिए सभी कंटिग (1800 से अधिक) तैयार किए जिसमें संदर्भ जीनोम से बहुत अधिक समानता रखने वाले वायरस की पहचान का मानदण्ड है। इस विश्लेषण का उपयोग करते हुए हमने फाउल एडिनो वायरस सी (एनसी–015321.2) जीनोम के साथ अधिकतम समानता वाले लगभग 100 कंटिग अभिज्ञात किए हैं। इसके बाद इन्हें एक



चित्र 5 : फाउल एडिनो वायरस बी 1 – 7 आइसोलेट के जीनोम संगठन का आरेख निरुपण *आगे की दिशा में बनाए गए तीर ऊपरी स्ट्रैंड से कोड किए गए जीन उत्पाद दर्शाते हैं, जबकि विपरीत तीर उन्हें दर्शाते हैं जो निचले स्ट्रैंड से एनकोड किए गए हैं। पीले रंग में दर्शाए गए जीन उत्पाद वे हैं जो कम से कम एक एमिनो एसिड के साथ लंबाई में उनके साथ तुलनात्मक रूप से अंतर रखते हैं जो संदर्भ एफएवी सी (एनसी–015323.1) द्वारा एनकोड किए जाते हैं। दाईं दिशा में तीर (लाल) प्रमुख विलंबित प्रमोटर (एमएलपी) की स्थिति और लंबाई दर्शाते हैं, जो संदर्भ एफएबीसी जीनोम में से एक के साथ 98 प्रतिशत समान हैं। बाएं और दाएं ब्रेस (लाल) केन्द्रीय जीनोमिक क्षेत्र की सीमाएं दर्शाती हैं। भूरे बॉक्स / बार रिपीट हिस्से दर्शाते हैं। एलआईटीआर – बाईं ओर रूपांतरित टर्मिनल रिपीट, आरआईटीआर – दाईं ओर रूपांतरित टर्मिनल रिपीट।*

साथ रखा और जोड़ा गया ताकि एक संपूर्ण जीनोम बनाया जा सके। इस प्रकार समूचा जीन 77 बीपी क्षेत्र के अलावा पूरी तरह जोड़ा जा सकता है जो पीएक्स जीन का भाग था। यह और यह अन्य अस्पष्ट क्षेत्र प्राइमर आधारित पीसीआर के संवर्धन से जोड़े गए क्रम के आस पास के क्षेत्र में और संपूर्ण जीनोम स्थापित करने के लिए सेंगर विधि से इनके क्रम ज्ञात किए गए। जीनोम में कोडिंग क्षेत्र न्यूनतम 50 एए (फाउल एडिनो वायरस जीनोम के लिए संस्तुत) की न्यूनतम सीमा के साथ एनसीबीआई ओआरएफ फाइंडर प्रोग्राम का उपयोग करते हुए अभिज्ञात किए गए थे। इस प्रोग्राम का उपयोग करते हुए ऐसे 45 ओआरएफ अभिज्ञात किए गए थे, जिन्हें एनसी–015323.1 जीनोम के लिए वर्णित विधि में ब्लास्ट किया गया था। इन ओआरएफ का लगभग 70 प्रतिशत संदर्भ जीनोम के लंबाई में समान था। सबसे महत्वपूर्ण है कि इन केन्द्रीय जीनोमिक क्षेत्रीय वाला ओआरएफ आम तौर पर जीनस का सामान्य जीन माना जाता है, ये ओआरएफ की तुलना में बी 1–7 आइसोलेट और एनसी – 015323.1 के बीच अधिक संरक्षित थे। इसी प्रकार विपरीत टर्मिनल रिपीट (आईटीआर) और जीनों में अन्य रिपीट को संदर्मित जीनोम से इन रिपीट को जोड़ कर या ऑनलाइन सॉफ्टवेयर द्वारा अभिज्ञात किया गया था (चित्र 5)।

ओलिगो न्यूक्लियोटाइड प्राइमर बाएं और दाएं सिरे के क्रमों का प्रवर्धन करते हैं जो उपरोक्त क्रम को एक टेम्प्लेट के रूप में उपयोग करते हुए डिजाइन किए गए थे। प्रवर्धित उत्पाद की क्लोनिंग की गई और इन्हें दोनों सिरों पर पीएसीएल साइट के साथ विपरीत अभिविन्यास में एक साथ जोड़ा गया और पीएमईएल साइट पर मध्य में दो प्रभाजों को अलग किया गया। पुनः गैर फाउल कोशिका प्रकारों को संक्रमित करने के लिए एफएवी / बी 1–7 की क्षमता की भी जांच की गई। जबकि उच्च टाइटर वाले भंडारों का उपयोग करते हुए अभी विश्वसनीय साक्ष्य स्थापित करने बाकी हैं, आरंभिक विश्लेषण से सुझाव मिलता है कि वायरस बेशक कम से कम मनुष्य (एचईएलए), बोवाइन (एमडीबीके) और पोर्साइन (पीएस) उद्भव के एक कोशिका प्रकार को संक्रमित करने तथा म्यूरिन उद्भव (एनएच–3टी3 और जे774ई) के कम से कम दो कोशिका प्रकारों को संक्रमित करने की क्षमता है।

वर्तमान में बीएवी6 और बीएवी8 के लिए उत्पन्न कंटिग क्रम को बोवाइन एडिनो वायरस डी (एनसी – 002685.2) जीनोम को संदर्भ के रूप में लेकर इन सिरोटाइप के लिए संपूर्ण जीनोम क्रम बनाने हेतु जोड़ा जा रहा है। बीएवी एफ प्रजातियों के लिए कोई संपूर्ण संदर्भ क्रम उपलब्ध नहीं, अतः बीएवी 7 के लिए कंटिग क्रमों के डी नोवो समुच्चय द्वारा इसे स्थापित किया जाएगा। एफएबी / बी1–7 के संबंध में संक्रामक क्लोन वायरल जीनोम तथा माध्यमिक क्लोन के बीच समजात पुनर्योजन द्वारा उत्पन्न किए जाएंगे। इसके बाद वायरल जीनोम में अनेक स्थानों की पहचान की जाएगी जो ट्रांसजीन डालने के लिए उपयुक्त हैं। तीन बोवाइन एडिनो वायरस (हिसार क्षेत्र से दो आइसोलेट और लुधियाना क्षेत्र से एक आइसोलेट) तथा एक इक्वाइन एडिनो वायरस (हिसार क्षेत्र से) के संबंध में क्षेत्र नमूनों से प्राप्त करने के बाद हमारा तात्कालिक उद्देश्य इनकी संपूर्ण क्रम सूचना स्थापित करना है। इसके बाद इन आइसोलेटों के साथ बोवाइन (एन131 या एफ14) और इक्वाइन (एच 9 / एनएस) एडिनो वायरस के साथ इन आइसोलेटों के एमिनो एसिड के क्रम की तुलना द्वारा संबंधित संग्रह केन्द्रों से अन्य बोवाइन और इक्वाइन नमूनों की हैक्सोन जीन आधारित छानबीन की जाएगी। इस प्रकार अभिज्ञात आइसोलेटों का क्रम पूरी तरह ज्ञात किया जाएगा और प्रदायगी वाहक के रूप में इनके उपयोग का लाक्षणीकरण किया जाएगा।

ओवाइन एडिनो वायरस का एक टीकावाहक के रूप में उपयोग

अन्वेषक : मोहन बाबू एप्पैहगरी और सुधांशु व्रती

सहयोगकर्ता : जीडब्ल्यू बोथ, बीईपी, ऑस्ट्रेलिया

ओवाइन एडिनो वायरस वाहक का विकास किया गया है जिसे जीन उत्पादन में उपयोग किया जाता है। जबकि टीका प्रदायगी वाहक के रूप में इसकी संभाव्यता अभी खोजी जानी शेष है। हमने पुनर्योगज बोवाइन एडिनो वायरस बनाए हैं जो जेईवी के आवरण प्रोटीन को अभिव्यक्त करते हैं। इस प्रोटीन का उपयोग जेईवी संक्रमण के जंतु मॉडल में पुनर्योगज वाहक की दक्षता परखने में किया जा रहा है।

जेईवी आवरण प्रोटीन (आरओएडीवीई) के पुनर्योगज बोवाइन एडिनो वायरस के अभिव्यक्ति के स्रावी रूप मानव कोशिकाओं में पुनर्योगज जेईवी–ई प्रोटीन अभिव्यक्त करने की क्षमता के संबंध में आरएडीई (पुनर्योगज एडी5 अभिव्यक्त करने वाले जेईवी आवरण प्रोटीन के बराबर अच्छे हैं) पुनः, हमने यह भी दर्शाया है कि आरओएडीवीई को 108 पीएफयू / चूहा और 109 पीएफयू / चूहा की दर पर तीन खुराकें देने से यह उदासीनीकारक प्रतिरक्षा के उद्दीपन में 108 पीएफयू / चूहा की दर पर देने के साथ तुलना योग्य था। अब हम चूहे में जेईवी चुनौती मॉडल में इंट्रा सेरीब्रल अवस्था में पुनर्योगज ओवाइन एडिनो वायरस की सुरक्षात्मक दक्षता का अध्ययन करेंगे। इन चूहा समूहों में प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर का आकलन जेईवी विशिष्ट एलाइजा और पीआरएनटी 50 जांचों द्वारा किया जाएगा। पुनः विभिन्न प्रतिरक्षी चिह्नकों के लिए इन सभी चूहा समूहों में साइटोकाइन प्रोफाइलिंग और कोशिका आधारित आमापन किए जाएंगे। अंत में आरएडीई प्रतिरक्षित समूहों के आंकड़ों की तुलना आरओएडीवीई से प्रतिरक्षित समूहों के साथ इसकी प्रतिरक्षी संभाव्यता और सुरक्षात्मक दक्षता समझने के लिए पहले से मौजूद एडी5 प्रतिरक्षा की उपस्थिति तथा अनुपस्थित दोनों में की जाएगी।

माइकोबैक्टीरियम बोविस बीसीजी का एक टीका वाहक के रूप में उपयोग

अन्वेषक : रोहन धीमन, मोहन बाबू एप्पैहगरी और सुधांशु व्रती

सहयोगकर्ता : रमनदीप

जीवित बैक्टीरिया वाहकों का उपयोग विभिन्न प्रकार के रोगाणुओं के एंटीजन अभिव्यक्त करने में व्यापक रूप से किया गया है। माइको बैक्टीरियम बोविस बीसीजी का उपयोग तपेदिक के खिलाफ शिशुओं के प्रतिरक्षण में करने से आरंभिक बाल्यावस्था के दौरान प्रचलित रोगों के लिए एक पुनर्योगज वाहक के तौर पर उपयोग की संभाव्यता प्रस्तुत करता है। बच्चे जेईवी संक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं और एक पुनर्योगज माइकोबैक्टीरियम बोविस बीसीजी अभिव्यक्त करने वाले जेईवी आवरण प्रोटीन आकर्षक टीका प्रत्याशी हो सकते हैं। अतः हम जेईवी के खिलाफ टीकाकरण में इसकी संभाव्यता परखने के लिए माइकोबैक्टीरियम बोविस बीसीजी को अभिव्यक्त करने वाले जेईवी आवरण प्रोटीन निर्मित करने का प्रयास कर रहे हैं।

सबसे पहले एमवायसी–टैग्ड सी–पीआरएम–ई (एमएसआरटी2), सी–पीआरएम–ई (एमएसआरटी4) और ई (एमएसआरटी6) क्षेत्रों को सीडीएनए से संवर्धित किया जो बीसीजी–एजी85बी सिगनल क्रम के साथ और उसके बिना जेईवी आरएनए से बनाए गए तथा इन्हें ई कोलाई – माइकोबैक्टीरियल शटल वाहक पीएसडी5ए 37 और पीटीईटीआर में क्लोन किया गया। पीएसडी5ए37 में अभिव्यक्ति ए37 प्रमोटर के अधीन की गई है जबकि पीटीईटीआर में अभिव्यक्ति एटीसी से उद्दीपन योग्य प्रमोटर के नियंत्रण में है। पीएसडी5बी में क्लोनिंग के परिणाम स्वरूप पीएसडीआर2, पीएसडीआर4, पीएसडीआर6 में की गई (जहां पी सिगनल क्रम दर्शाता है), एसडीआरटी2, एसडीआरटी4 और एसडीआरटी6 क्लोन जबकि पीटीईटीआर के परिणामस्वरूप पीटीईटीआरटी2, पीटीईटीआरटी4, पीटीईटीआरटी6, टीईटीआरटी2, टीईटीआरटी4 और टीईटीआरटी6 क्लोन बने। डीएनए क्लोनिंग की पुष्टि प्रतिबंध एंडोन्यूक्लिएस पाचन द्वारा, पीसीआर संवर्धन और जीन क्रम द्वारा की गई। अभिव्यक्ति अध्ययनों के लिए पहले इन वाहकों को एम स्मैग्मेटिस एमसी2155 विभेद में रूपांतरित किया गया और 7 एच11 अगार प्लेट पर डाला गया जिसमें पीएसडी5ए37 के लिए केनामाइसिन (25 माइक्रो ग्राम / मि.ली.) और हाइग्रोमाइसिन (50 माइक्रो ग्राम / मि.ली.) पीटीईआर हेतु डाला गया। पीटीईटीआर के इलेक्ट्रोपोरेशन पर प्राप्त होने वाले ट्रांसफॉर्मेंट में ओडी0.2 तक संवर्धन उगाए गए और 24 घण्टे तक एटीसी (50 नैनो ग्राम / मि.ली.) द्वारा उद्दीपित किया गया। प्रेरण के 24 घण्टे बाद कोशिकीय प्रभाज (कोशिका भित्ति, झिल्ली और साइटोसॉल) तैयार किए गए थे, तथा प्रोटीन अभिव्यक्त की जांच वेस्टर्न ब्लॉटिंग द्वारा एमवाय सी एंटीबॉडी को टीईटीआरटी2, टीईटीआरटी6 और पीटीईटीआरटी6 में उपयोग किया गया। हमें केवल टीईटीआर6 की कोशिका भित्ति और झिल्ली में एमवायसी – संलयन प्रोटीन अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है। प्रोटीन अभिव्यक्ति की जांच विभिन्न प्रभाजों और बचे हुए पीटीईटीआर और पीएसडी5 पुनर्योगज क्लोन के संवर्धन सुपरनेटेंट में की जाएगी। इन सभी वाहकों को एम बोविस बीसीजी में रूपांतरित किया जाएगा और अभिव्यक्ति अध्ययन किए जाएंगे, जैसा कि पहले बताया गया है।

लेवी वायरस के जीवन चक्र में मेजबान – रोगाणु अंतःक्रियाएं

प्रधान अन्वेषक : डॉ. गुरूप्रसाद मेडिगेशी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संक्रमण के कोशिका संवर्धन मॉडल में फ्लेवी वायरस के जीवन चक्र में वायरस और मेजबान के बीच परस्पर क्रिया को समझना, और इन विट्रो जांच में वायरस की प्रतिकृति को रोकने में सक्षम अवरोधकों की खोज करना और पशु मॉडल, जहां उपलब्ध हो, में मान्य करना है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य में डेंगू वायरस (डीईएनवी) से संक्रमित रोगियों में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया का लक्षण निर्धारण और रोग की गंभीरता के पूर्व संकेतकों की पहचान करना है।

डॉ. मेडिगेशी (बीच में) अपनी टीम के साथ बाएं श्री विजय कुमार एस.आर., सुश्री तन्वी अग्रवाल, सुश्री रिंकी कुमार, सुश्री मनीषा भारद्वाज, सुश्री संपदा सान्याल और श्रावणी वी.

जापानी मस्तिष्क ज्वर और डेंगू वायरस के जीवन चक्र में टायरोसिन काइनेस की भूमिका

अन्वेषक : तन्वी अग्रवाल, श्रावणी, वी. राजगोकुल, के. एस. और मनीषा भारद्वाज

देखा गया है कि टाइरोसिन काइनेसिस (टीके) की फ्लेवी वायरस के जीवन चक्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, फ्लेवी वायरस रोगजनन में क्रियाविधि तंत्र और टीके संकेतक की जांच नहीं की गई है।

इन टीके की पहचान करने के लिए, जो फ्लेवी वायरस संक्रमण के पैदा होने के लिए आवश्यक हैं, 88 मानव टाइरोसाइन काइनेसेस को लक्ष्य करते हुए टीके एसआई आरएनए से एचयूएच –7 कोशिकाओं को ट्रान्सफेक्ट किया गया। ट्रांसफेक्शन के 48 घंटे बाद कोशिकाएं जापानी एन्सेफेलाइटिस वायरस (जेईवी) या डेंगू वायरस 2 (डीईएनवी2) से संक्रमित थीं। सुपरनेटेंट में वायरल अनुमापांक के प्लाक की जांच द्वारा अनुमान लगाया गया था जेईवी और डीईएनवी, दोनों के दो स्क्रीनिंग राउंड और लक्ष्य से भिन्न प्रभावों वाले एसआई आरएनए के आगे समावेशन के बाद हमने एसआई आरएनए, एसआई 10 और एसआई 53 की पहचान की है, जो डीईएनवी संक्रमण और एसआई 53 के सतत अवरोधक हैं लेकिन एसआई 10 जो सतत अवरोधक नहीं है वह भी जेईवी संक्रमण का अवरोध करता हुआ देखा गया। इसके अलावा, हमने दो एसआई आरएनए, जिनसे डीईएनवी में वृद्धि हुई और चार ऐसे एसआई आरएनए, की भी पहचान की है, जिनसे जेईवी संक्रमण में बढ़ोत्तरी हुई है। चूंकि एसआई आरएनए, लाइब्रेरी में चार एसआई आरएनए, स्मार्ट पूल हैं, एकल एसआई आरएनए, पर संघात प्रयोग कर ज्ञात एसआई आरएनए के अवरोधक प्रभाव के आगे मान्यीकरण का कार्य प्रगति पर है।

हमने सफलतापूर्वक मानव टाइरोसिन काइनेसिस के लिए एसआई आरएनए की स्क्रीनिंग पूरी कर ली है और वायरस संक्रमण के अवरोधकों व वर्धकों, दोनों के लिए सकारात्मक हिट्स की पहचान की है। फ्लेवी वायरस रोगजनन में इन के क्रिया–तंत्र को चित्रित करने हेतु आगे प्रयोग किए जा रहे हैं।

बाल डेंगू रोगियों में रोग की गंभीरता से सहसंबद्धता की पहचान

अन्वेषक : श्रावणी, वी., राजगोकुल, के.एस. और तसलीम आरिफ*

(* बाल रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान)

सहयोगी : डॉ. अनमोल चंदेल, आईसीजीईबी – एमोरी वैक्सीन रिसर्च सेंटर, डॉ. राकेश लोधा और प्रो एस. के. काबरा, बाल रोग विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

भारत में अब डेंगू वायरस संक्रमण स्थानिक है, और आवर्ती महामारी के कारण पिछले दो दशकों मे डेंगू के मामलों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उन मेजबान और संभावना वायरल कारकों को अभी भी अच्छी तरह से नहीं समझा गया है, जिनसे डेंगू संक्रमण की पूर्वशंका हो अथवा उससे रक्षा होती है। इसके अलावा, उपयुक्त पशु मॉडल की कमी के कारण उन संकेतों और कारकों को पूरी तरह समझना और भी मुश्किल हो गया है जिससे किसी व्यक्ति को डेंगू बुखार (डीएफ) से आगे डेंगू रक्तस्रावी बुखार / डेंगू शॉक सिंड्रोम (डीएचएफ / डीएसएस) होने की पूर्वशंका हो। यह टीम रोगियों डेंगू ज्वर के रोगियों बनाम उन रोगियों, जिनमें डीएचएफ / डीएसएस प्रकट होता है, की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में अंतर की जांच कर रही है। एंटीबॉडी –आश्रिता में वृद्धि के कारण बढ़ा वायरल भार, उच्च साइटोकाइन स्तर और द्वितीयक संक्रमण को बेअसर करने के लिए प्रारंभिक डेंगू संक्रमण की विशिष्ट पूर्व–विद्यमान एंटीबॉडी की अक्षमता, सभी को डेंगू ज्वर से डीएचएफ / डीएसएस में प्रगति का हॉलमार्क माना जाता है। हमारा अनुमान है कि डेंगू वायरस के संक्रमण के परिणामतः प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया खराब हो जाती है जिससे एंडोथेलिअल कोशिका को क्षति पहुंचती है।



चित्र 1 : डेंगू रोगियों में रोग से सहसंबद्धता की पहचान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पॉजिटिव एनएस–1 परीक्षण आधारित अध्ययन में तैंतीस बाल चिकित्सा रोगियों को दाखिल किया गया था। लीनिकल मापदंडों का मूल्यांकन किया गया और एफएसीएस द्वारा सीडी 4, सीडी 8 और बी–सेल सक्रियण के मार्करों का विश्लेषण किया गया व एलिसा द्वारा डेंगू विशिष्ट आईजीजी खोजा गया था। पूर्ण रक्त से वायरल आरएनए को पृथक किया गया और नेस्टेड– पीसीआर द्वारा डीईएनवी सीरोटाइप निर्धारित किया गया था। 33 रोगियों में से 24 डीईएनवी–2 के लिए पॉजिटिव पाए गए और दो रोगियों को क्रमशः डीईएनवी1 और 2, का दोहरा संक्रमण और डीईएनवी–4 संक्रमण था। पीसीआर द्वारा दो रोगियों को नेगेटिव पाया गया। डेंगू की पॉजिटिविटी को इसके बार रोगी के रक्त के नमूने (चित्र 6 ए) सी6 / 36 मच्छरों की सेई हुई कोशिकाओं की इम्यूनोस्टेनिंग द्वारा पुष्टि की गई। दो रोगियों के नमूनों से वायरस को पृथक किया गया और इन दो आइसोलेट्स का संरचनात्मक क्षेत्र अनुक्रम निर्धारित किया गया। ये दो आइसोलेट्स ग्वालियर से जीनोटाइप 2 वाले आइसोलेट्स से करीब से संबंधित थे। रोगी के प्लाज्मा के नमूनों से साइटोकाइन प्रोफाइल का ल्यूमिनेक्स बीड–आधारित मल्टीप्लेक्स जांचों द्वारा निर्धारण किया गया जिसमें प्लाज्मा साइटोकाइन स्तर 19 साइटोकिन्स / किमोमाइन्स का अनुमान लगाया गया। हमने टाइप 1 विषाणु अवरोधक और प्रदाही साइटोकिन्स के प्रवेश का पता लगा जैसा पूर्व अध्ययनों से डेंगू रोग की गंभीरता से संकेत मिलता है। हैरानी की बात है, हमें संक्रमित

नमूनों (चित्र 6 बी) में विषाणु अवरोधक–गामा, एक सक्षम वायरल–प्रतिरोधी साइटोकाइन, का प्रवेश नहीं मिला। वर्तमान में हम क्लीनिकल मानकों और रोग की गंभीरता के आधार पर डेटा को अलग कर रहे हैं और निष्कर्ष निकालने के लिए और अधिक नमूनों का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है। ऐसे आंकड़े हासिल करने के लिए अगले दो वर्षों में अधिक मरीजों को भर्ती किया जाएगा जिससे बीमारी की गंभीरता के आधार पर स्रावित कारकों में अंतर को निर्धारित करने के लिए सांख्यिकीय शक्ति प्राप्त होगी। इसके अलावा, कोशिका संवर्धन में डेंगू संक्रमण के लिए एंडोथेलिअल मॉडल स्थापित किए जाने की आयोजना है जिससे उन कारकों की पहचान करने में मदद मिलेगी जो डेंगू के गंभीर मामलों में संवहनी रिसाव मध्यस्थता करते हैं। रोगी के नमूनों से वायरस के पृथकीकरण और आंकड़ा अनुक्रमण से रोग की गंभीरता में वायरल निर्धारकों का संकेत मिलेगा।

फ्लेवी वायरस जीवन चक्र में एडाप्टर कॉम्प्लेक्स–1 और 3 की भूमिका

अन्वेषक : तन्वी अग्रवाल

एडाप्टर प्रोटीन, विशेष इंट्रासेल्युलर प्रोटीन विशेष अंतरा–कोशिकीय संवहन मार्ग में शामिल हिट्रोटेट्रामेरिक प्रोटीन कॉम्प्लेक्स होते हैं और कोशिकीय होमियोस्टेसिस बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एपी –1, गोल्जी पार नेटवर्क (टीजीएन) और एंडोसोम्स के बी कार्गो अणुओं के अग्रगामी और प्रतिगामी ट्रेफिकिंग करते हैं। एपी –3 के संबंध में रिपार्ट मिली है कि यह एंडो– लाइसोसोमल मार्ग में चयनित प्रोटीन के परिवहन करता है। एपी –1 और पी –3 द्वारा जैव–संश्लिष्ट और एंडो– लाइसोसोमल ट्रेफिकिंग मार्गों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद, फ्लेवी वायरस संक्रमण में उनकी भागीदारी की जांच नहीं की गई है। हमने कार्यात्मक एपी –1 या एपी –3 रहित कोशिकाओं का उपयोग किया और जेईवी, डीईएनवी और वेस्ट नाइल वायरस (डब्ल्यूएनवी) की प्रतिकृति में इस कमी के प्रभाव का परीक्षण किया है।

एपी –1– अभाव, डीईएनवी और डब्ल्यूएनवी संक्रमण के बाद के चरणों को प्रभावित करता है: मच्छर जनित फ्लेवी वायरस जीवन चक्र में एपी –1 की भूमिका को समझने के लिए, जंगली–किस्म से व्युत्पन्न एमईएफ को संक्रमित किया गया और माइक्रो 1 ए (एपी –1 रहित) चूहे की प्लाक जांच द्वारा संक्रमण के 24 और 48 घंटे बाद सुपरनेटेंट्स में डीईएनवी या डब्ल्यूएनवी या जेईवी और वायरल टाइटर्स (पीआई) का मापन किया गया। संक्रमण के 24 घंटे बाद डीईएनवी और डब्ल्यूएनवी टिट्रस, दोनों में पर्याप्त कमी थी और संक्रमण के 48 घंटे बाद यह प्रभाव कहीं अधिक मुखर था जिससे संकेत मिलता है कि वायरस संक्रमण की बाद के चरणों में एपी–1 की का प्रभाव पड़ता है। आश्चर्य की बात है, संक्रमण के 24 और 48 घंटे, दोनों के बाद जेईवी टाइटर्स (चित्र 7ए–सी) अप्रभावित थे। जंगली किस्म के और एपी –1 अभावग्रस्त एमईएफ डीईएनवी से संक्रमित थे और संक्रमण के 24 और 48 घंटे बाद अंतराकोशिकीय टाइटर्स को मापा गया। यह प्रेक्षण किया गया कि संक्रमण के 48 घंटे पश्चात एपी –1 अभावग्रस्त कोशिकाओं में अंतराकोशिकीय वायरल टाइटर्स में बढ़ोत्तरी थी। इन कोशिकाओं में डेंगू वायरल आरएनए स्तरों के लिए क्यूआरटी – पीसीआर द्वारा भी इसकी पुष्टि की गई जिसमें संक्रमण के 48 घंटे बाद वायरल आरएनए के परिमाण में काफी बढ़ोत्तरी पाई गई (चित्र 8ए और 8बी)। इन आंकड़ों से इन कोशिकाओं में संक्रामक वाइरियन के एकत्र होने की पुष्टि होती है जिससे वायरल के प्रकट होने में दोष का संकेत मिलता है। ये प्रेक्षण दर्शाते हैं कि कुल फ्लेवी वायरसों के प्रकटन में एपी–1–माध्यित ट्रेफिकिंग शामिल हो सकती है।



चित्र 2 : फ्लेवी वायरसों के संक्रमणों पर एपी–3 की कमी का प्रभाव



चित्र 3 : एपी –1 में डीईएनवी और डब्ल्यूएनवी संक्रमण के बाद के चरण शामिल हैं

फ्लेवी वायरसों के जीवन चक्र पर एपी–3 की कमी का प्रभाव : टीजीएन और एंडोसोमस में प्रोटीन की छंटाई में एपी –1 और पी –3, दोनों शामिल होते हैं। इसे और बेहतर तरीके से समझने के लिए कि क्या फ्लेवी वायरस संक्रमण में एपी–1 औरएपी –3 खास या अनावश्यक भूमिकाएं निभाते हैं, हमने फ्लेवी वायरस संक्रमण में अनावश्यक भूमिकाएं निभाते हैं, हमने डीईएनवी या डब्ल्यूएनवी या जेईवी वाले वन्य प्रकार और पी–3 अभावग्रस्त (कहवा) चूहे से व्युत्पन्न एमईएफ को संक्रमित किया और प्लाक जांच द्वारा इंगित समय बिंदुओं पर सुपरनेटेंट्स में वायरल टाइटर्स को मापा गया। एपी–3 रहित एमईएफ में, जेईवी और डीईएनवी, दोनों की वृद्धि गंभीर रूप से विकृत थी और संक्रमण के 48 घंटे पश्चात जंगली–किस्म के एमईएफ की तुलना में वायरल टाइटर्स 100–1000 गुना कम थे। (चित्र 9ए और 9सी)।



चित्र 4 : फ्लेवी वायरसों के संक्रमणों में एपी–3 की कमी का प्रभाव



चित्र 5 : फ्लेवी वायरसों की पुनरावृति पर एपी–3 की कमी का प्रभाव

डब्ल्यूएनवी, के मामले में संक्रमण के 48 घंटे बाद भी प्रतिकृति जारी रही, यद्यपि जंगली–किस्म की कोशिकाओं (चित्र 9 बी) की तुलना में एपी –3 रहित कोशिकाओं में तकरीबन 100 गुना कम स्तर पर था। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि फ्लेवी वायरस का एपी –1 और पी –3 के लिए भिन्न अपेक्षा होती है। जबकि एपी –1 की डीईएनवी और डब्ल्यूएनवी के संक्रमण की बाद की अवस्था में भागीदारी की सर्वाधिक संभावना होती है, वहीं प्रतीत होता है कि एपी–3 सभी तीन परीक्षित फ्लेवी वायरस की प्रतिकृति में प्रमुख भूमिका निभाता है। इसके बाद हमने जेईवी–संक्रमित कोशिकाओं से कोशिका लाइसेट तैयार किया और जेईवी–कैप्सिड प्रोटीन हेतु वैस्टर्न ब्लॉट विश्लेषण किया। हमने पाया कि जबकि वन्य–किस्म की कोशिकाओं जेईवी– सी का संक्रमण के 24 घंटों बाद पता लगाया जा सकता है, इसका एपी–रहित कोशिकाओं में संक्रमण के 48 घंटे बाद भी पता नहीं लगाया जा सका जिससे वायरल पॉली–प्रोटीन परिक्रमण से पूर्व निरोध का संकेत मिलता है (चित्र 9डी)।

हमने इसके बाद क्यूआरटी – पीसीआर द्वारा संक्रमित जंगली–किस्म और एपी–3 रहित कोशिकाओं से जेईवी और



चित्र 11: *एपी–3 वायरल द्विगुणन खंडों में स्थानीकृत करता है।*

डीईएनवी जीनोम प्रतिलिपि संख्या का मापन किया। वन्य–किस्म संक्रमण के 1 से 8 घंटे के बीच जेईवी आरएनए के स्तर में बढ़ोत्तरी होने लगी और संक्रमण के 48 घंटे तक वायरल प्रतिकृति में बढ़ोत्तरी होती रही। इसके विपरीत, एपी–3 रहित कोशिकाओं में की कमी, संक्रमण के 8 घंटे बाद तक भी वायरल आरएनए प्रतिकृति शुरू नहीं हुई और यहां तक की 48 घंटे बाद भी जंगली–किस्म की कोशिकाओं की तुलना में इन कोशिकाओं में जेईवी आरएनए स्तर 100–गुना कमतर बना रहा। यह प्रभाव डीईएनवी संक्रमण में अधिक प्रबल प्रतीत होता है क्योंकि संक्रमण के 48 घंटे बाद भी वायरल प्रतिकृति पृष्ठभूमि स्तरों पर बनी रही (चित्र 10ए और 10बी)। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि जेईवी और डीईएनवी जीवन–चक्र के आरंभिक चरणों में एपी–3 शामिल होता है, संभवतः वायरल आरएनए प्रतिकृति के स्तर पर। यह जांच करने के लिए कि क्या वायरल आरएनए प्रतिकृति साइटें एपी–3 से संबद्ध हैं, हमने एचयूएच–7 कोशिकाओं को डीईएनवी से संक्रमित किया और संक्रमण के 16 घंटे बाद, कोशिकाएं डीएसआरएनए और लैंबडा अनुकूलन के लिए कोशिकाओं को अभिरंजित किया गया। जैसाकि दर्शाया गया है, कि अधिकांश डीएसआरएनए की चित्तीदार संरचनाओं के साथ एपी–3 पाया गया जिससे वायरल प्रतिकृति कम्पार्टमेंटों में एपी–3 के प्रवेश का संकेत मिलता है (चित्र 11)। जेईवी से संक्रमित जंगली–किस्म के एमईएफ से भी ऐसे ही परिणाम मिले जहां अधिकांश डीएसआरएनए, लैंबडा अनुकूलन के साथ सह–स्थानीयकृत हो गये। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि एपी–अभाव का वायरल आरएनए प्रतिकृति में सीधे भागीदारी द्वारा अथवा वायरल आरएनए प्रतिकृति के लिए उन कम्पार्टमेंटों में, जहां वायरल प्रतिकृति घटित होती है, आवश्यक कारकों के परिवहन द्वारा वायरल आरएनए पर प्रभाव पड़ता है।

माइकोबैक्टीरियम लेपेरी का निरंतरता तंत्र : लेपेरी का मुकाबला करने वाली नई दवा के रास्ते का सत्यापन

प्रधान अन्वेषक : डॉ. रमनदीप सिंह

वैश्विक जनसंख्या का एक तिहाई अव्यक्त तपेदिक से संक्रमण के लिए जाना जाता है। इसमें से 10 प्रतिशत को सक्रिय तपेदिक होने का जोखिम रहता है। एचआईवी– टीबी का गठजोड़ और एम. ट्यूबरकुलोसिस के दवा प्रतिरोधी उपभेदों की उपस्थिति से स्थिति और अधिक बदतर हो जाती है। संभवतः टीबी का उन्मूलन उन माध्यमों को समझने में है जिससे मेजबान में रोगजनक के उपस्थिति हो पाती है। उन कार्यनीतियों से परिणाम मिलने की अधिकांश संभावना है जिनमें इन गैर–प्रतिकृति बैक्टीरिया को लक्षित किया गया है।

हाइपोक्सिक और पोषण–संबंधी की प्रतिक्रिया में सूक्ष्मजैव चयापचय के क्रमिक बंद होने के कारण चयापचयी असक्रिय रहते हैं और दवा सहिष्णु हैं। इस समूह के भीतर उन चयापचय मार्गों पर फोकस किया जाता है जिनसे मेजबान के भीतर विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल करने के लिए एम. ट्यूबरकुलोसिस सक्षम होता है। सात संभव मॉडलों में से दो को अध्ययन के लिए चुना गया है।



डॉ. रमनदीप सिंह अपनी टीम के साथः बाएं से दाएं, सुश्री, हिमानी ठक्कर, डॉ. प्रभाकर तिवारी, सुश्री ममता सिंह, सुश्री साक्षी अग्रवाल, श्री सादिक किदवई, सुश्री गरिमा अरोड़ा और डॉ. आर धीमन

रोगजनन में एमएजेडएफ विषाक्त पदार्थों की भूमिका और एम. ट्यूबरकुलोसिस की निरंतरता

अन्वेषक : प्रभाकर तिवारी, साकिब किदवई, गरिमा अरोड़ा, ममता सिंह और रमनदीप सिंह

कई बैक्टीरिया जीनोम में 'टॉक्सिन– एंटीटॉक्सिन' (टीए) मॉड्यूल पाए जाते हैं। दो जीन को इन मॉड्यूल के लिए जिम्मेदार माना जाता है। धारा प्रतिरोधी जीन अस्थिर एंटीटॉक्सिन को कोडित करते हैं और इसका धारा–अनुकूल प्रतिरूप स्थिर टॉक्सिन को कोडित करता है। फेफड़े के ऊतकों के भीतर बैक्टीरिया को तनाव का सामना करने के लिए जाना जाता है। यह अनुमान लगाया जाता है कि ये 'टॉक्सिन–एंटीटॉक्सिन' मॉड्यूल एम. ट्यूबरकुलोसिस की अदृश्यता और निरंतरता में योगदान करते हैं।

ऐसे 80 से अधिक टीए मॉड्यूल हैं जिन्हें जैव रासायनिक रूप में नौ परिवारों में वर्गीकृत किया गया है। एमएजेडईएफ परिवार में नौ मॉड्यूल होते हैं। पिछले अध्ययनों से पता चला है कि एमएजेडईएफ टॉक्सिन केवल अपने संबद्ध एमएजेडईएफ एंटी–टॉक्सिन के साथ अंतक्रिया करते हैं। एमएजेडईएफ टॉक्सिन की अधिक उपस्थिति से एम. ट्यूबरकुलोसिस में बैक्टीरियोस्टेटिक प्रभाव उत्पन्न हुआ। तथापि, संबद्ध एमएजेडईएफ एंटी–टॉक्सिन की उपस्थिति में, कोई विषाक्तता नहीं दिखाई दी।

दबाव की विभिन्न स्थितियों जैसे पोषक तत्वों की हानि या एंटीबायोटिक तनाव में, एमआरएनए अभिव्यक्ति अध्ययन भिन्न प्रयोगात्मक परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थों में अलग–अलग बढ़ोत्तरी इंगित करता है। विभिन्न रोगों के लिए प्रासंगिक दबाव की स्थितियों और दवा प्रेरित निरंतरता के तहत एम. ट्यूबरकुलोसिस के लगातार बने रहने में इन एमएजेडईएफ टॉक्सिन की भूमिका सिद्ध करने के लिए एमएजेडईएफ टॉक्सिन संबद्ध क्रियाविधि रहित एम. ट्यूबरकुलोसिस के एकल, दोगुने और तीन गुना उत्परिवर्ती उपभेदों का निर्माण किया गया। जंगली –किस्म के प्रकार उपभेद और उत्परिवर्ती उपभेदों की नाइट्रोसेटिव, ऑक्सीडेटिव और पोषण संबंधी तनाव से तुलना की गई।

माइकोबैक्टीरिया के अंतरकोशिकीय उत्तरजीविका में इन एमएजेडईएफ टॉक्सिन की भूमिका, जंगली–किस्म की विकास गति और एमएजेडईएफ के उत्परिवर्ती उपभेदों की मैक्रोफेज और गिनी पिग में तुलना की गई। पशु पर प्रयोगों के लिए, गिनी पिग को एयरोसोल मार्ग के माध्यम से एम. ट्यूबरकुलोसिस के विभिन्न उपभेदों से संक्रमित किया गया और फेफड़ों और तिल्ली ऊतक में सक्रमण के 4 सप्ताह और 8 सप्ताह के बाद आंतर कोशिकीय बैक्टिरिया की गणना की गई। यह देखा गया कि इन एमएजेडईएफ टॉक्सिन के विलोपन से संक्रमण के चार सप्ताह बाद गिनी पिग के फेफड़े और तिल्ली, दोनों में एम. ट्यूबरकुलोसिस की वृद्धि 10–गुना कम हो गई।



चित्र 12 : एमएजेडईएफ टॉक्सिन में वृद्धि और दवाओं के प्रति उनकी सहिष्णुता संबंधी मॉडल

अध्ययनों से पता चलता है कि एमएजेडईएफ टॉक्सिन गिनी पिग के फेफड़ों में दबाव के तहत जीवित रहने के लिए एम. ट्यूबरकुलोसिस की क्षमता काफी क्षीण हो गई। इन प्रेक्षणों के आधार पर, एक मॉडल (चित्र 12) प्रस्तुत किया गया जिसमें यह दर्शाया गया कि इन टॉक्सिन के अधिक प्रकटन से जीनों के एक सबसेट में बढ़ोत्तरी होती है। इन टॉक्सिन से बैक्टीरिया तनाव की विभिन्न परिस्थितियों में जीवित रहने में सक्षम बनाता है और उन्होंने चयापचय स्थिति प्रेरित करता है, जिससे वे दवा के प्रति सहिष्णु हो जाते हैं, प्रस्तुत किया है।

एम. ट्यूबरकुलोसिस के शरीर क्रियाविज्ञान में पॉलीफॉस्फेट कोनेसिस और पॉलीफॉस्फेट्स की भूमिका

अन्वेषक : ममता सिंह, गरिमा अरोड़ा, प्रभाकर तिवारी, साकिब किदवई और रमनदीप सिंह

कड़ी प्रतिक्रिया ऐसा नियामक तंत्र होता है जिसके द्वारा बैक्टीरिया कम पोषक परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन करता है। बैक्टीरिया विभिन्न अलार्मोन उत्पन्न करता है जो चयापचय की प्रक्रिया और बैक्टीरियल जलन को नियंत्रित करता है। दबाव की विभिन्न परिस्थितियों में बैक्टीरिया के अनुकूलन में एक महत्वपूर्ण कारक पॉलीफॉस्फेट है। बैक्टीरिया में, पॉलीफॉस्फेट चयापचय में शामिल एंजाइम पॉलीफॉस्फेट काइनेस–1 (पीपीके–1) है जो एटीपी से पॉलीफॉस्फेट के गठन को उत्प्रेरित करता है। पॉलीफॉस्फेट काइनेस–2 (पीपीके–2), पॉलीफॉस्फेट चयापचय में शामिल एक अन्य एंजाइम है। पीपीके–2, फोस्फेट दाता के रूप में पॉलीफॉस्फेट का प्रयोग कर जीटीपी और एटीपी के संश्लेषण आरंभ करता है।

क्योंकि हमने प्राप्त एमवी के प्रमुख संदूषण के तौर पर मीडिया से बीएसए संग्रहण देखा, जब 7एच9 में विकसित किया गया, हमने 7एच9 (समृद्ध मीडिया) और साउटॉन, माइकोबैक्टीरियल विकास के लिए आमतौर पर इस्तेमाल न्यूनतम मीडिया में एमएसएमईजी के वृद्धि वक्रों से तुलना करनी चाही। इसके अतिरिक्त, संभवतः 10 गुना अधिक ग्लिसरॉल के कारण 1एक्स साउटॉन में खराब और धीमी गति से विकसित होता है।

वर्तमान में, हम (क) सीएफ के सांद्रण के बाद एमवी की बहाली में बढ़ोत्तरी करने के लिए बेहतर कार्यप्रणाली का मानकीकरण कर रहे हैं, और (ख) इसकी तुलना न्यूनतम मीडिया (साउटॉन) में एमएसएमईजी विकसित करने के बाद, सीधे यूसी से प्राप्त एमवी की सामग्री से कर रहे हैं। हम वर्तमान में इसका मापन भी कर रहे हैं कि क्याा माइकोबैक्टीरिया की विभिन्न प्रजातियां (अर्थात एमएसएमईजी, एमएम और एमटीबी) एमवी की भिन्न मात्रा सृजित करते हैं। द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमेट्री द्वारा एमवी सामग्री का निर्धारण करने के बाद, हमने इस ओर ध्यान दिया कि किस सामग्री भिन्न रहती है जब रोगजनक को विविध मेजबान–प्रेरित दबाव की स्थितियों जैसे माइक्रोबियल–रोधी; ऑक्सीडेटिव और नाईट्रोडेटिव दबाव में विकसित किया जाता है।

हिपेटाइटिस ई वायरस के जीव विज्ञान को समझना और इसके खिलाफ टीके और दवाएं विकसित करना

प्रधान अन्वेषक : डॉ. मिलन सुरजीत

डॉ. सुरजीत और टीम : (बाएं से दाएं) सुश्री निधि कौशिक, सुश्री करिश्मा बक्शी, श्री एस. चन्द्र, सुश्री विद्या पी नायर, सुश्री आकृति श्रीवास्तव और सुश्री सौम्या अनंग

हिपेटाइटिस ई वायरस (एचईवी), एक फिको–मौखिक रूप से संचारित वायरस, भारत में कहीं कहीं हिपेटाइटिस के प्रमुख कारणों में से एक और विकासशील विश्व का सर्वप्रमुख कारण है। इसके प्रत्यारोपण रोगियों में चिरस्थायी हिपेटाइटिस का प्रमुख कारण होने की भी संभावना है। रोगियों में एचईवी– प्रेरित मस्तिष्क संबंधी समस्याओं की सूचना मिली हैं। एचईवी महत्वपूर्ण रोगजनक है जिसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है।

हालांकि, एचईवी की 20 साल पहले खोज की थी, एक कुशल मॉडल के अभाव में इसके जीवन चक्र के बारे में काफी कम जानकारी है। वायरल कोडित प्रोटीनों के बारे में सीमित जानकारी ही उपलब्ध है, उनमें से केवल कुछ का अध्ययन किया गया है और इन विट्रो में कुछ हद लक्षण निर्धारित किए गए हैं। हाल की रिपोर्टों से एचईपी वायरसों के मुक्ति में एंडोसोमल–सार्टिंग की भागीदारी का संकेत मिलता है। चीन में हाल में, एक सबयूनिट टीके को नैदानिक इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किया गया गया है। तथापि, वैक्सीन के दीर्घकालिक सुरक्षात्मक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाना शेष है। एचईवी के लिए कोई दवा मौजूद नहीं है।

आरंभ से कुशल मॉडल प्रणाली विकसित करने से लेकर चिकित्सकीय हस्तक्षेप के लिए नए लक्ष्यों की पहचान करने तक, इस प्रयोगशाला में मानव में जीनोटाइप 1–एचईवी प्रेरित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समाप्त अथवा नियंत्रित करने के लक्ष्य से जीनोटाइप 1–एचईवी के जीवविज्ञान के पहलुओं को समझने पर फोकस किया गया है।

जीनोटाइप 1 हिपेटाइटिस ई वायरस के जीवन चक्र का अध्ययन करने के लिए एक मॉडल अभिव्यक्ति प्रणाली की स्थापना

अन्वेषक : आकृति श्रीवास्तव, करिश्मा बक्शी, निधि कौशिक, मिलन सुरजीत

जीनोटाइप 1 हिपेटाइटिस ई वायरस (एचईवी) (भारत में अधिक व्याप्त) के जीवन चक्र के प्रयोगशाला में अध्ययन में एक प्रमुख बाधा, कुशल कोशिका संवर्धन आधारित अथवा छोटे पशु मॉडल की कमी है। हालांकि, जीनोटाइप 3 और 4 के वायरस को संवर्धित कोशिकाओं में सफलतापूर्वक प्रवर्धित किया गया है, यह कार्यनीति जीनोटाइप 1 वायरस के मामले में बहुत सफल नहीं रही है। जीनोटाइप 1 हिपेटाइटिस ई संक्रमण के डीएनए आधारित मॉडल स्थापित करने के लिए विभिन्न मेजबान प्रणालियों का अन्वेषण किया जा रहा है, जिनमें (ए) स्तनधारी कोशिकाएं (जैसे मानव हिपेटोमा कोशिकाएं), (बी) खमीर (सैकारोमाइसेस सिराविसिए) शामिल हैं।

इन मॉडलों की सफल स्थापना एचईवी प्रतिकृति, गठन और मुक्ति प्रक्रिया के बुनियादी तंत्र के अध्ययन के लिए उपयोगी होगा। यह एचईवी– रोधी यौगिकों की जांच में भी मददगार होगा। खमीर या स्तनधारी कोशिकाओं से स्रावित वायरस कण एचईवी के खिलाफ केंडिडेट के रूप में उपयोगी हो सकते हैं। स्तनधारी कोशिका संवर्धन मॉडल की सफलतापूर्वक स्थापना से एचईवी संक्रमण का एक ट्रांसजेनिक माउस मॉडल सृजित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

एचईवी मुक्ति के खिलाफ अवरोधक पेप्टाइड की पहचान के लिए चक्रीय पेप्टाइड लाइब्रेरी स्क्रीनिंग प्रणाली की स्थापना

अन्वेषक : सौम्या अनंग, विद्या पद्मनाभन नायर, मिलन सुरजीत

मानव में एचईपी प्रेरित हैपेटाइटिस के खिलाफ कोई दवा उपलब्ध नहीं है। एक ताजा रिपोर्ट में संक्रमित कोशिकाओं से जीनोटाइप 3 एचईवी विरिअन की रिहाई की माध्यिता में, एचईवी ओआरएफ 3 प्रोटीन और कोशिकीय टीएसजी (ट्यूमर

संवेदनशीलता जीन 101) प्रोटीन के बीच अंतक्रिया की आवश्यक भूमिका का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार के एक पूर्व अध्ययन में जीनोटाइप 1 एचईवी ओरआरएफ 3 प्रोटीन और टीएसजी 101 के बीच अंतक्रिया दर्शाई गई, जीनोटाइप 1 वायरस के मामले में भी सदृश तंत्र कार्य कर सकता है। टीम के मौजूदा हितों में पारगम्य कोशिका, इस अंतक्रिया के छोटे चक्रीय पेप्टाइड आधारित अवरोधकों की पहचान करना शामिल है, जो वायरल प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सके। एचईवी के खिलाफ अधिक प्रबल मिश्रित संबंधी गठन तैयार करने में समर्थ बनाने के लिए अतिरिक्त महत्वपूर्ण लक्ष्यों के अवरोधकों की पहचान करने के लिए इसी तरह का मार्ग अपनाया जा सकता है।

एचईवी रोगजनन के आण्विक विवरण को समझने के लिए वायरस और मेजबान कारकों में प्रोटीन अंतःक्रिया की पहचान करना और हस्तक्षेप के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य स्थापित करना।

अन्वेषक : सुब्रामणि चन्द्रू, सौम्या अनंग, विद्या पद्मनाभन नायर, चित्र श्रीवास्तव, मिलन सुरजीत

संक्रमण के प्राकृतिक क्रम के दौरान, एचईवी को कई स्तरों पर मेजबान प्रोटीन के साथ अंतःक्रिया करनी होती है ताकि मेजबान कोशिका में प्रविष्ट कर सके, प्रतिकृति स्थल पर अपने जीनोम मुक्त करे, नए प्रोटीनों का प्रतिकृति व संश्लेषण करे, जो पुनः संतति विरिअन के जीवित रहने और मुक्ति के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने हेतु मेजबान प्रोटीनों और न्यूक्ली अम्लों के साथ अंतःक्रिया करता है। सभी वायरस इनकोडिंग प्रोटीन के अंतःक्रिया भागीदारों की पहचान करके, एचईवी के प्रोटीन अंतक्रिया नेटवर्क विकसित करना संभव होगा, जो हमें निम्न में सक्षम बनाएगा : (क) ऐसे विशिष्ट मेजबान पथ का पता लगाना जो एचईवी के जीवित रहने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है अथवा इसके लाभ के लिए एचईवी के लिए दोहन किया जा सकता है। (ख) विरिअन मुक्ति के लिए आवश्यक मेजबान कारकों की पहचान करना, और (ग) एचईवी प्रोटीन और मेजबान प्रोटीन या विभिन्न एचईवी प्रोटीनों के बीच महत्वपूर्ण अंतःक्रिया की पहचान करना जिन्हें प्रभावी वायरल–रोधी विकसित करने हेतु विकसित किया जा सके।

विभिन्न एचईवी प्रोटीन की अंतःक्रिया के भागीदारों की पहचान करने के लिए दो स्वतंत्र कार्यनीतियां, जैसे खमीर की स्क्रीनिंग, दो संकर लाइब्रेरी और मानव हिपेटोमा कोशिका सत्व की स्क्रीनिंग, अपनाई जा रही हैं। इन दो एप्रोच से प्राप्त परिणामों को वैध बनाया जाएगा और एचईवी की प्रोटीन अंतःक्रिया नेटवर्क विकसित करने के लिए इकट्ठा किया जाएगा। अंत में, एचईवी के जीवन चक्र के दौरान इन अंतःक्रियाओं के कार्यात्मक महत्व का एचईवी के स्तनधारी कोशिका संवर्धन आधारित मॉडल का उपयोग करते हुए मूल्यांकन किया जाएगा।

वायरल प्रोटीन द्वारा सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की वायरल प्रतिकृति और मॉडुलन

प्रधान अन्वेषक : रंजीत कुमार सीटी

इस प्रयोगशाला में बेहतर प्रत्यक्ष कार्य करने वाले वायरल–रोधी विकसित करने के लिए आरएनए वायरस के प्रतिकृति तंत्र का अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन का तनु टीके विकसित करने के लक्ष्य से मेजबान की सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं से बचने के लिए वायरस द्वारा प्रयुक्त कार्यनीतियों को समझने के लिए विस्तार किया है।

अपनी टीम के साथ डॉ. रंजीत : सुश्री श्वेता वार्ष्णेय और श्री निशांत जोशी

हिपेटाइटिस ई वायरस से सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया का हस्तक्षेप

अन्वेषक : निशांत जोशी, स्मिता हिंगाने और रंजीत कुमार

किसी भी वायरस के संक्रमण के परिणाम वायरल प्रक्रियाओं और कोशिकीय सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के बीच परस्पर क्रिया पर निर्भर करते हैं। वायरसों ने आणविक पैटर्न की स्वीकार्यता को अवरुद्ध करके या अनुकूलक प्रोटीन को द्विखण्डित कर मेजबान प्रतिक्रियाओं के साथ हस्तक्षेप करने के लिए कार्यनीति विकसित की है। इस प्रयोगशाला में, हिपेटाइटिस ए वायरस (एचईवी) द्वारा सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के सक्रियण और मॉडुलन के संबंध में शोध मुख्य आकर्षण बिन्दु है।

एचईवी, जीनस हैपी वायरस में गैर–आवरणयुक्त, एक रेशेवाला आरएनए वायरस है और हैपेवाइरिडे परिवार से संबंध रखता है। वायरस के चार जीनोटाइप और एक सीरोटाइप हैं। जबकि एचईवी के प्रति एंटीबॉडी की प्रतिक्रियाओं को भलीभांति प्रलेखित किया गया है, एचईवी संक्रमण के प्रति सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की भूमिका के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। वायरल संक्रमण के दौरान, सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में हस्तक्षेप में उनकी भागीदारी पर विशेष ध्यान देते हुए, एचईवी प्रोटीनों की जैविक भूमिका का लक्षण निर्धारण किया जा रहा है।



चित्र 19 : एचईवी जिनोमिक आरएनए, आरआईजी–। को सक्रिय करता है किंतु एमडीए5 और टीएलआर 3 को नहीं।

स्हज प्रतिरक्षा रिसेप्टर्स की पहचान करने के लिए,जिन्हें एचईवी आरएनए द्वारा सक्रिय किया गया है, एचईवी की कैप्ड आरएनए ट्रांसक्रिप्ट को विभिन्न रिसेप्टर्स और ल्यूसिफरेज रिपोर्टर को व्यक्त करने वाली एचईके 239 टी कोशिकों में संक्रमित किया गया। एचईवी आरएनए ने आरआईजी–। को सक्रिय किया किंतु यह एमडीए5 और टीएलआर 3 को उद्दीप्त करने में विफल रहा (चित्र 19)।

हिपेटाइटिस सी वायरस (जीनोटाइप 3ए) आरएनए आश्रित पॉलीमरेज के अवरोधकों की पहचान करने के लिए छोटे अणु यौगिकों की स्क्रीनिंग

अन्वेषक : श्वेता वार्ष्णेय, निशांत जोशी, रंजीत कुमार

एचसीवी एक वैश्विक रोगजनक है और दुनिया भर में 170 मिलियन से अधिक व्यक्ति इससे प्रभावित हैं, फिर भी अभी तक संक्रमण को रोकने के लिए कोई टीका नहीं है। भारत में, लगभग 100 हजार व्यक्ति को हर साल एचसीवी से संक्रमित होते हैं, तकरीबन 12 मिलियन लोग एचसीवी से ग्रस्त हैं। एचसीवी संक्रमण से अंततः संक्रमित व्यक्तियों में से लगभग 50 प्रतिशत में हैपेटोसेलुलर कार्सिनोमा हो सकता है।

वर्तमान में, एचसीवी संक्रमण का संशोधित इंटरफेरॉन और रिबेविरियन के संयोजन से 48 सप्ताह तक उपचार किया जाता है। रोगियों का एक बड़ा हिस्सा इन उपचारों के दुष्प्रभावों को सहन नहीं कर सकते हैं या उपचार के प्रति प्रतिक्रिया नहीं दिखाते, संभवतः आनुवंशिक गड़बड़ी की वजह से। अतः, बेहतर, प्रत्यक्ष कारगर एंटीवायरल दवाएं, जिन्हें इंटरफेरॉन के साथ उपयोग किया जा सके अथवा आदर्श इंटरफेरॉन मुक्त पथापत्य नियम विकसित करने की आवश्यकता है। एंटीवायरल दवाए विकसित करने के लिए एक एचसीवी गैर–संरचनागत प्रोटीन एनएस5 बी, हो सकता है जो आरएनए आश्रित आरएनए पॉलीमरेज (आरडीआरपी) है। एचसीवी के उपचार के लिए प्रभावी एंटीवायरल दवा सामान्यतः विश्व भर और विशेषकर भारत

के लिए एक गंभीर आवश्यकता बना हुआ है। चूंकि एचसीवी जीनोटाइप 3ए भारत में एचवीसी का सर्वाधिक व्याप्त रूप है, फोकस एंटीवायरल दवाएं विकसित करने के लिए इसके आरडीआरपी (3ए5 बी) पर है।

स्तनधारी कोशिकाओं में एचसीवी जीनोटाइप 3ए आरडीआरपी के लक्षण निर्धारण के लिए कोशिका आधारित मूल्यांकन स्थापित किया गया है। इस मूल्यांकन में, आरडीआरपी को एचईके 293टी अथवा एचयूएच 7 कोशिकाओं में आईआईजी–1 और ल्यूसिफरेज रिपोर्टरों के साथ सह– अभिव्यक्त किया गया था। मूल्यांकन के सिद्धांतों के अनुसार, आरडीआरपी द्वारा सृजित उदीयमान आरएनए का आरआईजी–1 द्वारा पता लगाया जाएगा, जो ऐसे संकेतक पथ को सक्रिय करता है जिसे ल्यूसिफरेज रिपोर्टर द्वारा मॉनीटर किया जा सकता है। जैसा चित्र 20 में दिखाया गया है, वाइल्ड टाइप 3ए5बी नहीं बल्कि उत्प्रेरक उत्परिवर्ती (जीएए) आरआईजी–1 संकेतों को प्रेरित कर सकता है।



चित्र 20 : एचसीवी जीनोटाइप 3ए आरडीआरपी (3ए5बी) का कोशिका आधारित मूल्यांकन

इसके अलावा, आरआईजी–1 उत्परिवर्ती, के270ए (एटीपी बाध्यकारी डोमेन उत्परिवर्ती) और के858ई (आरएनए बाध्यकारी उत्परिवर्ती) संकेत उत्पन्न करने में असमर्थ थे। कुल मिलाकर, ये परिणाम संकेत करते हैं कि मूल्यांकन के लिए कार्यात्मक आरआईजी–1 और उत्प्रेरक तौर पर सक्रिय 3ए5बी आवश्यक हैं। इस मूल्यांकन का एचसीवी 3ए आरडीआरपी विशिष्ट अवरोध की पहचान करने के लक्ष्य से छोटे अणु यौगिक की लाइब्रेरी की स्क्रीन के लिए प्रयोग किया गया था। लगभग 3500 यौगिकों की जांच की गई और लगभग 10 यौगिक 10 माइक्रो एम से कम सांद्रण पर एचसीवी 3ए एनएस5बी को अवरोध करते हुए पाए गए। ऐसे यौगिकों, जो एचसीवी आरडीआरपी विशिष्ट हैं, की पहचान के लिए इन यौगिकों के और अधिक लक्षण निर्धारण का कार्य चल रहा है। इन यौगिकों की संभावित पैन जीनोटाइप अवरोध की पहचान करने के लिए एचसीवी के सभी 6 प्रमुख जीनोटाइप के आरडीआरपी के खिलाफ भी परीक्षण किया जाएगा ।

हिपेटाइटिस ई वायरस आरएनए–आश्रित आरएनए पॉलीमरेज का लक्षण वर्णन

अन्वेषक : श्वेता वार्ष्णेय और रंजीत कुमार

मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के बावजूद, एचईवी ऐसे वायरस है जिनका लक्षण निर्धारण काफी खराब रहा है, विशेषकर वायरल प्रतिकृति में। एचईवी शोध की प्रमुख बाधा एक पशु मॉडल या उपयुक्त कोशिका संवर्धन प्रणाली की कमी है। हालांकि अभिकर्मक आधारित कोशिका संवर्धन प्रणाली पर में हाल में कुछ सुधार हुआ है, यह बहुत व्यावहारिक नहीं है क्योंकि यह आरएनए संक्रमण कुशलता और प्रयुक्त कोशिका लाइन पर निर्भर करता है। इन मुद्दों से उपचारात्मक उपायों के विकास में कठिनाई और अधिक बढ़ गई है। एचईवी आरडीआरपी अध्ययन के लिए आकर्षक प्रोटीन है, क्योंकि यह प्रतिकृति कॉम्प्लेक्स की उत्प्रेरक सबयूनिट है और इसलिए एक महत्वपूर्ण दवा लक्ष्य है। वायरल आरडीआरपी के लक्षण निर्धारण से एचईवी की प्रतिकृति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी और बेहतर प्रत्यक्ष कारगर एंटीवायरल विकसित करने में मदद मिलेगी।

एचईवी आरडीआरपी के लक्षण निर्धारण के लिए दो मार्ग की योजना है (1) जैसा पूर्व में उल्लेख किया गया है एचसीवी आरडीआरपी के लिए विकसित मूल्यांकन प्रणाली के समान कोशिका आधारित मूल्यांकन प्रणाली विकसित करना, और (2) पुनःसंयोजक प्रोटीन के साथ जैव– रासायनिक लक्षण वर्णन। वर्तमान में, स्तनधारी और बैक्टीरियल कोशिकाओं में आरडीआरपी अभिव्यक्त करने के लिए अपेक्षित क्लोन सृजित करने और मूल्यांकन स्थितियों के मानकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। आवश्यक क्लोन पैदा करने और परख शर्तों के मानकीकरण की प्रक्रिया चल रही है।

वीआईडीआरसी में अन्वेषकों द्वारा अर्जित बाह्य अनुदान

प्रधान अन्वेषक	निधिकरण एजेंसी	अवधि	निधियां (रु.)	परियोजना शीर्षक
रंजित कुमार	डीबीटी	2012–2017	82 लाख	मॉड्यूलेशन ऑफ इनेट इम्यून रिसपॉन्स एण्ड करैक्टराइजेशन ऑफ वायरल पॉलीमरेज़ फॉर द डेवलपमेंट ऑफ पोटेंट वैक्सीन
अमित कुमार पाण्डे	डीबीटी	2011–2016	75 लाख	रेगुलेशन ऑफ कोलेस्टेरॉल मेटाबोलिज्म इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस
रमनदीप सिंह	डीबीटी	2010–2015	70 लाख	पॉली–पी मेटाबोलिज्म : रोल ऑफ पीपीके–1 एण्ड पीपीके–2 इन स्टेशनरी फेज सर्वाइवल एण्ड विरुलेंस ऑफ एम. ट्यूबरकुलोसिस
	डीबीटी	2011–2014	33 लाख	इंवेस्टीगेटिंग द रूल ऑफ एमएजेडएफ टॉक्सिन इन पैथोजेनेसिस एण्ड पर्सिस्टेंस ऑफ एम. ट्यूबरकुलोसिस
	डीबीटी	2012–2015	49 लाख	अंडरस्टैंडिंग द रूल ऑफ पॉलीफॉस्फेट काइनेस एण्ड पॉलीफॉस्फेट्स इन फिजियोलॉजी ऑफ एम. ट्यूबरकुलोसिस
मिलन सुरजीत	डीबीटी	2012–2017	82 लाख	अंडरस्टैंडिंग द बायोलॉजी ऑफ हिपेटाइटिस ई वायरस एण्ड डेवलपमेंट ऑफ वैक्सीन एण्ड ड्रग्स एगेंस्ट इट
	डीबीटी	2012–2015	25 लाख	स्टेबिलशमेंट ऑफ ए मैमेलियन सेल कल्चरल बेस्ड हिपेटाइटिस ई वायरस (एचईवी) एक्सप्रेशन सिस्टम टू स्टडी द वायरल लाइफ साइकिल एण्ड एप्लीकेशन ऑफ द सिक्रेटिड विरियन एज ए कैंडिडेट वैक्सीन
कृष्णमोहन आत्माकुरी	डीबीटी	2012–2015	66 लाख	डेसिफेरिंग एमटीबी आर्टिलरी
	डीबीटी	2012–2017	33 लाख	मायोबैक्टीरियल आउटर मेम्ब्रेन–डेराइव्ड वेसिकल्स : रोल इन पैथोजेनेसिस एण्ड एक्सप्लोरेशन एज नोवल सबबनिट वैक्सीन वाइकल्स एगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस
गुरुप्रसाद आर मेडिगेशी	डीबीटी	2011–2014	66 लाख	रोल ऑफ टायरोसिन काइनेस इन द लाइफ साइकिल ऑफ जैपनीज एंसीफिलाटिस वायरस एण्ड डेंगू वायरस
	डीबीटी	2012–2015	124 लाख	आइडेंटिफिकेशन ऑफ कोरेलेट्स ऑफ डिजीज सेवेरिटी इन पीडियाट्रिक डेंगू पेशेंट्स इन नई दिल्ली
डॉ. निशीथ अग्रवाल	डीबीटी	2011–2014	32 लाख	टूवर्ड्स द कैरेक्टराइजेशन ऑफ मल्टीपल पी–लूप जीटी पेस इन मायोबैक्टीरिया

डॉ. सुधांशु व्रती,
संकाय अध्यक्ष

डॉ. सुधांशु व्रती ने पंत नगर के जी बी पंत विश्वविद्यालय से एम. एससी. और कैनबेरा की ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी से जैव रसायन में पीएच.डी किया है। उन्होंने सीएसआईआरओ, सिडनी में अपना पोस्ट डॉक्टरल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। टीएचएसटीआइ में कार्य करने से पहले डॉ. व्रती राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत थे। उनकी रुचि फ्लेवी वायरस द्विगुणन तथा वायरस रोधी और वायरस टीकों के विकास में है।

डॉ. बी. के. चक्रबर्ती,
कार्यक्रम निदेशक

डॉ. बी. के. चक्रबर्ती ने जैव रसायन में अपनी स्नातकोत्तर उपाधि और जैव रसायन में पीएच.डी (आण्विक वायरोलॉजी) की डिग्री कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। एचआईवी / एसआईवी तथा टीकों पर उनका पोस्ट डॉक्टरल कार्य लर्नर रिसर्च इंस्टीट्यूट, क्लीवलैंड, ओहियो और यूनिवर्सिटी और मिशीगन, एन अर्बोर, मिशीगन, यूएसए में किया गया। डॉ. चक्रबर्ती ने वीआरसी, एनआईएच, बेथेस्डा, यूएसए में अपना टीका अनुसंधान 10 वर्ष तक स्टाफ वैज्ञानिक के रूप में जारी रखा। वे 2009 से आईएवीआई उदासीनीकारक एंटीबॉडी केन्द्र, टीएसआरआई, ला जोला, केलिफोर्निया, यूएसए में प्रधान वैज्ञानिक थे। डॉ. चक्रबर्ती को एचआईवी टीका अनुसंधान में 19 वर्ष से अधिक का अनुभव है। उनकी वर्तमान अनुसंधान रुचि एचआईवी – 1 के विरुद्ध व्यापक और संभावित उदासीनीकारक एंटीबॉडी उत्पन्न करने के लिए एचआईवी – 1 ईएनवी प्रोटीन की संरचना – कार्य संबंध पर आधारित नए इम्युनोजन की डिजाइन में है।

डॉ. भट्टाचार्य,
प्रधान अन्वेषक

डॉ. भट्टाचार्य विद्यासागर विश्व विद्यालय से मानव शरीर क्रिया विज्ञान के स्नातक और कलकत्ता विश्वविद्यालय से सूक्ष्मजैविक रोगाणुजनन में पीएचडी हैं। उनका पोस्ट डॉक्टरल अनुभव मेहारी मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी ऑफ मैसेशूट्स मेडिकल स्कूल, यूएसए से प्राप्त हुआ, जहां डॉ. भट्टाचार्य ने एक अनुदेशक के रूप में भी कार्य किया। अपने वर्तमान कार्य के पहले वे राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान में उप निदेशक (वैज्ञानिक ई), आण्विक वायरोलॉजी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, पुणे, भारत में कार्यरत थे। डॉ. भट्टाचार्य ने पुणे विश्वविद्यालय के पांच डॉक्टरल छात्रों का सफलतापूर्वक पर्यवेक्षण किया है। डॉ. भट्टाचार्य की वर्तमान अनुसंधान रुचि इम्युनोजन डिजाइन में सहायता देने के लिए एचआईवी – 1 आवरण की सुभेद्यताओं की जांच करने में है। प्रधान अन्वेषक के रूप में वे राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान (एनआईसीडी), जोहांस बर्ग में वैज्ञानिकों के साथ सहयोग करते हैं, ताकि एक ऐसा सामान्य टीका डिजाइन किया जा सके जो भारत तथा दक्षिण अफ्रीका दोनों में प्रभावी हो सके।

डॉ. गुरुप्रसाद आर. मेडिगेशी,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. मेडिगेशी ने मैसूर विश्वविद्यालय से जैव प्रौद्योगिकी में एमएससी और जर्मनी के जॉर्ज अगस्त यूनिवर्सिटी गोटिंजन से पीएचडी किया है जहां उन्होंने लाइसोसोमल विकारों के संदर्भ में प्रोटीन के आवागमन के मार्गों का अध्ययन किया है। ऑर्गन हेल्थ एण्ड साइंस यूनिवर्सिटी, पोर्टलैंड, यूएसए में उन्होंने अपना पोस्ट डॉक्टरल प्रशिक्षण किया जहां वेस्ट नाइल वायरस जीवन चक्र में मेजबान–रोगाणु अंत:क्रिया की छानबीन की। टीएचएसटीआई में उनकी प्रयोगशाला के प्राथमिक फोकस हैं : 1. मच्छरजनित फ्लेवी वायरस के जीव विज्ञान पर विशेष फोकस सहित रोगाणुजनन में शामिल मेजबान कारकों की भूमिका को समझना और वायरस का प्रसार तथा 2. एंटी वायरल औषधि खोज के लिए वायरस के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों के लिए आमापन स्थापित करना।

डॉ. रमनदीप सिंह,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. रमनदीप सिंह ने नई दिल्ली में बायो रसायन में जैव रसायन विभाग से अपने बी.एससी., एम. एससी और पीएचडी की। उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एण्ड इंफेक्शस डिजीज, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ, यूएसए से अपनी पोस्ट डॉक्टरल अध्येतावृत्ति प्राप्त की। उनकी प्रयोगशाला का फोकस चयापचय मार्गों की पहचान और उनके सत्यापन पर है ताकि तनावपूर्ण परिस्थितियों को अपनाने के लिए माइकोबैक्टीरिया को सक्षम बनाया जा सके। इससे एम. ट्यूबरकुलोसिस के लिए नए प्रभावी औषधि लक्ष्यों की पहचान की जा सके।

डॉ. निशीथ अग्रवाल,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. निशीथ अग्रवाल ने जैव प्रौद्योगिकी में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से अपना एमएससी और दिल्ली विश्वविद्यालय से जैव रसायन में पीएचडी किया। वे बाल्टीमोर में जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका में क्षय रोग अनुसंधान केंद्र से अपनी पोस्ट डॉक्टरल अध्येतावृत्ति हेतु गए। उनकी वर्तमान अनुसंधान दिलचस्पी जीन अभिव्यक्ति और माइकोबैक्टीरियम क्षयरोग, दवा डिजाइनिंग, और एक नई टीबी वैक्सीन के विकास के रोगजनन के नियमन में निहित है।

डॉ. अमित कुमार पांडे,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. पांडे प्रशिक्षण प्राप्त पशु चिकित्सक हैं। उन्होंने उड़ीसा पशु चिकित्सा कॉलेज, भुवनेश्वर, उड़ीसा से चिकित्सा विज्ञान में अपनी स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल, हरियाणा से पशु जैव चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जत नगर से अपनी पीएचडी की। डॉ. पाण्डे ने यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का – लिंकोलिन, नेब्रास्का, यूएसए से पोस्ट डॉक्टरल कार्य किए और इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ मैसेशूट्स मेडिकल स्कूल, वर्सेस्टर, मैसेशूट्स, यूएसए में कार्य किया। डॉ. पाण्डे माइकोबैक्टीरिया के रोगाणुजनन को बेहतर रूप से समझने में योगदान देने के लिए लंबे समय से अनुसंधान में संलग्न हैं। वर्तमान में उनके प्रयोगशाला एमट्यूबरकुलोसिस के कोलेस्टेरॉल चयापचय के विनियमन और माइकोबैक्टीरियल स्थायित्व पर इसके निहितार्थों को समझने में संलग्न है।

डॉ. कृष्णमोहन आत्माकुरी,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. आत्माकुरी ने तमिलनाडु में मदुरै कामराज विश्वविद्यालय से जैव प्रौद्योगिकी में पीएचडी किया। सूक्ष्म जीव विज्ञान और आण्विक आनुवंशिक, यूटी, मेडिकल स्कूल, टेक्सस स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र, ह्यूस्टन अमरीका के विश्वविद्यालय के विभाग से एक पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान किया। उन्होंने इम्यूनोलॉजी विभाग और संक्रामक रोग, सार्वजनिक स्वास्थ्य हार्वर्ड स्कूल, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, बोस्टन संयुक्त राज्य अमेरिका से पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान किया। उनका अनुसंधान माइकोबैक्टीरिया रोगाणुजनन और मेजबान – रोगाणु अंतःक्रिया पर केन्द्रित है। उनकी अनुसंधान दिलचस्पी निम्नलिखित क्षेत्रों में है – 1. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस माध्यित रोगाणुजनन को समझने के लिए रोगाणु के साधनों, लक्ष्यों और मेजबान विशिष्ट कार्य और 2. उच्च स्तरीय चिकित्सा और टीका विकास के लिए एम. ट्यूबरकुलोसिस प्रदायगी प्रणालियां की जांच और उनका उपयोग

डॉ. मिलान सुरजीत,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. सुरजीत के पास बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री है। उन्होंने आण्विक जीवविज्ञान (विषाणु) में पीएचडी इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली से पीएचडी की और कार्यात्मक जीनोमिक्स और कैंसर पर स्ट्रासबर्ग, फ्रांस से पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान किया। टीएचएसटीआई में अपने शोध के तहत उनकी दिलचस्पी हेपेटाइटिस ई वायरस और इसके खिलाफ टीका दवाओं के विकास के जीव विज्ञान को समझने में निहित है।

डॉ. सी. टी. रंजीत कुमार,
रामालिंगास्वामी अध्येता

डॉ. रंजीत कुमार ने जैव रसायन विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर से अपनी डॉक्टरेट की है। उनका पोस्ट डॉक्टरल प्रशिक्षण जीव विज्ञान विभाग, इंडियाना यूनिवर्सिटी, ब्लूमिंगटन, आईएन, यूएसए में किया गया था। टीएचएसटीआई में आने से पहे उनकी नियुक्तियों में शामिल हैं अनुसंधान वैज्ञानिक, आण्विक और कोशिकीय जैव रसायन विभाग, इंडियाना यूनिवर्सिटी, ब्लूमिंगटन, वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी, जैव रसायन और जैव भौतिकी विभाग, टेक्सस ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी, कॉलेज स्टेशन, टीएक्स, यूएसए। डॉ. कुमार का अनुसंधान आण्विक वायरोलॉजी और सहज प्रतिरक्षा पर केन्द्रित है।

डॉ. मंजुला कालिया,
सहायक प्रोफेसर

डॉ. मंजुला कालिया ने एमएस यूनिवर्सिटी से जैव प्रौद्योगिकी में एमएससी तथा राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान से पीएचडी किया। उनके पोस्ट डॉक्टरल कार्य यूनिवर्सिटी ऑफ कैलगेरी, कनाडा में किए गए। टीएचएसटीआई में पोषी – रोगाणु अंत:क्रियाओं के अध्ययन फ्लेवी वायरस के संबंध मे किए गए और उनके अनुसंधान का फोकस सहायक कोशिकीय प्रतिक्रिया है।

डॉ. अरूप बनर्जी,
अनुसंधान वैज्ञानिक – डी

डॉ. अरूप बनर्जी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से जैव रसायन में एमएससी किया और कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान में पीएच.डी भी किया। उन्होंने डिविजन ऑफ इंफेक्शस डिजीज एण्ड इम्यूनोलॉजी, सेंट ल्यूइस यूनिवर्सिटी, मिसोरी, यूएसए में पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान किया, जहां उन्होंने हिपेटाइटिस सी वायरस संक्रमण और रोगाणुजनन के आण्विक आधार का अध्ययन किया। वर्तमान में उनकी दिलचस्पी पोषी प्रतिरक्षी मॉड्यूलेशन में वायरस संक्रमण के दौरान माइक्रो आरएनए की भूमिका को समझने में हैं।

डॉ. एम. बी. एप्पैहेगरी,
अनुसंधान वैज्ञानिक–सी

डॉ. मोहनबाबू एप्पैहेगरी ने एमएससी विषाणु विज्ञान में, तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय से किया। उन्होंने जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, दिल्ली से अपनी पीएचडी की। उनकी टीएचएसटीआई में वर्तमान अनुसंधान दिलचस्पी जीन पहचान और / वैक्सीन वितरण वैक्टर के विकास के लिए नए वायरस के लक्षण वर्णन के क्षेत्र में निहित है। फ्लेवी वायरसों के जीव विज्ञान को समझने और विभिन्न टीका / चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण फ्लेवी वायरसों के खिलाफ चिकित्सकीय दृष्टिकोण की जांच करना शामिल है।

डॉ. शंकर भट्टाचार्या,
अनुसंधान वैज्ञानिक–सी

डॉ. भट्टाचार्या ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से एम. एससी और सूक्ष्मजीव विज्ञान तथा कोशिका विज्ञान विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर से पीएचडी किया था। उनकी अनुसंधान रुचि जापानी मस्तिष्क ज्वर वायरस के संबंध में मेजबान – रोगाणु अंतःक्रिया के अध्ययन में है।

डॉ. दीपक शर्मा,
अनुसंधान वैज्ञानिक–सी

डॉ. शर्मा ने बीएससी (ऑनर्स) मानव जीव विज्ञान, एम बायोटेक और पीएचडी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से पूरा किया जो भारत का एक अग्रणी अनुसंधान संस्थान है। उनकी अनुसंधान दिलचस्पी जैव सूचना विज्ञान के क्षेत्र में है जहां वे जैविक दृष्टि से संगत पाए गए विभिन्न मुद्दों को संबोधित करेंगे जैसे वायरस रोगाणुजनन में छोटे आरएनए की भूमिका, मेटाजिनोमिक क्रम का व्यापक विश्लेषण, विनियामक मार्गों / नेटवर्कों का विच्छेद तथा मोटिफ पूर्वानुमान बनाना। इसके अलावा उनकी दिलचस्पी एम. ट्यूबरकुलोसिस पर नियंत्रण करने के लिए अभिकल्पनात्मक और आण्विक साधनों के संयोजन के उपयोग में भी है।

डॉ. रोहन धीमन,
अनुसंधान वैज्ञानिक–सी

डॉ. रोहन धीमन ने वनस्पति विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से बीएससी (ऑनर्स स्कूल), एमएससी (ऑनर्स स्कूल)। वे टेलर, टेक्सस, यूएसए में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस हेल्थ साइंस सेंटर से अपना पोस्ट डॉक्टरल अध्ययन करने गए, जहां उन्होंने एनके कोशिकाओं, तपेदिक में मोनोसाइट विषमजनन और टी विनियामक कोशिकाओं की विनियामक भूमिका का अध्ययन किया। टीएचएसटीआई में उनकी अनुसंधान रुचि रोगाणुजनक तथा गैर रोगाणुजनक माइकोबैक्टीरिया के प्रभाव द्वारा अनुकूलतात्मक और इनेट प्रतिरक्षी उत्तर के अवकल विनियमन में है।

डॉ. सैकत बोलियार,
वैज्ञानिक

डॉ. बोलियार ने युनिवर्सिटी ऑफ केंटुकी, लेक्सिंगटन, यूएसए से पीएच.डी. की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने अपनी पोस्ट डॉक्टरल अध्येतावृत्ति एमोरी युनिवर्सिटी, अटलांटा में एचआईवी–1 रोगाणुजनन पर ली और 2012 में वैज्ञानिक के रूप में टीएचएसटीआई की एचआईवी टीका ट्रांसलेशनल अनुसंधान प्रयोगशाला में कार्यभार संभाला। उनकी वर्तमान अनुसंधान रुचि (क) एचआईवी–1 संक्रमण में कोशिका प्रतिरक्षी प्रत्युत्तर और एंटीबॉडी संग्रह विविधता को समझने तथा (ख) एक सफल टीके के विकास हेतु एचआईवी–1 ईएनवी प्रोटीन के विरुद्ध व्यापक उदासीनीकारक एंटीबॉडी को अलग करने तथा लाभीकरण में है।

क्लिनिकल अन्वेषण प्रयोगशाला दलः
(बाएं से दाएं) सुश्री तरनजी कौर, श्री अमरेश कुमार, श्री पंकज घटबंधे, श्री रंजित राय, डॉ. सुधांशु व्रती, डॉ. दीपक मोरे, श्री आशीष त्यागी, श्री इमरान खान और श्री श्रवणबासवा

वीआईडीआरसी अनुसंधान समर्थन

श्री विशाल गुप्ता	वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी	सुश्री शिखा मलिक	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
डॉ. मधु पारीक	तकनीकी अधिकारी–1	सुश्री मलिका	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
सुश्री सोनाली पी. कर्मकार	तकनीकी अधिकारी–1	श्री अंकित कपूर	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
श्री सकिब किदवई	तकनीकी अधिकारी–1	श्री उत्सव सेन	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
डॉ. मनप्रीत कौर	वैक्सीन टेक्नोलॉजिस्ट	सुश्री श्वेता वार्ष्णे	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
सुश्री अर्पिता मिश्रा	सहायक वैक्सीन टेक्नोलॉजिस्ट	श्री अंकित कपूर	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
श्री सरनबसावा	सहायक वैक्सीन टेक्नोलॉजिस्ट	श्री उत्सव सेन	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
डॉ. प्रभाकर तिवारी	अनुसंधान एसोसिएट	सुश्री मनीषा भारद्वाज	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
डॉ. हेमंत कुमार गुप्ता	अनुसंधान एसोसिएट	सुश्री हिमानी ठक्कर	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
सुश्री ममता सिंह	वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता	श्री इमरान खान	लैब तकनीशियन
सुश्री गरिमा अरोरा	वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता	श्री रंजीत राय	लैब तकनीशियन
श्री सौगता रॉय	वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता	श्री बृहस्पति नारायण शुक्ला	लैब तकनीशियन
सुश्री इरा चौधरी	वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता	श्री संदीप गोस्वामी	लैब तकनीशियन
सुश्री करिश्मा बक्शी	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता	श्री मनीष बंसल	लैब तकनीशियन
सुश्री आकृति श्रीवास्तव	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता	सुश्री शिल्पा पाटिल	लैब तकनीशियन
श्री निशांत जोशी	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता		

बाल रोग जीव विज्ञान केन्द्र (पीबीसी)

समग्र मिशन

बाल रोग जीव विज्ञान केन्द्र (पीबीसी) का लक्ष्य एक अंतर विषयक अनुसंधान केन्द्र के रूप में कार्य करना है, जहां बाल्यावस्था में स्वास्थ्य और रोग के जैविक आधार पर अनुसंधान किया जाएगा, जिसके परिणाम स्वरूप ज्ञान प्रेरित हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकियां तैयार होंगी जो स्थायी रूप से कार्यान्वित की जा सकें। यह विषम विषयक मंच बाल रोग, संक्रामक रोग जीव विज्ञान, महामारी विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकी, कोशिका और आण्विक जीव विज्ञान तथा कायिक जीव विज्ञान जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों के बीच का अंतर दूर करते हुए लक्ष्य को पूरा करने के लिए बनाया गया है।



चित्र 21 : यांत्रिक और आकस्मिक ज्ञान को सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों के लिए महत्वपूर्ण ठोस स्थायी हस्तक्षेपों के विकास में रूपांतरित करना

अनुसंधान डोमेन

पीबीसी के अनुसंधान प्रयास एक ओर क्लिनिकल तथा जनसंख्या महामारी विज्ञान के बीच अंतराल को दूर करने पर केन्द्रित हैं, दूसरी ओर यह नवजातों, शिशुओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं के ठोस स्थायी समाधान प्राप्त करने का वास्तविक मिशन है।

भारतीय बच्चों के लिए अनेक उत्तरजीविता और विकास चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण क्षेत्र छोटे शिशुओं में संक्रामक रोगों को समझने में आने वाली कमी है, जिसका कारण प्रतिरक्षी प्रणाली और इसकी परिपक्वता के एक स्पष्ट लाक्षणीकरण का अभाव है। विषम विषय कार्यक्रमों को आरंभ करते हुए पीबीसी में प्रतिरक्षी परिपक्तवता और शिशुओं में संक्रमण तथा टीकों के क्षतिग्रस्त प्रत्युत्तर के मापन के साधन और प्रक्रियाओं का विकास किया गया है।

जन्म और आरंभिक शिशु अवस्था में प्रतिरक्षी साइटोम की प्रोफाइलिंग पर इस दिशा में पहला कदम यह समझने के लिए बढ़ाया गया है कि जीवन के आरंभिक समय में संक्रमणों की प्रतिरक्षी पोषी प्रतिक्रियाओं के आंतरिक प्रतिमान कैसे हैं। एक अन्य प्रयास में मां, भ्रूण तथा शिशु में पोषक तत्वों की कमी के परिणामों के लिए यांत्रिक माडलों को समझने, संक्रमण और प्रतिरक्षा के साथ इसकी अंत:क्रियाओं को जानने के अन्य प्रयास किए गए हैं।

नैदानिक और चिकित्सीय लक्ष्यों को पहचानने के लिए जटिल तथा बहु कारक बाल्यावस्था रोगों के जीव विज्ञान के अध्ययन तथा चिकित्सीय लक्ष्यों और ऐसे क्षेत्र में बाल गुर्दा रोगों के अध्ययन के लिए भी कार्यक्रम आरंभ किए गए हैं। आकस्मिक जैविक और गैर जैविक जोखिमों द्वारा समयपूर्व जन्म और भ्रूण वृद्धि प्रतिबंध तथा इनके क्लिनिकल परिणामों को समझने के लिए एक विशाल बहु विषयक कार्यक्रम का विकास किया गया है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य महत्वपूर्ण ज्ञान प्रेरित हस्तक्षेपों को आगे बढ़ाना है।

एक अन्य लक्ष्य भारत में बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के नवाचारी, स्थायी समाधानों की संकल्पना, जांच और अपनाने के लिए आधुनिक मूलभूत जीव विज्ञान तथा प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकियों का विकास तथा उपयोग है।

अब तक की प्रगति

वर्ष 2012–13 में बाल रोग जीव विज्ञान केन्द्र का प्रयास और अनुसंधान मूल संरचना को पिछले दो वर्षों में बढ़ाया गया था और यहां जारी परियोजनाओं में प्रगति जारी रखी गई है। वैज्ञानिक सलाहकार समूह ने इसे मान्यता दी है कि पीबीसी में अपने कार्य में अब तक ट्रांसलेशन के प्रति स्पष्ट वचनबद्धता दर्शाई गई है और यह महत्वपूर्ण है कि यह फोकस इसके कार्य में केन्द्रीय बना रहे।

क्लिनिकल अनुसंधान केन्द्र

'बैंच से वास्तविक उपयोग तक' या **'वास्तविक उपयोग से बैंच और वापस वास्तविक उपयोग तक'** की सुविधा देने के लिए पीबीसी द्वारा गुड़गांव के नजदीकी जिला अस्पताल में एक क्लिनिकल अनुसंधान केन्द्र बनाया गया है, जो तृतीय शैक्षिक चिकित्सा केन्द्रों के अस्पतालों के बाहर बुनियादी स्तर के कार्यान्वयन योग्य क्लिनिकल अनुसंधान के मॉडल के रूप में कार्य करता है।

चित्र 22 : 'बैंच से वास्तविक उपयोग तक' या 'वास्तविक उपयोग से बैंच और वापस वास्तविक उपयोग तक' मार्ग के लिए अनुसंधान प्रयास में प्रयोगशालाओं को क्लिनिक के पास लाना।

शैक्षिक फिजिशियन के साथ सुस्थिर क्लिनिकल भागीदार

पीबीसी ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और सफदरजंग अस्पताल (एसजेएच) और कलावती शरण चिल्ड्रन अस्पताल (केएससीएच) जैसे संस्थानों में दिल्ली के अन्य शैक्षिक संस्थानों के साथ भागीदारी विकसित की है।

चित्र 23 : अन्य सुस्थिर क्लिनिकल भागीदार

डोमेन 1. शिशु में संक्रमण तथा टीकों के प्रति प्रतिरक्षी परिपवक्ता और पोषी प्रतिरक्षी प्रत्युत्तरों को मापने के लिए विषम विषयक कार्यक्रम

अध्ययन 1 : जन्म / आरंभिक शिशु अवस्था में प्रतिरक्षी साइटोम की प्रोफाइलिंग

'गर्भावस्था की आयु से छोटे तथा गर्भावस्था आयु के नवजातों के लिए उपयुत शिशुओं में गर्भनाल रक्त प्रतिरक्षी मार्करों का क्रॉस सेक्शनल अध्ययन'।

संस्थान एथिक्स समिति संदर्भ सं. : एथिक्स / पीबीसी / 2010–11 / 2

पीबीसी अनुसंधान टीम : नित्या वाधवा, सत्यजीत रथ, विनीता बाल, दीपक राठौर, उमा चंद्रा मौली नटचु, शैलजा सूपूरी, शिंजिनी भटनागर

प्रधान अन्वेषक : नित्या वाधवा
स्थल अन्वेषक :

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी)	वर्धवान महावीर मेडिकल कॉलेज एण्ड सफदरजंग अस्पताल (वीएमसीसी एण्ड एसजेएच)	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)	जनरल अस्पताल गुड़गांव (जीएचजी)
डॉ. रेवा त्रिपाठी डॉ. सिद्धार्थ रामजी	डॉ. अरुणा बत्रा डॉ. केसी अग्रवाल डॉ. हरिश चेलानी डॉ. सुनीता मलिक डॉ. निवेदिता सरदा डॉ. सुगंधा आर्य	डॉ. वी के पॉल डॉ. नीरज भाटला डॉ. रमेश अग्रवाल डॉ. मंजु सक्सेना	डॉ. निधि अग्रवाल डॉ. उमेश मेहता

समन्वयक संस्थान :

पीडिएट्रिक बायोलॉजी सेंटर, ट्रांसलेशन हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, गुड़गांव

तर्काधार

भारत में नवजात मृत्युदर (39/1000 जीवित जन्म) इसके शिशु मृत्यु दर 57/1000 जीवित जन्म का लगभग दो तिहाई है विशेषकर उन बच्चों में जिनका जन्म के समय वज़न कम होता है। गंभीर दैनिक संक्रमण जो कि 30–40 प्रतिशत होता है, नवजात शिशु दर का महत्वपूर्ण कारण है विशेष रूप से उन विकासशील देशों में जहां शिशु मृत्यु दर अधिक होती है। ऐसी उच्च मृत्युदर के लिए पूर्ण रूप से विकसित न हुई प्रतिरक्षक प्रणाली एक संभावित कारण है। नवजात शिशुओं में प्रतिरक्षा प्रणाली प्रमाणात्मक और गुणात्मक रूप से भिन्न होती है और परिपक्व वयस्क प्रतिरक्षा प्रणाली से भिन्न कार्य करता है। जिसके कारण नवजात शिशु संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। अपरिपक्व नवजात प्रतिरक्षा प्रणाली आरंभ से ही अनुकूल प्रणाली के विकसित होने तक मुख्यतः स्वाभाविक प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं पर निर्भर होता है। संक्रमणों के दौरान नवजातों में बढ़ती रुग्णता संभवतः प्रतिरक्षा प्रणाली के स्वाभाविक और अनुकूलक घटकों के असंतुलित कार्यकरण हो सकती है। लागत प्रभावी पोषण अनुपूरक तत्वों जो संक्रमण के दौरान रुग्णता को कम करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करते हैं, सहित अन्य उपाय नवजातों में संक्रमण को कम करते हैं और उनकी संघातिकता पर ध्यान दिए जाने तथा उसके बारे में और जानने की आवश्यकता है। नवजात शिशुओं और बच्चों में प्रतिरक्षा प्रणाली का विकास और परिपक्वता का स्पष्ट विवरण नहीं है जिसके कारण इस अवधि में संक्रामक रोगों और प्रतिरक्षा विज्ञान के बारे में पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। हम कई अध्ययनों के माध्यम से इस क्षेत्र के बारे में जानना चाहते हैं। इस दिशा में पहले कदम के रूप में हम कार्ड ब्लड में विभिन्न प्रतिरक्षा मार्करों के अध्ययन द्वारा एजीए और एसजीए नवजातों में जन्म के समय प्रतिरक्षा प्रोफाइल को देखेंगे। इसमें महत्वपूर्ण प्रश्न हैं कि 1. एजीए और एसजीए नवजातों के प्रतिरक्षा प्रणाली प्रोफाइल में क्या अंतर है और 2. क्या माइक्रोन्यूट्रिएन्ट्स जैसे सीरम जिंक या विटामिन डी और जन्म के समय प्रतिरक्षा प्रोफाइल में संबंध संभव है। यह प्रति खंडीय सर्वेक्षण भावी परीक्षणों हेतु संबद्ध लेकिन स्वतंत्र परिकल्पना के लिए साक्ष्य जुटाने का आधार है।

अप्रैल 2011 में आरंभ किए गए इस कार्यक्रम के पहले चरण का मुख्य उद्देश्य एजीए (गर्भाधान की उचित आयु) और एसजीए (गर्भाधान आयु से कम) के (> = 37 सप्ताह) की अवधि में जन्मे शिशुओं में कार्ड ब्लड का इम्युनोफीनोटाइपिक लक्षण वर्णन करना और एजीए और एसजीए नवजातों के प्रतिरक्षा मानकों (सीडी 4 : सीडी 8 अनुपात सहित) में किन्हीं अंतरों को देखना है। इसके गौण उद्देश्य प्रतिरक्षा मानकों और जन्म भार, प्रतिरक्षा मानकों और कार्ड ब्लड जिंक सांद्रणों और प्रतिरक्षा मानकों तथा कार्ड ब्लड विटामिन डी सांद्रणों में संबंधों को प्रलेखित करना था।

प्रकल्पित किए गए प्रमुख निष्कर्ष निम्नलिखित हैं :

मल्टी कलर फ्लोसाइटोमीटरी के उपयोग द्वारा डब्ल्यूबीसी इम्युनोफीनोटाइपिंग :

- म्यूट्रोफिल्स, डेन्ड्राइटिक कोशिका, नेचुरल किलर कोशिका, मोनोसाइटस और इसके सबसेट्स, टी लिम्फोसाइट्स और इसके सबसेट्स, टी रेज कोशिका, बी कोशिका और इसके सब्सेट, एनकेटी कोशिका, बीआईबी कोशिका और टीसीआर गामा डेल्टा कोशिका की सापेक्ष आवृतियां और पूर्ण सांद्रण।

- बीटा टी कोशिका के अकृत्रिम और संवेदनग्राही मैमोरी और केंद्रीय मैमोरी घटकों की सापेक्ष आवृत्तियां।
- इम्युनोग्लोबुलिन आईजीए और आईजीजी सांद्रण।
- संपूर्ण ब्लड कोशिका का इनविट्रो पॉलीक्लोनल टी कोशिका एक्टिवेशन और तत्पश्चात् टी कोशिका कार्यों के लिए ईएलआईएसए या फ्लोसाइटोमीट्रिक विधियों द्वारा साइटोकाइन प्रेरण की जांच करना।
- संपूर्ण ब्लड कोशिका का इनविट्रो एंटीजेनिक एक्टिवेशन और तत्पश्चात् टी कोशिका कार्यों के लिए ईएलआईएसए या फ्लोसाइटोमीट्रिक विधियों द्वारा साइटोकाइन प्रेरण की जांच करना।

संबंधित नीतिगत अनुमोदन प्राप्त करने, साइट तैयार करने, प्रलेख तैयार करने और कर्मचारियों की भर्ती के पश्चात् अध्ययन शुरू किया गया। चार क्लिनिकल साइटों (एम्स, एमएएमसी, एसजेएच और जीएचजी) में अध्ययन प्रक्रियाओं (कार्ड ब्लड एकत्र करना, सैम्पल लाना ले जाना और प्रयोगशाला जांच) का मानकीकरण किया गया। जानकारी लेने (जन्म के समय वज़न, कार्ड ब्लड सीरम, जिंक और विटामिन डी सांद्रण) और परिणामों (इम्युन साइटोम) की नियमित पहचान और आकलन करने हेतु क्लिनिकल रिसर्च स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। अनुसंधान दल के सदस्यों में नियमित रूप से मानकीकरण कार्यकलाप किए गए ताकि चार क्लिनिकल साइटों के भीतर इंटरा – ऑबसर्वर और इंटर ऑब्जर्वर भिन्नता को कम किया जा सके।

विषय का नामांकन शुरू करना

पात्र माताओं और उनके नवजातों का नामांकन 01 अप्रैल 2011 से एम्स में शुरू किया गया। 2012 में इसमें अन्य तीन केंद्रों को भी चरणबद्ध रूप में शामिल कर लिया गया। अनुसंधान दल द्वारा 34 सप्ताह के गर्भ के बाद किसी भी समय प्रसवपूर्व क्लिनिक में आने वाली माताओं की जांच की गई। पात्रता मानदण्ड पूरे करने वालों से इस संबंध में सहमति मांगी गई।

नैदानिक विधि (संक्षेप में)

शोधकर्ता नर्सों द्वारा गर्भाधान के 34 सप्ताह के बाद किसी भी समय नियमित जांच हेतु प्रसव पूर्व क्लिनिक में आने वाली माताओं की स्क्रीनिंग की गई। यदि वे एक बच्चे को जन्म देने वाली हैं और योनि मार्ग से पूर्ण अवधि प्राप्त कर चुकी हैं तो वे अध्ययन हेतु पात्र हैं। उनसे जानकारी देते हुए विस्तृत स्वीकृति प्राप्त की गई। एक बार स्वीकृति देने के बाद जब ये माताएं प्रसव दर्द के साथ प्रसव कक्ष में आई जो उनकी जांच की गई। यदि मां ने योनि मार्ग से बिना किसी उपकरण की सहायता से पूर्ण अवधि युक्त एक शिशु को जन्म दिया है और प्रसव दर्द बहुत अधिक लंबा नहीं रहा तो मां इंटरापार्टम पात्रता को पूरा करती है। उसके नवजात का 'जन्म पर' पात्रता हेतु तत्काल मूल्यांकन किया गया। यदि नवजात भी पात्र पाया गया तो प्लैसेंटा डिलीवरी करने के बाद प्लैसेंटा से जुड़ी कोर्ड के कटे हुए भाग से कोर्ड ब्लड एकत्र किया गया। कोर्ड ब्लड डब्ल्यूबीसी की इम्युनोफीनोटाइपिंग, कुल ल्यूकोसाइड काउंट, विभेदक ल्यूकोसाइट काउंट सीरम जिंक, विटामिन डी और इम्युनोग्लोबुलिन्स ए और जी के लिए एकत्र किया गया। यदि स्वीकृति दी गई है तो अधिक सीरम भण्डार किया गया।

प्रयोगशाला जांच

इम्युनोलॉजिकल जांच :

नाल से एकत्र रक्त की इम्युनोफीनोटाइपिंग की गई। यह मुख्यतः टी कोशिका, बी कोशिका, डेंड्राइटिक कोशिका, एनके कोशिका, मोनोसाइट्स / मैक्रोफेजेज तथा टी कोशिका सबसेट यथा टी रेज कोशिका, गामा डेल्टा कोशिका, बीटा कोशिका की स्वाभाविक संवेदनकारी और केंद्रीय मैमोरी सबसेट के लिए की गई। विभिन्न कोशिका सतह मार्करों हेतु विभिन्न फ्लूरोफोरस के मिश्रण प्रयुक्त किए गए। चार गोल तल वाली 12 X 7.5 मिली मीटर ट्यूब्स पर ए, बी, सी और डी और सैम्पल पहचान संख्या अंकित की गई। समुचित रूप से लेबल की गई ट्यूब में ए, बी, सी और डी प्रकार का 20 माइक्रोलीटर फ्लूरोक्रोम कॉकटेल डाला गया। प्रत्येक ट्यूब में 100 माइक्रोलीटर अच्छी तरह से मिलाया हुआ, नान हीमोलाइज्ड हीपेरिनाइज्ड रक्त डाला गया। ट्यूब का मुंह बंद किया गया, धीरे धीरे जलावर्त कर मिलाया गया और अंधेरे में बर्फ में 30 मिनट तक उद्भवन किया गया था एल्युमिनियम फॉयल के साथ स्टेनिंग ट्रे से कवर दिया गया ताकि यह सीधे प्रकाश के संपर्क में न आए। उद्भवन के अंत में इसमें कमरे के तापमान पर रखे गए 900 माइक्रोलीटर आरबीसी लाइजिंग मिश्रण को डाला गया। ट्यूब्स में ढक्कन लगाया गया और धीरे धीरे जलावर्त कर मिलाया गया। 15 मिनट अंधेरे में कमरे के तापमान पर उद्भवन किया गया और तत्काल बाद फ्लोसाइटोमीटर पर विश्लेषण किया गया। यदि सैम्पलों का तत्काल विश्लेषण नहीं किया जा सका तो उन्हें अंधेरे में 40 से. पर रखा गया और वास्तव में परिचालन से पूर्व उन्हें जलावर्त किया गया।

मोनोसाइट्स, बीकोशिका और डेन्ड्राइटिक कोशिका सबसेट्स को दर्शाने वाला कोर्ड ब्लड को चित्र 24 में दिया गया है।



चित्र 24 : फ्लो साइटोमीटरी द्वारा विशिष्ट फीनोटाइप चिह्न के विशिष्ट सबसेट का निरुपण *(क) कॉर्ड रक्त में विभिन्न कोशिकाओं के साइज़ और कण के प्रकार (ख) मोनोसाइड सबसेट (ग) बी कोशिका सबसेट (घ) डेंड्रिटिक कोशिका सबसेट*

माइक्रोन्यूट्रिएंट प्राक्कलन

सीरम जिंक

नाल से पोलीप्रोपाइलीन सिरिंजों में 5 मिली सैम्पल लिया गया और फिर इसे 18–22 गेज नीडल्स के द्वारा सूक्ष्म तत्व रहित पोलीप्रोपाइलीन ट्यूब में डाला गया ताकि जिंक संदूषण को कम किया जा सके। इन नमूनों को अपकेंद्रित किया गया और सीरम को 200 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा गया। एम्स स्थित माइक्रोन्यूट्रिएंट प्रयोगशाला में फ्लेम फर्नेस परमाणु आमेलन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (जीबीसी अवांता, डैंडिनोंग, विक्टोरिया, ऑस्ट्रेलिया) से मानक तकनीकों द्वारा जिंक सांद्रता का विश्लेषण किया गया और सीरोनोर्म (सीरो एएस, बिलिंगस्टाड, नार्वे) को संदर्भ के रूप में रखा गया।

सीरम विटामिन डी

कुल 25 हाइड्रोक्सी विटामिन डी (250एचडी) का केमिलुमिनिसेंट जांच द्वारा विश्लेषण किया गया। सीरम का एंटीविटामिन डी कोटेड सूक्ष्मकणों और आइसोलुमिनोल व्युत्पन्न संयुग्मित 250 एचडी के साथ केमिलुमिनिसेंट सिग्नल के मापन से पूर्व उद्भवन किया गया।

डेटा प्रबंधन और समवर्ती डेटा प्रविष्टि

शोधकर्ता नर्स द्वारा स्क्रीनिंग और रिकॉर्डिंग फार्म पूर्ण करने के पश्चात् क्लिनिकल साइट के प्रभारी शोधकर्ता अधिकारी (आरओ) द्वारा उसकी मैनुअली जांच की गई। किसी भी तरह के प्रश्नों का साइट पर समाधान किया गया। तत्पश्चात् फॉर्मों को बैच प्राप्ति फार्म (बीआरएफ) के साथ दूसरे शोधकर्ता अधिकारी के पास भेजा गया और उन्होंने भी फार्मों की जांच की। कोई समस्या होने पर फार्म को प्रश्न फार्म के साथ साइट आरओ के पास भेजा गया। उसके बाद साइट आरओ ने समस्या का समाधान कर फार्म को जवाब सहित दूसरे आरओ को वापस भेज दिया। दूसरे आर ओ ने दो बार जांच किए गए फार्मों को बीआरएफ सहित पीबीसी स्थित डेटा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) को भेज दिया। दो अलग अलग डेटा एंट्री ऑपरेटरों द्वारा एमएस एसीसीईएसएस के उपयोग से निरंतरता रेंज और तार्किक जांच करते हुए इंटरएक्टिव डबल डेटा एंट्री के रूप में एक साथ डेटा की प्रविष्टि की गई। इसमें समुचित संशोधन किए गए। इस प्रविष्टि फाइल को फिर सुरक्षित सर्वर में रख लिया गया। प्रविष्टि के बाद प्रत्येक विषय से संबंधित फार्म को पृथक फोल्डर में रखा गया जिस पर अध्ययन कोड संख्या लिखी हुई थी और इसे पीबीसी के डेटा प्रबंधन कार्यालय में रैकों में रख दिया गया। कार्यालय को बंद कर दिया गया और यहां पर केवल सीमित अध्ययन स्टाफ ही जा सकता था।

समग्र गुणवत्ता नियंत्रण पर्यवेक्षण

प्रधान जांच कर्ता (पीआई) ने क्लिनिकल साइटों का पर्यवेक्षण किया और उनका समन्वय किया। अनुसंधान साइड अधिकारी द्वारा स्क्रीन की गई नामांकन की गई और डिलीवरी वाली माताओं के ब्योरे सहित साप्ताहिक फीडबैक फार्म भेजा गया। इन फीडबैक फार्मों की अध्ययन दल की साप्ताहिक बैठकों के दौरान पीआई द्वारा सप्ताह में एक बार समीक्षा की जाती थी और इन पर हस्ताक्षर किए जाते थे।

आरओ द्वारा सप्ताह में एक बार साइट शोधकर्ता दल के साथ समीक्षा बैठकें की गई। इन बैठकों के दौरान मानकीकरण कार्यकलाप किए गए। पीआई की अध्ययन शोधकर्ता दल के साथ माह में एक बार बैठक होती थी। उनकी डेटा प्रबंधन दल के साथ प्रत्येक माह समीक्षा बैठक होती थी। पीआई और साइट जांचकर्ता (एसआई) द्वारा अध्ययन की प्रगति की प्रत्येक माह समीक्षा की गई।

एसआई ने सभी अध्ययन रोगियों की प्रत्येक दिन समीक्षा की और अपनी साइट पर पूरे दल के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की।

प्रयोगशाला जांच का गुणवत्ता नियंत्रण

डब्ल्यूबीसी की इम्युनोफीनोटाइपिंग

पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रसंस्कृत सैम्पलों की गहन समीक्षा के बाद प्रत्येक मंगलवार को बैठक का आयोजन किया जाता था। इनमें जांच में आ रही अभिज्ञात कठिनाइयों को दूर करने संबंधी कार्यनीति बनाई जाती थी।

सीरम जिंक जांच

सभी सैम्पलों जिन्हें एम्स की माइक्रोन्यूट्रिएंट प्रयोगशाला में सीरम जिंक प्राक्कलन हेतु भेजा गया, उन पर प्रत्यक्ष रूप से कोई पहचान अंकित नहीं थी। ज्ञात मानों के सैंपलों का एक सीरम तैयार किया गया और 500 माइक्रोलिटर के संखंड बनाए गए। अंतर जांच प्रजननीयता के लिए इन समान सीरम संखंडों को प्रत्येक जांच में प्रयुक्त किया गया और मानक विचलन की गणना की गई। अंतरा जांच विभिन्न के लिए एक सैम्पल के कई संखण्डों का उपयोग किया गया और उन्हें 8–10 सैम्पलों के अंतर पर लिया गया। उसके बाद मानक विचलन की गणना की गई। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए यादृच्छिक सैम्पलों का दो बार (कम से कम 10 सैम्पलों के अंतर पर) उपयोग किया गया।

सांख्यिकीय विश्लेषण

सैम्पल आकार :

सैम्पल आकार की गणना हमारी सेटिंग में पूर्व में किए गए अध्ययन के आंकड़ों के आधार पर की गई जिसमें 25 ए जी ए और 25 एस जी ए नवजातों में सीडी 4 : सीडी 8 अनुपात क्रमश : 2.17+0.32 और 1.66+0.31 था। अस्पताल की लेखा परीक्षा के आधार पर एजीए : एसजीए जन्मों का अनुमानित अनुपात 6:1 होगा। उक्त अध्ययन में आंकड़ों से एजीए और एसजीए नवजातों का सीडी4:सीडी8 अनुपात, 0.96 का व्यापक एसडी (फ्लोसाइटोमीट्रिक विश्लेषण के मानकीकरण के दौरान प्राप्त) और 6:1 का अनुपात लेकर 90 प्रतिशत पावर और 5 प्रतिशत की त्रुटि सहित एजीए और एसजीए नवजातों में सीडी4:सीडी8 अनुपात के माध्यों की तुलना हेतु सैम्पल आकार गणना क्रमशः 264 और 44 थी।

डेटा प्रबंधन टीम के साथ डॉ. वाधवा, बाएं से दाएं श्री धर्मेन्द्र शर्मा, श्री मुकेश जुयाल, सुश्री शिल्पा चोपड़ा और श्री राज कुमार तंवर

कंप्यूटर सॉफ्टवेयर स्टेटा (संस्करण 12) के प्रयोग से डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है। प्रत्येक प्रतिरक्षा मार्कर की सैट काउंट की गणना की गई है। सामान्य रूप से वितरित डेटा के लिए माध्य और मानक विचलन मान दिए जाएंगे। चूंकि प्रतिरक्षा मार्करों की सही काउंट सामान्यता नहीं दी जाती, इसलिए समुचित लॉग अंतरण किया जाएगा और मान मणितीय माध्य और 95 प्रतिशत सीआई के रूप में दिया जाएगा। जहां पर ऐसा करना संभव नहीं होगा, वहां माध्यिका और आईक्यूआर मान दिए जाएंगे।

सभी प्रतिरक्षा मार्करों विशेष रूप से सीडी4:सीडी8 अनुपात और जन्म के समय वज़न, प्रतिरक्षा मार्करों और कॉर्ड ब्लड सीरम जिंक तथा प्रतिरक्षा मार्कर और कॉर्ड ब्लड विटामिन डी, में संबंध निर्धारित किया जाएगा।

प्रसंस्कृत और विश्लेषित सैम्पलों का सार नीचे दिया गया है। पूर्णकालिक एजीए और एसजीए नवजातों में विभिन्न प्रतिरक्षा मार्करों, सीरम जिंक, विटामिन डी की तुलना अन्कोवा (एएनसीओवीए) द्वारा की जा रही है।

परिणाम :

अध्ययन विवरण :

पिछले 48 महीनों में चार क्लिनिकल साइटों के प्रसव पूर्व क्लिनिक में आने वाली 34 सप्ताह या उससे अधिक की गर्भाधान अवधि की माताओं में से **1584 माताओं की स्क्रीनिंग** की गई। 425 (27 प्रतिशत) माताएं अध्ययन हेतु पात्र नहीं पाई गई (चित्र 25)। 1123 पात्र माताओं में से 200 ने कोर्ड ब्लड देने की सहमति नहीं दी। जिन 921 माताओं ने सहमति दी थी, उनमें से इंटरापार्टम अवधि के दौरान 22 को इसमें से निकाल दिया गया। 358 पात्र माताओं से कोर्ड ब्लड नहीं लिया जा सका

क्योंकि उनकी डिलीवरी या तो कार्य समय के दौरान नहीं हुई या फिर छुट्टी के दिन हुई। 541 नवजात शिशुओं **(452 गर्भाधान आयु के लिए उचित थे और 50 गर्भाधान आयु से कम थे) कोर्ड ब्लड एकत्र किया गया।**



चित्र 25 : अध्ययन विवरण

एजीए और एसजीए नवजातों की प्रतिरक्षा प्रणली विवरणों में अंतर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे सीरम जिंक या विटामिन डी और जन्म के समय प्रतिरक्षा विवरण में संभावित संबंध के आकलन हेतु विश्लेषण किया जा रहा है।

अध्ययन 2 : ''स्वस्थ वयस्कों के प्रतिरक्षा मार्करों की पूर्णकालिक नवजात शिशुओं के साथ तुलना'' (इस अध्ययन को ''क्रॉस सेक्शनल स्टडी ऑफ कोर्ड ब्लड इम्युन मार्कर्स इन टर्म एप्रोप्रिएट फॉर गेस्टेशनल एज एण्ड स्माल फॉर गेस्टेशनल एज़ नियोनेट्स'' के अनुपूरक के रूप में शुरू किया गया)

पीबीसी शोधकर्ता दल : नित्या वाधवा, सत्यजीत रथ, विनीता बल, दीपक, राठौर, उमा चंद्रमौली नाचू, शैलजा सोपोरी, शिंजिनी भटनागर

प्रधान अन्वेषक : नित्या वाधवा

पृष्ठभूमि : पेरिनेटल इम्युनोबायोलॉजी को समझने के अगले चरण के रूप में **हमारा प्रस्ताव है कि पूर्णकालिक नवजातों और स्वस्थ वयस्कों के प्रतिरक्षा विवरणों की तुलना की जाए।**

यद्यपि अन्य समूहों द्वारा कुछ कॉर्ड ब्लड सबसेटों का विवरण देते हुए और वयस्क के रक्त के साथ उनकी तुलना करते हुए कई अध्ययन किए गए हैं, तथापि ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है जिसमें सभी कोशिका वंशावलियों और उनके सबसेटों की व्यापक तुलना की गई हो।

इसका **प्राथमिक उद्देश्य** स्वस्थ वयस्कों और पूर्णकालिक नवजातों की प्रतिरक्षा प्रणाली के मार्करों की तुलना करना है।

प्रविधि का संक्षिप्त सार : एनसीआर में 4 क्लिनिकल साइटों (जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है) से क्रास सेक्शनल अध्ययन में डिलीवरी के तत्काल पश्चात् पात्र नवजातों से कॉर्ड ब्लड लिया गया। कॉर्ड ब्लड लेने हेतु पात्रता की स्क्रीनिंग के तीन चरण हैं 1. मां के 34वें सप्ताह या उससे अधिक की गर्भाधान अवधि के बाद किसी भी समय प्रसव पूर्व क्लिनिकल में नियमित जांच हेतु आने पर ताकि प्रसव पूर्व पात्रता का निर्धारण किया जा सके 2. इंटरा–पार्टम अवधि के दौरान जब मां प्रसव पीड़ा में हो, और 3. नवजात शिशु के जन्म के तत्काल बाद। मां के पात्रता शर्तें पूरी करने के बाद प्रसव पूर्व अवधि में उन्हें जानकारी देते हुए उनसे सहमति ली जाती है। यदि मां पात्र है और उसने स्वीकृति दे दी है तो शोधकर्ता नर्सें प्रत्येक तीन घण्टे पर प्रसव की प्रगति पर नज़र रखती हैं। नवजात के योनिमार्ग से जन्म लेने के पश्चात् प्रतिरक्षा मार्करों, सीरम जिंक, विटामिन डी और थायरायड प्रेरक हार्मोन स्तरों हेतु कॉर्ड ब्लड सैम्पल लिए जाते हैं।

गुड़गांव में दो संस्थानों, टीएचएसटीआई और आरसीबी तथा मानेसर में एक एनबीआरसी के स्वयंसेवियों से वयस्क स्वस्थ रक्त लिया जाता है। वेरिफेरल रक्त लेने हेतु पात्रता की जांच के पश्चात् और वयस्क वालंटियर की जानकारी में उससे सहमति लेने के बाद वालंटियर से प्रतिरक्षा मार्करों, सीरम जिंक, विटामिन डी और लिपिड प्रोफाइल के लिए लगभग 10 मिली लिटर पेरिफेरल रक्त लिया जाता है।

पीबीसी के प्रयोगशाला के कर्मचारी प्रतिरक्षा मार्करों हेतु कोर्ड / वयस्क रक्त की जांच करते हैं। एम्स का तकनीकी सहायक सीरम जिंक जांच करता है। विटामिन डी की जांच हेतु सीरम का पीडिएट्रिक बायोलॉजी सेंटर में केमिलुमिनिसेंट जांच द्वारा विश्लेषण किया जा रहा है।

प्रारंभिक कार्य पूर्ण हुआ

टीएचएसटीआई आचार समिति से नीतिगत स्वीकृतियां प्राप्त करने के सभी जांचकर्ताओं के साथ कई बैठकों के बाद मानक प्रचालन प्रक्रियाएं, स्क्रीनिंग और केस रिकॉर्डिंग फार्म तैयार करने अध्ययन कर्मचारियों की भर्ती और उन्हें प्रशिक्षण; वयस्क रक्त सैम्पलों की प्रयोगशाला जांच का प्रारंभिक मानकीकरण करने के प्रारंभिक तैयारी के चरण के पश्चात् पात्र वयस्क वालंटियरों का नामांकन दिसंबर 2012 में शुरू किया गया।

29 पात्र माताओं नवजातों से कॉर्ड ब्लड और 27 पात्र वालंटियरों से वयस्क रक्त लिया गया। मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 29 कॉर्ड ब्लड सैम्पलों और 27 स्वस्थ वयस्क वालंटियर पेरिफेरल रक्त सैम्पलों इम्युनोफीनोटाइपिंग की गई। विभिन्न कोशिका सतह मार्करों के लिए विभिन्न फ्लूरोफोर्स के साथ मिश्रणों का प्रयोग किया गया। तत्पश्चात् सैम्पलों को बीडीएफएसीएस एरिया 3 या बीडीएफएसीएस कैंटो 2 फ्लोसाइटोमीटरों पर लिया गया फ्लोरो सॉफ्टवेयरों के प्रयोग से डेटा का विश्लेषण किया गया।

इन सैम्पलों का विभिन्न प्रकार की प्रतिरक्षा कोशिकाओं जैसे विभिन्न कोशिका वंशावलियों यथा ग्रेनुलोसाइट्स, लिंफोसाइटस मोनोसाइट्स, डेन्ड्राइटिक कोशिका और उनकी उप जनसंख्याओं जैसे टी कोशिका सबसेट्स (हेल्पर, साइटोटॉक्सिक, स्वाभाविक, मैमोरी, टीसीआर गामा डेल्टा, विनियामक), बी कोशिका सबसेट्स (स्वाभाविक मैमोरी और बी1बी); डेंड्राइटिक कोशिका (मायलायड और प्लाज्मासायटायड डीसी), प्राकृतिक किलर कोशिका और मोनोसाइट्स सबसेट्स (गश्ती, प्रदाहक और विशिष्ट मोनोसाइट्स) की सापेक्ष आवृत्तियों और सांद्रताओं के लिए मूल्यांकन किए जा रहे हैं।



चित्र 26 : फीनोटाइपिक फ्लो साइटोमीटरी विश्लेषण में वयस्क और कार्ड रक्त में अंतर [(क) मोनोसाइट सब सेट (ख) टीसीआर गामा डेल्टा कोशिका]

अध्ययन 3 : मानकीकृत इम्युनोफीनोटाइपिंग और फास्फोफ्लो जांच द्वारा पश्चिम में जन्में नवजात शिशुओं के प्रतिरक्षा प्रोफाइल की भारत में जन्में शिशुओं के साथ तुलना करना

जन्म के समय प्रतिरक्षा प्रणाली की जानकारी संबंधी कार्य के अनुक्रम में पीबीसी ने मानव प्रतिरक्षा फीनोटाइपिंग और संक्रामक रोग पहल संबंधी अमेरिकी भारत द्विपक्षीय साझा अनुसंधान अनुदान के तहत एक अन्य अध्ययन का प्रस्ताव किया है जिसमें मानकीकृत इम्युनोफीनोटाइपिंग और फॉस्फो–फ्लो जांच द्वारा पश्चिम में जन्मे नवजात शिशुओं के प्रतिरक्षा प्रोफाइल की भारत में जन्मे शिशुओं के साथ तुलना की जाएगी। इसका अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य दोनों देशों में नामांकित किए गए शिशुओं में जीवन के पहले 6 महीनों में इन मानकीकृत उपकरणों के उपयोग से मापित प्रतिरक्षा प्रोफाइलों का संक्रमण दर के साथ संबंध स्थापित करना है।

आगे अध्ययनों में शिशुओं में प्रतिरक्षा परिपक्वता और शिशु की संक्रमणों और टीकों के प्रति प्रतिरक्षी संबंधी प्रतिक्रियाओं के अध्ययन को जारी रखने का प्रस्ताव किया गया है :

उपर्युक्त अध्ययनों के परिणामों से निम्नलिखित के भावी अनुसंधान का आधार बनेगा 1) प्रीटर्म और जन्म के समय अत्यधिक मंद इंटरायूटेराइन विकास वाले शिशुओं के प्रतिरक्षा प्रोफाइल को जानना 2) इन शिशुओं पर जन्म से लेकर 6–12 महीने तक नजर रखकर इनमें प्रतिरक्षा परिपक्वता तथा संक्रमणों और टीकों के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं का मापन करने वाली प्रक्रियाओं और उपकरणों का अध्ययन करना।

डोमेन 2 : न्यूट्रिशनल बायोलॉजी

टीम : डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू, दीपा नायर, सायमा रज़ा, अनीता चौधरी

प्रधान अन्वेषक : डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू

डॉ. नाचू के साथ उनकी टीम : बाएं से दाएं, राज कुमार तंवर, अनिता चौधरी और दीपा नायर

यह समूह मानव स्वास्थ्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुसंधान करता है :

- प्रारंभिक जीवन काल (मातृत्व, भ्रूण और शैशव) में पोषण,
- पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा में संबंध,
- भारत में टीकों के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया न होना,
- विटामिन डी फिजियोलॉजी और मानव प्रतिरक्षा विज्ञान में इसकी भूमिका

इन क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए तीन कार्यनीतियां अपनाई जाती हैं। पहला क्लिनिकल रिसर्च करना जो कि या तो जीव प्रयोगों या डेटा के सेकेंडरी विश्लेषण से उत्पन्न परिकल्पना पर आधारित होती है। इनके पश्चात् भावी सहगण (नैदानिक परीक्षण या दौर परीक्षित सहगण) आते हैं। कई जैविक या व्यावहारिक रूप से संगत प्रश्न इन परीक्षणों और सहगणों में समाविष्ट होंगे। दूसरा पशुओं / इन विट्रो मॉडलों में जैविक तंत्र के बारे में जानना है जिससे मनुष्यों में प्रेक्षणों की व्याख्या की जा सके। तीसरी कार्यनीति है प्रतिगमन, गुणात्मक विधियों, मॉडलिंग और आर्थिक विश्लेषणों जैसी तकनीकों के प्रयोग से विविध स्रोतों खुली पहुंच वाले डेटासेटों, राष्ट्रीकृत सर्वेक्षणों, सहयोगियों से प्राप्त डेटासेट) से व्यावहारिक, नैदानिक और प्रयोगशाला डेटा से कई प्रश्न तैयार करना। इन विश्लेषणों से या तो ऐसी परिकल्पना और तैयार होगी या उस परिकल्पना को सहयोग मिलेगा जिसका प्रयास मानव स्वास्थ्य में जैविक या व्यावहारिक प्रवृत्ति को समझना है। वर्तमान में निम्नलिखित कार्य सह जांच कर्ता की भूमिका में डॉ. नाटचु द्वारा सहयोग के साथ साथ प्रधान जांच कर्ता द्वारा भी किया जा रहा है :

त्वचा में टीके पश्चात् म्यूकोसल प्राइमिंग हेतु नवीन सह औषधों का मूल्यांकन :

टीकों के प्रति खराब प्रतिक्रिया के कारण भारत में संक्रामक रोगों जैसे पोलियो मायलिटीस, रोटावायरस डायरिया और ट्यूबरकुलोसिस के नियंत्रण और उन्मूलन के प्रयास बाधित हुए हैं और यह जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए काफी नुकसानदेह है। रोग से रुग्णता और मृत्यु के अलावा प्रभाविता ठीक न होने से उत्पन्न विश्वसनीयता की कमी टीकाकरण कवरेज की दर को और भी प्रभावित करती है। चूंकि अधिकाधिक टीके निर्मित हो रहे हैं, अतः उनकी सफलता के लिए टीकों के प्रति प्रतिक्रिया में सुधार के लिए नए सहौषधों की खोज और मूल्यांकन महत्वपूर्ण होगा। इस परियोजना में, एनआईआई में डॉ. अन्ना जार्ज के सहयोग से विटामिन डी जैसे सुरक्षित परंतु नवीन सहौषध एंटीजन के प्रति प्रणालीगत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की गुणवत्ता और अवधि को बढ़ाने की क्षमता तथा त्वचा में लगाए गए टीकों के पश्चात् म्यूकोसल साइट पर प्राइमिंग की इसकी क्षमता का मूल्यांकन किया जा रहा है।

हमने डॉ. जार्ज के साथ विटामिन डी रिसेप्टर केओ चूहे के साथ कार्य करना आरंभ किया। प्रारंभिक प्रयोगों में हमने जंगली प्रकार (डब्ल्यूटी) और वीडीआर / – (केओ) चूहे के रक्त में न्यूट्रोफिल्स और लिम्फोसाइट्स की आवृत्ति का आकलन किया और स्ट्रेन्स में न्यूट्रोफिल गणना में अंतर पाया। दो स्ट्रेनों में प्लीहा में बी कोशिका आवृत्तियां समान थी। तथापि, जब हमने सीरम आईजी स्तर और आईजीएम की आवृत्तियों का आकलन किया और डब्ल्यूटी और केओ चूहे में मैमोरी बी कोशिकाओं को बदल दिया, तो तब भी भिन्नताएं देखी गई। केओ चूहे में आईजीजी1 स्तर कम था जबकि आईजीजी2सी और आईजीजी3 स्तर अधिक था। यह रुचि पूर्ण है कि जब फ्लोसाइटोमीट्री द्वारा मैमोरी बी कोशिकाओं की आवृत्ति का आकलन किया गया तो केओ चूहे में आईजीएम मैमोरी तथा आईजीजी1 और आईजीजी2ए मैमोरी कोशिका आवृतियां कम पाई गई। आईजीएम मैमोरी का लक्षण वर्णन सीडी73, सीडी80 और सीडी273 मार्कर्स की सतही अभिव्यक्ति पर आधारित होता है और इन मार्कर्स में बढ़ोतरी आईजीएम मैमोरी की परिपक्वता से जुड़ी होती है। हमने आईजीएम मैमोरी कोशिकाओं में प्रवेश (गेटेड) किया जैसा कि चित्र 27 में दर्शाया गया है और डब्ल्यूटी और केओ चूहे में सीडी73+, सीडी80+ और सीडी273+ कोशिकाओं की आवृत्तियों का प्राक्कलन किया।



चित्र 27 : आईजीएम मेमोरी सबसैटों की पहचान के लिए कार्यनीति

पूर्व में हमने पाया कि विटामिन डी3 देने से सबक्यूटेनियस इम्युनाइजेशन के पश्चात् आईजीए प्रतिक्रिया बढ़ती है और हमने यह भी दर्शाया था कि यह एपीसी के लिम्फ नोड्स से प्रवासन जो त्वचा से फिर प्लीहा और मीसेन्ट्रिक लिम्फ नोड्स (एमएलएन) तक जाता है, जहां पर म्यूकोसल प्राइमिंग हो सकती है। हमने इन परिणामों की मिश्रित मेरु रज्जा किमेराज में पुष्टि की है जिसमें डब्ल्यूटी और वीडीआर कोशिकाएं होती हैं। पुनःगठन के 8 सप्ताह पश्चात् किमेराज को ओवीए के साथ विटामिन डी3 सहित या इसके बगैर सबक्यूटेनियसली प्रतिरक्षित किया गया और 48 घण्टे बाद में प्लीहा से डब्ल्यूटी और केओ कोशिकाएं ली गई। इन्हें ओवीए – विशिष्ट टीसीआर ट्रांसजेनिक चूहे डीओ11.10 से विशुद्ध सीडी4+कोशिकाओं को अभिप्रेरित करने हेतु एपीसी के रूप में प्रयुक्त किया गया। आशा के अनुसार हमने पाया कि विटामिन डी3 के ना होने पर दोनों डोनर में से किसी में भी स्प्लेनोसाइट्स में एपीसी गतिविधि नहीं है। लेकिन डब्ल्यूटी स्प्लेनोसाइट्स ने विटामिन डी3 उपचारित चूहे में टी कोशिकाओं को अभिप्रेरित किया जबकि केओ स्प्लेनोसाइट्स ऐसा नहीं कर पाए। यह प्रतिरक्षा साइट से दूर की साइटों तक एपीसी के प्रवासन में विटामिन डी3 की भूमिका का प्रत्यक्ष विवरण है।

प्रारंभिक शैशवकाल में दिए गए टीकों के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में सुधार करने हेतु विटामिन डी संपूर्ण न्यूट्रीवैक डी परीक्षण :

इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय शिशुओं में टीकों के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर विटामिन डी संपूर्ण के प्रभाव का आकलन करना है। विटामिन डी की कमी का प्रतिरक्षा प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ता है और परिकल्पना है कि यह एंटीजन प्रस्तुतीकरण और सहज प्रतिरक्षा प्रणाली में कई सामान्य प्रक्रियाओं को प्रभावित करता है जिसका एंटीजन पर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, जन्म के समय और जीवन के प्रारंभ में जब अधिकांश टीके दिए जाते हैं यह कमी सबसे अधिक (= 80 प्रतिशत) होती है। कई कार्यकलाप जैसे म्यूटिन डेन्ड्राइटिक कोशिका (डीसी) की टीकाकरण वाली त्वचा से म्यूकोज़ल लिम्फायड अंगों तक जाने की क्षमता और मानव सीडी 8+टी कोशिकाओं की प्रभावित त्वचा तक जाना कैल्सिट्रोल (विटामिन डी) पर निर्भर करता है। इस परीक्षण में नवजात शिशुओं में 6 माह तक रोज विटामिन डी दिए जाने (बनाम प्लेसिबो) का ओपीवी, हेपेटाइटिस बी और बीसीजी के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव का मूल्यांकन किया जा रहा है।

इस परीक्षण में नामांकन शुरू कर दिया गया है और नामांकन हेतु लगभग 100 गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई है। लगभग 200 महिलाओं ने स्वीकृति दे दी है और 6 शिशुओं का नामांकन किया गया है, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के आकलन के साथ साथ पहले 6 महीनों में फ्लो साइटोमीटरी की सहायता से प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास का भी विश्लेषण किया जा रहा है। आईएनकेटी कोशिका आवृतियों और संख्याओं का विश्लेषण करने हेतु प्रयुक्त की जा रही गेटिंग कार्यनीति का एक प्रतिनिधि चित्र नीचे दर्शाया गया है (चित्र 28)।

इसके साथ साथ हमने बड़ी संख्या में कॉर्ड ब्लड सैम्पलों में विटामिन डी स्तरों का विश्लेषण किया है और कॉर्ड ब्लड तथा विटामिन डी स्तरों में इम्युन साइटोम के बीच सह संबंध का विश्लेषण कर रहे हैं। प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि कॉर्ड ब्लड में बायोकेमिकल विटामिन डी की कमी और अपर्याप्तता अत्यधिक मात्रा में है।



चित्र 28 : आईएनकेटी कोशिका जांच के लिए कार्यनीति



चित्र 29 : फ्लोसाइटोमेट्री कॉर्ड सीरम द्वारा विटामिन डी की सांद्रता का पता लगाना

डोमेन III : नैदानिक और चिकित्सीय लक्ष्यों की पहचान हेतु जटिल व बहु कारकीय शैशवकालीन बीमारियों का जीव विज्ञान

अध्ययन 1 : पोडोसाइट में कोशिकीय और आण्विय परिवर्तनों के स्तर पर सीडी80 मध्यस्थतायुक्त प्रोटीनूरिया का तंत्र

टीम : डॉ. शैलजा सोपोरी : भव्या खुल्लर;

अमिता शर्मा प्रधान जांच कर्ता : डॉ. शैलजा सोपोरी

नेफ्रोटिक सिंड्रोम (एनएस) बच्चों में पाई जाने वाली एक सामान्य जीर्ण रोग है जिसमें प्रोटीनूरिया काफी अधिक हो जाता है। बच्चों में सर्वाधिक पाया जाने वाला नेफ्रोटिक सिंड्रोम न्यूनतम परिवर्तन रोग (एमसीडी) है और यह <10 वर्ष की आयु के मामलों में लगभग 80–90 प्रतिशत और >10 वर्ष की आयु के बच्चों में 50 प्रतिशत पाया जाता है। प्रोटीनूरिया के अलावा इसमें हाइपोएल्बुमिनेमिया और इडेमा भी हो जाता है।

भारत में यह बड़ों से ज्यादा बच्चों में होता है, एमसीडी को सामान्यतया एक टी कोशिका विकार माना जाता था जिसमें परिचालन कारक अत्यधिक प्रोटीनूरिया के होने में प्रमुख भूमिका निभाता है। यह बताया गया है कि एक टी कोशिका कोरिसेप्टर, सीडी80 (बी7–1) को किडनी पोडोसाइट में डाला गया जिसके परिणामस्वरूप एमसीडी के ग्लोमेरुलर पारगम्यता और प्रोटीनूरिया विशेषता में परिवर्तन आया। यही नहीं एमसीडी से पीड़ित रोगियों के मूत्र में सीडी80 का पूर्ण लंबाई का संबद्ध मेम्ब्रेन प्रकार बढ़ गया। पोडोसाइट्स रीनल कार्पसल के उच्च विभेदित विशिष्ट एपिथिलियल कोशिका होते हैं। इन कोशिकाओं के कारण बड़ी प्राथमिक प्रक्रियाएं जिन्हें दीर्घ प्रक्रियाएं (एमपी) कहते हैं, उत्पन्न होती है जो कि आधार प्रक्रियाओं (फुट प्रोसेसेज) को जन्म देती हैं जिसमें कैपिलरीज के चारों और घेरा बन जाता है और वे एकांतरित हो जाती हैं जिससे उनमें निस्यन्दन छिद्र बन जाते हैं जो स्लिट डायफ्राम्स (एसडी) नामक संरचना से जुड़े होते हैं (चित्र 30)।



चित्र 30 : (क) ग्लोमेरूलर एंडोथिलियल कोशिकाओं (ई) कैपिलरी ल्यूमेन (सीएन) मेसेंजियल कोशिकाओं (एम) और बोमिन्स स्पेस (बीएस) दर्शाने वाले ग्लोमेरुलर कैपिलरी लूप का आरेख प्रस्तुतीकरण। पोडोसाइट में कोशिका पिंड (हरा), बड़े प्रवर्ध (एमपी) और एफपी (लाल) दिखाई देते हैं। केवल एफपी जीबीएम के साथ प्रत्यक्ष संपर्क रखते हैं (ख) पोडोसाइट आकारिकी की जटिलता दर्शाने वाले स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप

एसडी एक जटिल संरचनात्मक और सिग्नलिंग इकाई है जो कई कोशिका सतह प्रोटीनों सहित अन्य प्रोटीनों जैसे नेफ्रिन, नेफ 1, पोडोसिन, जेड0–1, सीडी2एपी, 1क्यूजीएपी1, पोडोकैलीजिन, पी–फैडहैरिन आदि से बनी है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बड़े मैक्रोमॉलीक्यूल्स जैसे सीरम एल्बुमिन और गामा ग्लोबुलिन रक्त प्रवाह में बने रहे। अत्यधिक गतिशील आधार प्रक्रियाओं (फुट प्रोसेसेज) में एक्टिन आधारित कान्ट्रैक्टाइल एपेरेटस होता है। कई पोडोसाइट प्रोटीनों को प्रभावित करने वाली म्युटेशनों के कारण एक्टन साइटोस्केलेन पुनः व्यवस्थित होता है, निस्यन्दन रोध टूट जाते हैं और परिणामतः रीनल (वृक्क) रोग हो जाता है।

इस पहल का उद्देश्य पोडोसाइट में कोशिकीय और आण्विक परिवर्तनों के स्तर पर सीडी80 मध्यस्थता वाले प्रोटीनूरिया के तंत्र को समझना है। इस परियोजना को तीन वर्षों (2012–15) के लिए बायोसीएआरई योजना के तहत् अनुदान दिया गया है। इस अध्ययन में स्लिट डायफ्राम में विभिन्न पोडोसाइट विशिष्ट प्रोटीनों की अभिव्यक्ति और स्थानीकरण तथा सिग्नलिंग के कारण पोडोसाइट कोशिका लाइनों में सीडी80 के स्तर को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के प्रभाव को जानने का प्रयास किया गया है।

मूत्र से ली गई मानव पोडोसाइट कोशिका लाइन (एच पी 55–346बी) एनआईएच स्थित डॉ. जैफरी कोप्स लैब से प्राप्त की गई। चूहे की पोडोसाइट कोशिका लाइंस (ई11 और एस6) कोशिका लाइंस सर्विस, जर्मनी से प्राप्त की गई (वहां पर कोशिकाएं डॉ. निकोल एन्डलिच द्वारा भेजी गई) (कोशिका संवर्धन दशाओं को मानकीकृत किया गया और कोशिका लाइंस का विभिन्न स्लिट डायफ्राम प्रोटीनों की अभिव्यक्ति हेतु आरटी – पीसीआर विश्लेषण द्वारा व्यापक लक्षण वर्णन किया गया। आरटी–पीसीआर परिणामों में एचपी55 कोशिका लाइन में सिनेप्टोपोडिन और सीडी2एपी देखा गया (चित्र 31टी और डब्ल्यूटी 1 तथा नेफ्रिन की अभिव्यक्ति बेहद कम थी।



चित्र 31 : विभिन्न पोडोसाइट मार्करों में पोडोसाइट की एमआरएनए अभिव्यक्ति। (क) मानव पोडोसाइट एचपी55 33डिग्री से. और 37 डिग्री से. पर संवर्धित (आरटी एंजाइम के साथ+, आरटी कंट्रोल के साथ – नहीं) से तैयार आरटी – टीसीआर विश्लेषण, (ख) ई11 म्यूरिन पोडोसाइट (ग) एसवीआई म्यूरिन पोडोसाइट

ई11 और एस6 पोडोसाइट कोशिका लाइंस में अधिकांश मार्कर देखे गए सिवाय इसके कि इनमें भी नेफ्रिन का स्तर कम था (चित्र 31 ख) (ई 11) और सी(एस6) और ए6 में डब्ल्यूटी 1 अभिव्यक्ति नहीं देखी गई।

चूंकि नेफ्रिन की सिग्नलिंग अणु के रूप में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है, यह अनिवार्य है कि पोडोसाइट कोशिकाओं में बेफ्रिन की अभिव्यक्ति अच्छी हो। विटामिन डी और रेटिनोइक एसिड युक्त म्यूरिन पोडोसाइट में नेफ्रिन जीन अभिव्यक्ति के प्रत्यादान और अनुरक्षण के लिए एक माध्यम तैयार किया गया है। अतः कोशिकाओं का डीएमईएम : एफ12 जिसमें 10 एनएम विटामिन डी और 1एनएम आल ट्रांस रेटिनोईक एसिड था, की उपस्थित में 37 डिग्री सेल्सियस पर संवर्धन किया गया और तत्पष्चात् आरएनए निष्कर्षण के लिए हारवेस्ट किया गया और उसके बाद नेफ्रिन एमआरएनए हेतु आरटी पीसीआर किया गया। म्यूरिन पोडोसाइट कोशिका लाइन्स, ई11 और ए6 के लिए वीआरएडी मीडियम में नेफ्रिन एमआरएनए अभिव्यक्ति प्राप्त की गई लेकिन मानव पोडोसाइट कोशिका लाइन एचपी55 के लिए ऐसा नहीं किया गया। (चित्र 32)। अतः आगे के अध्ययनों के लिए ई11 कोशिका लाइनों का प्रयोग करने का निर्णय लिया गया।



I।चित्र 32 :पोडोसाइट में नेफ्रीन अभिव्यक्ति क) आरटी – पीसीआर विश्लेषण के बाद 7 और 14 दिनों के लिए वीआरएडी की उपस्थिति (+) या अनुपस्थिति (–) में संवर्धित पोडोसाइट से प्राप्त आरएनए

सीडी80 की अभिव्यक्ति करने वाली कोशिका लाइन उत्पन्न कर ली गई है और एसडी प्रोटीनों की अभिव्यक्ति और स्थानीकरण में परिवर्तनों को जानने के लिए प्रयोग किए जा रहे हैं। सीडी80 के विभिन्न डोमेन अभिव्यक्त हो रहे हैं क्योंकि हिज टैग फ्यूज़न से पुल डाउन जांच होती है जो पोडोसाइट कोशिका लाइंस और किडनी लाइसेट्स से सीडी 80 इंटरएक्टिंग प्रोटीनों को खोजती है। इन पुल डाउन जांचों हेतु मानकीकरण किया जा रहा है। एनआईआई में डॉ. सत्यजीत राय के सहयोग से पोडोसाइट विशिष्ट प्रमोटर के तहत सीडी80 की अति अभिव्यक्ति करने वाला ट्रांसजेनिक चूहा तैयार किया गया है जिसे सीडी 80 मीडिएटेड प्रोटीनूरिया, जो एमसीडी में पाया जाता है, के लिए मॉडल के रूप में प्रयुक्त किया जाएगा।

अध्ययन 2 : इस क्षेत्र में नया कार्यक्रम : मातृत्व, नवजात और शिशु विज्ञान हेतु अंतर संस्थागत कार्यक्रम, समय पूर्व जन्म का अध्ययन करने हेतु एक ट्रांसलेशनल उपागम

टीम

पीबीसी : डॉ. शिंजिनी भटनागर, डॉ. नित्या वाधवा, डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू, डॉ. सत्यजीत रथ

डॉ. विनीता बाल, डॉ. शैलजा सोपोरी

सीएचएमई : डॉ. जी. बी. नायर, डॉ. भाबातोष दास, डॉ. अमित अवस्थी

वीआईडीआरसी : डॉ. गुरूप्रसाद मेडिगेशी

सीडीएसए : डॉ. मोनिका बहल, डॉ. सुखदेव मिश्रा

आरसीबी : डॉ. दिनकर सालुंके, डॉ. तुषार माओती

एनआईबीएमजी : डॉ. पार्था मजूमदार

जनरल अस्पताल, गुड़गांव : डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. उमेश मेहता, पीडिएट्रिक्स एण्ड गायनेकोलॉजी फैकल्टी

एसजेएच : डॉ. हरीश चेलानी, डॉ. अरुणा बतरा, डॉ. प्रतिमा मित्तल, डॉ. एस. आर्या, डॉ. रेखा भारती

एमएएमसी : डॉ. एस. रामजी, डॉ. रेवा त्रिपाठी, डॉ. अंजू गर्ग

एम्स : डॉ. नीरजा भाटिया, डॉ. विनोद पॉल, डॉ. वंदना जैन

कार्यक्रम समन्वयक : डॉ. शिंजिनी भटनागर

जन स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति प्रतिबद्धता स्वरूप एक वृहत अंतर सांस्थानिक बहुशाखीय कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि समय पूर्व जन्म के अस्थायी और गैर जैविक और भ्रूण विकास के रुकने के जोखिमों और उनके नैदानिक परिणामों के बारे में बताया जा सके और इसके प्राथमिक उद्देश्य ऐसे महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदत्त उपायों को खोजना है जिन्हें नैदानिक प्रैक्टिस और समुदाय में प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जा सके। यह अंतर्विष्ट पैथोफिजियोलॉजिकल तंत्रों की समझ में वृद्धि कर समय पूर्व जन्म के बारे में बताने और उसे रोकने के लिए एक बहुशाखीय अनुसंधान प्रयास है जिससे मौजूदा या नए चिकित्सीय सहायकों के उपयोग और नैदानिक उपायों के सही समय पर उपयोग में सहायक होगा। अधिक विशिष्ट रूप से कहा जाए तो अध्ययन से प्राप्त नैदानिक रूप से संगत शोध निष्कर्ष नैदानिक, जनसांख्यिकीय और जैविक कारक होंगे जो माताओं के जोखिम स्तरण, गर्भावस्था के दौरान इष्टतम माइक्रोन्यूट्रिएंट की स्थिति, भविष्यवाणी हेतु अनुमानित बायोमार्कर्स, विभिन्न जोखिम परिस्थितियों में भविष्यवाणी हेतु जीनोटाइप वातावरण अन्योन्यक्रिया और भविष्य सूचक तथा चिकित्सीय क्षमता वाले महत्वपूर्ण माइक्रोबायोटा के मूल्यांकन के लिए सहायक होंगे। इस कार्यक्रम का समन्वय टीएचएसटीआई में पीबीसी द्वारा किया जा रहा है और एनआईबीएमजी, आरसीबी, सीडीएसए, जनरल हॉस्पीटल, गुड़गांव एसजेएच, एमएएमसी और एम्स इसके सहयोगी हैं। पूर्व के अध्ययन डिजाइनों की सीमाओं को दूर करने के लिए इस अध्ययन में जनरल अस्पताल, गुड़गांव में गर्भावस्था की पहली तिमाही से बच्चे के जन्म तक 8000 महिला सहगणों पर नज़र रखी जाएगी। अध्ययन में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, नैदानिक और जैविक जोखिम कारकों पर विचार किया जाएगा जो अक्सर गतिज प्रकृति के होते हैं। इस कार्यक्रम को टीएचएसटीआई में एक महत्वपूर्ण प्रति शाखीय ट्रांसलेशनल कार्यक्रम माना गया है। ऐसे कार्यक्रम टीएचएसटीआई के अधिदेश को पूरा करने के लिए आवश्यक है।

डोमेन 4 : भारत की बाल स्वास्थ्य समस्याओं के लिए तत्काल नवाचारी व निर्वाहक समाधान खोजने, उनका परीक्षण करने और उन्हें ग्रहण करने हेतु आधुनिक मूलभूत बायोलॉजी और प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकियों का विकास करना।

अध्ययन 1 : सीलिएक रोग (सीडी) की जांच हेतु त्वरित जांच

टीम पीबीसी : डॉ. शिंजिनी भटनागर, डॉ. नित्या वाधवा, डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू

बायोडिजाइन हेतु टीम केंद्र : डॉ. आशुतोष तिवारी

आईसीजीईबी टीम : डॉ. नवीन खन्ना

एम्स टीम : डॉ. ए. बग्गा, डॉ. दत्तागुप्ता, डॉ. सविता सैनी, डॉ. मोना के. चतुर्वेदी

प्रधान अन्वेषक : डॉ. शिंजिनी भटनागर

सीलिएक रोग (सीडी) आनुवांशिक रूप से संवेदनशील लोगों में आजीवन ग्लुटेन के प्रति असहिष्णुता होती है जो ग्लाएडिन और खाद्यान्नों जैसे गेहूं, जौ और राइ से संबंधित प्रोलएमाइंस खाने से होती है जिसके परिणामस्वरूप छोटी आंत में विशिष्ट प्रकार की एंटरोपैथी हो जाती है। सीडी का सही और शीघ्र पता लगाना अनिवार्य है क्योंकि इसमें आजीवन ग्लुटेन मुक्त आहार लेना पड़ता है और इसका देर से पता लगने से अन्य ऑटोइम्यून दशाओं, मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है

और ओस्टियोपोटोसिस तथा सांघातिकता का खतरा बढ़ जाता है। देश के अधिकांश अस्पतालों में सीडी का पता लगाने के पहले कदम के रूप में आवश्यक पारंपरिक महंगी प्रयोगशाला आधारित सीरोलॉजीकल जांच उपलब्ध नहीं है। अतः, यह आवश्यक था कि एक तत्काल उपलब्ध, त्वरित, संवेदनशील और विशिष्ट जांच मौजूदा हो जो सीडी का सही सही पता लगा सके और निदान हेतु आवश्यक समय को कम कर सके।

इस साझा परियोजना का उद्देश्य आंतरिक प्वाइंट ऑफ केयर टेस्ट (पीओसीटी) और एलिसा (ईएलआईएसए) का विकास करना है जिन्हें मानव रक्त या सीरम/प्लाज्मा में मानव रिकंबिनेंट ऊतक ट्रांसग्लुटामिनेज के लिए एंटीबॉडीज़ (आईजीए या आईजीए/आईजीएम+आईजीजी) का पता लगाने हेतु तैयार किया गया है। सीडी का पता लगाने हेतु प्रयोगशाला प्रोटोटाइप परीक्षणों को मार्केटेबल किट के रूप में अपनाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। इसमें पीओसीटी और एलिसा किट्स हेतु स्थिर रिएजेंट्स का विकास करना शामिल है। इस डायग्नॉस्टिक किट का विकास करने हेतु पेटेंट फाइल कर दिया गया है। यह परियोजना आईसीजीईबी, एम्स और पीबीसी (टीएचएसटीआई में) की साझेदारी में कार्यान्वित की जा रही है।

मानव ऊतक ट्रांसग्लुटामिनेज (एचटीटीजी) को अभिव्यक्त करने वाले क्लोन जिसे किट में एंटीजन के रूप में प्रयोग किया गया, को डॉ. नवीन खन्ना और उनके दल द्वारा आईसीजीईबी में विकसित किया गया। इस परियोजना का औद्योगिक सहयोगी मैसर्स जे. मित्रा एण्ड कंपनी इस किट का विकास करने में महत्वपूर्ण रहा है और इसमें आईसीजीईबी स्थित प्रयोगशाला के इनपुट भी शामिल हैं। एलिसा किट (नीचे दर्शाई गई है) (चित्र 33ए) को एम्स और पीबीसी में तैयार और विधिमान्य किया गया है। मैसर्स जे मित्रा एण्ड कंपनी के साथ क्लोन हेतु सामग्री अंतरण करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रेपिड टेस्ट (त्वरित जांच) के विकास का कार्य प्रगति पर है (चित्र 33बी)।

चित्र 33 :

चित्र 33 :



अध्ययन 2. अति गंभीर कुपोषण (एसएएम) से पीड़ित बच्चों में मिश्रित मिनरल विटामिन प्रतिपादन की स्वीकार्यता

टीएचएसटीआई का दल : डॉ. शिंजिनी भटनागर, डॉ. नित्या वाधवा, डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू

अन्य अन्वेषक : डॉ. आर. लोधा (एम्स), डॉ. एस. अनेजा (केएससीएच) डॉ. एपी दूबे (एमएएमसी)

प्रधान अन्वेषक : डॉ. शिंजिनी भटनागर

यह अध्ययन एम्स, केएससीएच, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और टीएचएसटीआई के पीडिएट्रिक बायोलॉजी सेंटर की साझा परियोजना है। यह अति गंभीर कुपोषण के उपचार हेतु मिश्रित मिनरल और विटामिन मिश्रण के प्रतिपादन की स्वीकार्यता का यादृच्छिक क्रॉस ओवर अध्ययन है। यह प्रतिपादन एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीआईबीसीओएल द्वारा विनिर्मित किया गया है।

बीआईबीसीओएल, एफएसएसएआई से अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। एक बार एम्स

एसएसएआई से अनुमोदन प्राप्त होने पर सभी सहयोगी संस्थानों की संस्थागत आचार समितियों से आवश्यक नीतिगत अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा जिसके पश्चात् अध्ययन शुरू किया जा सकता है। पीबीसी, सीडीएसए के साथ अध्ययन के कार्यान्वयन, निगरानी और गुणवत्ता आश्वासन के लिए उत्तरदायी होगा।

अन्य अनुसंधान कार्यक्रम

1.नई दिल्ली भारत में हिब (एचआईबी) मेनिंनजाइटिस सेंटिबल सर्विलांस

अन्वेषक : डॉ. शिंजनी भटनागर, डॉ. नित्या वाधवा

यह अध्ययन एम्स, केएससीएच और पीबीसी/टीएचएसटीआई की साझा परियोजना है। यह भारत में इंटरनेशनल क्लिनिकल एपिडेमियोलॉजी नेटवर्क द्वारा वित्त पोषित है।

पीबीसी, केएससीएच और एम्स के बीच डेटा प्रबंधन के लिए समग्र परियोजना के समन्वय कार्य में शामिल है।

2.सेतु निर्माण : अंतर संस्थागत संबंधों में बेसिक साइंस और क्लिनिकल विभागों को जोड़ने हेतु ग्लू ग्रांट स्कीम

2.1 टीएचएसटीआई और जनरल हॉस्पीटल, गुड़गांव (जीएचजी) के बीच ग्लू ग्रांट कार्यक्रम

कार्यक्रम समन्वयक : पीबीसी डॉ. शिंजनी भटनागर

डीबीटी के तीन स्वायत्त संस्थानों टीएचएसटीआई, आरसीवी और एनबीआरसी तथा जीएचजी के मध्य 28 नवंबर 2011 को एक संगम ज्ञापन के माध्यम से साझेदारी कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम को डीबीटी द्वारा अपनी अंतर संस्थागत संबंधों में बेसिकसाइंस और क्लिनिकल विभागों को जोड़ने हेतु ग्लू ग्रांट स्कीम के भाग के रूप में समर्थित किया गया।

डीबीटी संस्थानों (एनबीआरसी, टीएचटीएसआई, आरसीबी) और जीएचजी के मध्य इस साझेदारी का व्यापक उद्देश्य जीएचजी में उपलब्ध क्लिनिकल सेवाओं को पर्याप्त समर्थन देते हुए मानव संसाधन करना, अपने पीडिएट्रिक्स, मेडिसिन और न्यूरोसाइंस विभागों में भर्ती रोगियों की नैदानिक देखभाल को सुदृढ़ करना और उच्च गुणवत्ता मुक्त क्लिनिकल और ट्रांसलेशनल अनुसंधान हेतु तैयारी में सहायता करना है।

इस साझेदारी के उद्देश्य निम्नलिखित है :

- जीएचजी में क्लिनिकल और ट्रांसलेशनल अनुसंधान और संबंधित विभागों में नैदानिक देखभाल को सुदृढ़ बनाना ताकि वे हर समय गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें।
- क्लिनिकल और अनुसंधान प्रोटोकोल में आधारभूत प्रशिक्षण देना ताकि क्लिनिशियनों के एक ऐसे महत्वपूर्ण समूह का निर्माण किया जा सके जो अनुसंधान में मानकीकृत सहयोग प्रदान कर सकें।
- ''आधारभूत'' स्तर पर कार्यान्वित किए जाने योग्य अनुसंधान का मॉडल तैयार करना, जिसे तृतीयक शैक्षिक चिकित्सा केंद्रों के बाहर भी किया जा सके।
- मध्यम स्तर के स्वास्थ्य सेवा केंद्रों, उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं से अनुसंधानकर्ताओं को परिचित कराना ताकि क्लिनिकल विभागों के सहयोग से प्रभावी समाधान प्रदान करने हेतु उचित अनुसंधान कार्यक्रम तैयार किया जा सके और यह राष्ट्रीय स्तर के दृष्टिकोण से एक आदर्श शिक्षाप्रद उपागम हो सकता है।

अभी तक हुई प्रगति

जीएचजी में नियमित त्रैमासिक अंतराल पर सहयोगात्मक नैदानिक और अनुसंधान कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षण समिति बनाई गई जिसमें जीएचजी के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ), पीडिएट्रिक बायोलॉजी सेंटर के प्रमुख और अन्य सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

जीएचजी में नैदानिक और प्रयोगशाला सेवाओं को सुदृढ़ बनाना जीएचजी में नैदानिक सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए अतिरिक्त नैदानिक सहायता प्रदान करना

जीएचजी में अस्पताल प्रशासन पीएमओ के तहत् दो सीनियर रेजीडेंट और दो जूनियर रेजीडेंट की एक मेडिकल टीम है जिसका कार्य अस्पताल की नैदानिक सेवाओं में संवर्धन करना है। एमओयू के अनुसार वे केवल नैदानिक सेवाएं दे रहे हैं और वे किसी भी अनुसंधान कार्यकलाप में शामिल नहीं होते। इसके साथ साथ, तैनात क्लिनिकल स्टाफ जीएचजी के मौजूदा स्टाफ का संबंधित विभागों में आंतरिक रोगियों की देखभाल करने में सहयोग करेगा। उन्हें जीएचजी द्वारा चुना जाता है और वे जीएचजी के ही प्रशासन के नियंत्रण में हैं लेकिन उन्हें वेतन डीबीटी की ग्लू ग्रांट योजना द्वारा दिया जाता है। वे पूर्ण कालिक रूप से जीएचजी में ही तैनात हैं और उन्हें किसी अन्य अस्पताल में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता अथवा उन पर कहीं भी फील्ड ड्यूटी करने की जिम्मेदारी नहीं है।

जीएचजी में प्रयोगशाला सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करना

जीएचजी के पैथोलॉजी विभाग में दो प्रयोगशाला टेक्नीशियन कार्य कर रहे हैं। उन्हें जीएचजी द्वारा चुना जाता है और वे जीएचजी के प्रशासन के अधीन है लेकिन उनका वेतन डीबीटी की ग्लू ग्रांट योजना से दिया जाता है। वे चौबीस घण्टे सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए जीएचजी के मौजूदा स्टाफ का सहयोग करते हैं।

प्रशिक्षण और शिक्षा संबंधी कार्यकलाप

एमओयू के अनुसार, डीबीटी संस्थानों ने जीएचजी के मौजूदा और प्रस्तावित स्टाफ को प्रशिक्षण देने और शैक्षिक कार्यकलापों में उनकी सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। गुड़गांव जिले के अन्य अस्पतालों से डॉक्टरों को इन सेमिनारों में भाग लेने हेतु जीएचजी में आमंत्रित किया जाता है। पीबीसी द्वारा ऐसे कुल 10 शैक्षिक सेमिनारों का आयोजन किया गया है।

जनरल हॉस्पीटल, गुडगांव में अनुसंधान कार्यकलाप स्वतंत्र संस्थागत आचार समिति (आईईसी)

टीएचएसटीआई ने जीएचजी को आईसीएमआर के दिशानिर्देशों (संदर्भ सं. ईसीआर /278/इंस्ट./एचआर/2013) के अनुसार अपनी स्वतंत्र संस्थागत आचार समिति (आईईसी) का गठन करने में सहायता की है।

क्लिनिकल और ट्रांसलेशन अनुसंधान इकाई

अनुसंधान स्टाफ के लिए अनुसंधान अध्ययनों (विवरण नीचे दिया गया है) के लिए विषयों की स्क्रीनिंग करने, स्वीकृति लेने और अध्ययन में नामांकन करने हेतु पोस्ट पार्टम सेंटर में एक समर्पित क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इसे जीएचजी की क्लिनिकल और ट्रांसलेशन अनुसंधान इकाई नाम दिया गया है। इस केंद्र का पर्यवेक्षण प्रधान जांचकर्ता और जीएचजी के साइट जांचकर्ताओं द्वारा किया जाता है।

जनरल हॉस्पीटल गुड़गांव में अभी किए जाने वाले अनुसंधान कार्यक्रम

1. प्रारंभिक शैशवकाल में दिए गए टीकों के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में सुधार हेतु विटामिन डी संपूरण – न्यूट्रीवैकडी परीक्षण
2. पूर्णकालिक आयु हेतु उपयुक्त (एजीए) और गर्भाधान आयु हेतु छोटे (एसजीए) नवजातों में कॉर्ड ब्लड के प्रतिरक्षा मार्करों के लक्षण वर्णन हेतु क्रॉस सेक्शनल

2.2 एम्स के साथ ग्लू ग्रांट योजना : डीबीटी द्वारा पीबीसी / टीएचएसटीआई और बाल रोग विज्ञान विभाग, एम्स के मध्य अंतर संस्थागत संबंधों में बेसिक साइंस और क्लिनिकल विभागों को जोड़ने हेतु ग्लू ग्रांट योजना के भाग के रूप में अन्य साझा कार्यक्रम को सहयोग दिया गया। इस योजना के माध्यम से दोनों संस्थानों के पीडिएट्रिक रीनल बायोलॉजी और नवजात संक्रमणों पर कार्यक्रम तैयार किया गया है। एम्स और टीएचएसटीआई संकाय में वैज्ञानिकों और पीएचडी छात्रों का संयुक्त रूप से मार्गदर्शन किया जा रहा है।

चित्र. 35 जीएचजी में क्लिनिकल और ट्रांसलेशनल अनुसंधान

प्रो. शिंजिनी भटनागर, प्रोफेसर एवं प्रमुख पीबीसी

प्रो. शिंजिनी भटनागर एम्स, नई दिल्ली से पीडिएट्रिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी की है। उन्होंने एम्स के पीडिएट्रिक्स विभाग में वरिष्ठ अनुसंधान वैज्ञानिक और पीडिएट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट के रूप में कार्य किया है। वे नवजात शिशु और बाल रुग्णता तथा मृत्यु को कम करने के उपायों के विकास में विशेषज्ञता रखती हैं। वे पीबीसी की प्रमुख हैं जहां उनकी वर्तमान रुचियां परिकल्पना प्रदत्त और परिकल्पना से उत्पन्न अध्ययन करना हैं जिनसे कि बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्ञान आधारित उपायों और जन स्वास्थ्य उपकरणों के विकास में सहायता मिल सके। हाल ही में उन्होंने समय पूर्व जन्म के जैविक और गैर जैविक जोखिम और उसके नैदानिक परिणाम संबंधी अध्ययन शुरू किया है। वह सेंटर फॉर बायोडिजाइन एण्ड डायग्नोस्टिक्स (सीबीसी) की समन्वयक भी हैं जहां पर वे बाल रोगों हेतु डायग्नोस्टिक्स और कम लागत वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पीबीसी, सीबीडी और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी), एम्स तथा एक औद्योगिक सहयोगी के साथ साझा कार्यक्रम के तहत सीलियक रोग (सीडी) का पता लगाने हेतु त्वरित प्वाइंट ऑफ केयर टेस्ट का विकास किया जा रहा है।

डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू, सहायक प्रोफेसर

डॉ. नाचू ने एम्स से एमबीबीएस और पीडिएट्रिक्स में एमडी किया है। उन्होंने तीन साल पीडिएट्रिक्स की प्रैक्टिस की और एक वर्ष तक एम्स में क्लिनिकल अनुसंधान किया। उसके बाद वे क्वांटिटेटिव मेथड्स एण्ड रिसर्च इन न्यूट्रिशनल एपिडेमियोलॉजी में एमपीएच करने हेतु हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ (एचएसपीएच) चले गए। एम्स और एचएसपीएच में रहते हुए उन्होंने मातृत्व और बाल स्वास्थ्य के लिए माइक्रोन्यूट्रिएंट संपूरण पर कार्य किया है।

टीएचएसटीआई में उनका समूह गर्भावस्था और शैशवकाल में आधारभूत बायोलॉजी, नैदानिक अनुसंधान और जन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से पोषण पर कार्य करता है। इस समूह का ध्यान विटामिन डी पर केंद्रित है जो कि ऐसा पोषक तत्व है जिसकी संक्रामक रुग्णता और मृत्यु के प्रति संवेदनशीलता में प्रमुख भूमिका है। उनके समूह का प्रयास नैदानिक अनुसंधान को आधारभूत बायोलॉजीकल प्रयोगों के साथ जोड़ने का होता है ताकि इन मुद्दों को नैदानिक परीक्षकों और सहगण (कोहोर्ट) अध्ययनों में सक्षमता से प्रस्तुत किया जा सके/वे मुक्त स्रोत या सहयोगकर्ता के डेटा का भी विश्लेषण करते हैं ताकि भावी खोज हेतु पोषण से संबंधित परिकल्पना तैयार की जा सके या उसका परीक्षण किया जा सके। डॉ. नाचू टीएचएसटीआई के पीएचडी कार्यक्रम के मार्गदर्शक हैं और अधिकांश शैक्षिक मोर्चों पर सक्रिय है।

डॉ. शैलजा सोपोरी, अनुसंधान वैज्ञानिक डी

डॉ. सोपोरी इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बंगलौर की ग्रेजुएट हैं। उन्होंने अपना पोस्ट डॉक्टोरल प्रशिक्षण ओटेगॉन हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी, पोर्टलैण्ड में प्राप्त किया। डॉ. सोपोरी की रुचि का क्षेत्र सेलुलर सिग्नलिंग है। टीएचएसटीआई में वह पोडोसाइट में चोट की विशिष्ट दशाओं में सिग्नलिंग मार्गों को समझने का प्रयास कर रही हैं, जिसके कारण बच्चों में न्यूनतम परिवर्तन नेफ्रोटिक सिंड्रोम होता है। वह नवजात प्रतिरक्षा प्रणाली का विकास और जीवन के प्रारंभिक चरणों में रोगों के प्रति संवेदनशीलता पर शुरू की गई परियोजनाओं में भी शामिल हैं।

डॉ. नित्या वाधवा, अनुसंधान वैज्ञानिक डी

डॉ. वाधवा एक क्लिनिक साइंटिस्ट हैं और इन्होंने पीडिएट्रिक्स में एमडी किया है। क्लिनिकल पीडिएट्रिक प्रैक्टिस और नियोनेटोलॉजी में एक दशक बिताने के पश्चात् वे एम्स में क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में आई जहां पर उन्होंने पांच यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षणों का पर्यवेक्षण किया। वह उन अध्ययनों में शामिल हैं जिनमें भारत में बच्चों में सामान्य तौर पर होने वाले कई संक्रमणों के उपायों का मूल्यांकन किया गया है। टीएचएसटीआई में वह एक क्लिनिकल इंवेस्टीगेटर (नैदानिक जांचकर्ता) है जो कि एक बहु केंद्रीय क्रॉस सेक्शनल अध्ययन का पर्यवेक्षण कर रही हैं। वह एक वृहत यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण की तैयारी और कार्यान्वयन में भी शामिल है, जिसका उद्देश्य शिशुओं में टीके के प्रति प्रतिक्रिया पर विटामिन डी संपूरण के प्रभाव का निर्धारण करना है। वर्तमान में वह अन्य परियोजनाओं के साथ साथ कॉर्ड ब्लड प्रतिरक्षा मार्करों का अध्ययन, न्यूट्रीबैक डी परीक्षण, हिब मैनिन्जाइटिस सेंटिनल सर्विलांस परियोजना में शामिल हैं।

डॉ. वाधवा की शिक्षा क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता उनकी परियोजनाओं से भी बढ़कर है और वह टीएचएसटीआई ग्रेजुएट प्रोग्राम में क्लिनिकल अनुसंधान प्रविधियों के बारे में पढ़ाती है।

पीबीसी में अन्वेषकों द्वारा अर्जित बाह्य अनुदान

प्रधान अन्वेषक	निधिकरण ए जेंसी	अवधि	निधियां (रु.)	परियोजना शीर्षक
प्रो. शिंजिनी भटनागर	डीबीटी	2010–2013	67 लाख	हिब मैनिनजाइटिस सेंटिनेल सर्विलाइंस इन नॉर्थ इंडिया
प्रो. शिंजिनी भटनागर	डीबीटी	2011–2016	573 लाख	क्लिनिकल एण्ड ट्रांसलेशनल रिसर्च यूनिट ग्ल्यू ग्रांट स्कीम, डीबीटी कोलेब्रेशन फॉर ट्रांसलेशनल एण्ड क्लिनिकल रिसर्च बिटवीन टीएचएसटीआई, नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर, रिजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी और जीएचजी
प्रो. शिंजिनी भटनागर	डीबीटी	2011–2016	690 लाख	(एम्स टू) डेवलपिंग ए लॉगद्य–टर्म पार्टनशिप फॉर ट्रांसलेशनल हेल्थ रिसर्च इन चाइल्ड हेल्थ बिटवीन द डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक्स, एम्स एण्ड द पीडियाट्रिक्स बायोलॉजी सेंटर, टीएचएसटीआई
प्रो. शिंजिनी भटनागर	डीबीटी	2012–2013	2.85 लाख	एक्सेप्टेबिलिटी ऑफ कम्बाइंड मिनरल विटामिन फॉर्म्यूलेशन इन चिल्ड्रन विद सर्वर एक्यूट मैलन्युट्रिशन (एसएएम)
डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू	डीबीटी	2011–2014	160 लाख	विटामिन डी सप्लीमेंटेशन
डॉ. शिंजिनी भटनागर डॉ. नवीन खन्ना डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू	डीबीटी	2010–2014	219 लाख	डेवलपमेंट ऑफ रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट फॉर डायग्नोसिस ऑफ सिलियाक डिजीज – फेज I–II
डॉ. उमा चंद्रमौली नाचू	डीबीटी	2010–2014	30 लाख	एवॉल्युएशन ऑफ नोवल एड्जुवेंट्स फॉर म्यूकोसल प्रीमिनिंग फॉलोइंग कटनेस डिलीवरी ऑफ वैक्सीन
डॉ. शैलजा सोपोरी	डीबीटी	2012–2015	47 लाख	मॉलीक्यूलर मैकेनिज्म ऑफ मिनिमल चेंज डिजीज नेफ्रेटिक सिंड्रोमः रोल ऑफ सीडी80

पीबीसी – समर्थन कार्मिक

बाल चिकित्सा जीवविज्ञान केंद्र	
डॉ. दीपक कुमार राठौड़	अनुसंधान अधिकारी (फ्लो साइटोमेटरी)
डेटा प्रबंधन केंद्र / प्रशासन	
श्री पीताम्बर बेहरा	वित्त एवं लेखा अधिकारी
श्री धर्मेन्द्र शर्मा	प्रोग्रामर
श्री मुकेश जुयाल	डेटा एंट्री ऑपरेटर
सुश्री शिल्पा चोपड़ा	डेटा एंट्री ऑपरेटर
(प्रबंधन सहायक)	
श्री चंद पांडेय	तकनीशियन–II
प्रयोगशाला	
श्री गौरव सिंह	तकनीकी सहायक
श्री उत्तम कुमार सैनी	तकनीकी सहायक
श्री मनोज महतो	तकनीशियन–II
क्लीनिकल रिसर्च प्रोजेक्ट्स	
न्यूट्री–वैक.डी	
डॉ. महादेव दास	अनुसंधान अधिकारी (चिकित्सा)
डॉ. शुभ्रा अग्रवाल	अनुसंधान अधिकारी (चिकित्सा)
सुश्री सुष्मिता कुमारी	नर्स
सुश्री कृष्णा कुमारी	नर्स
नेहा ठाकुर	नर्स
अक्षरा राज	नर्स
श्री. राज कुमार तंवर	डेटा एंट्री ऑपरेटर
सुश्री दीपा नायर	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
सुश्री सैमाह रजा	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता
रितु रानी	तकनीशियन – II
आस्मा खान	तकनीशियन – II
श्री विजय	तकनीशियन – II
श्री अशोक सैनी	तकनीशियन – II (फील्ड)
श्री. बृज मोहन	तकनीशियन – II (फील्ड)
श्री अशोक कुमार	तकनीशियन – II (क्लीनिकल)
श्री राकेश कुमार	तकनीशियन – II (फील्ड)
मो. उस्मान खान	तकनीशियन – II
श्री अनंत कुमार साहा	लैब तकनीशियन
कॉर्ड ब्लड	
डॉ. रीता सिंह	अनुसंधान अधिकारी (चिकित्सा)
सुश्री मधु सिंह	नर्स
सुश्री पूजा सिसोडिया	नर्स
सुश्री सुजाता	नर्स
सुश्री सुमन रावत	नर्स
श्री. प्रवीण कुमार. नागर	तकनीशियन –2 (क्लीनिकल)
श्री. रंजीत कुमार	तकनीशियन –2 (क्लीनिकल)
ग्लु अनुदान	
डॉ. निशा पिपलानी चिकित्सा)	सीनियर रेजीडेंट (बाल
डॉ. रिचा मेहरा	परियोजना प्रबंधक
शिप्रा मिश्रा	सीनियर रेजीडेंट
प्रिया दलाल	जूनियर रेजीडेंट
डॉ. सुरेश चौधरी	जूनियर रेजीडेंट
श्री कपिल देव	लैब तकनीशियन
सीलियाक रोग	
सुश्री सोनिया जोशी	डेटा एंट्री ऑपरेटर
श्री अजय कुमार	तकनीशियन सहायक
श्री दिनेश कुमार	तकनीशियन –II (क्लीनिकल)
पोडो साइट	
डॉ. अमिता शर्मा	अनुसंधान एसोसिएट
डॉ. स्निग्धा मुखर्जी	अनुसंधान एसोसिएट

बायोडिजाइन तथा नैदानिकी केन्द्र (सीबीडी)

मिशन : स्वास्थ्य देखभाल नवाचार परिदृश्य में तेजी लाने की वहनीय पात्रे नैदानिकी, इम्प्लांट और युक्तियों के विकास के लिए बायोडिजाइन संकल्पना का समेकन

बायोडिजाइन तथा नैदानिकी केन्द्र (सीबीडी) में वहनीय स्वास्थ्य देखभाल के विकास के लिए सामरिक बैंच कार्य से वाणिज्यीकरण तक विस्तार योग्य चिकित्सा प्रौद्योगिकियों में नवाचार आरंभ किया गया था।

इस केन्द्र का लक्ष्य 'बायोडिजाइन प्रक्रिया' के माध्यम से वहनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए भारत में नई चिकित्सा प्रौद्योगिकी के उद्यम द्वारा क्षेत्र को रूपांतरित करना है, जिसमें अनिवार्य रूप से नवाचार या मौजूदा डिजाइन में सुधार लाने के लिए क्लिनिकल देखभाल व्यवस्थाओं से निवेशों का उपयोग किया जाता है। इस केन्द्र द्वारा मूलभूत प्राप्तियों को एक बहु विषयक मार्ग द्वारा नियमित अनुप्रयोगों में बदलने के प्रभावी ट्रांसलेशनल मार्ग को प्रोत्साहन दिया जाता है, नए बायोमार्करों, नवीन प्रौद्योगिकी संकल्पनाओं तथा क्लिनिकल अंतर्दृष्टि का संयोजन किया जाता है।

सीबीडी में एक संगठनात्मक संरचना, पारिस्थितिकी तंत्र और शासन प्रक्रिया प्रदान करने की आवश्यकता को पहचाना गया है जिससे ऐसे व्यावायिकों का एक नया संवर्ग बनाने के लिए दीर्घ अवधि स्थायित्व और वृद्धि की संभावना सुनिश्चित होती है, जो जीव विज्ञान, इंजीनियरी और चिकित्सा विज्ञान के इंटरफेस पर कार्य करते हैं। इन प्रक्रमों और सुविधाओं को कार्यशील सहयोगात्मक मॉडल, सार्वजनिक – निजी भागीदारी और बहु विषयक मार्ग जरिए उद्यमशीलता विकास को समर्थन दिया जाएगा।



चित्र 35 : सीबीडी में वैज्ञानिक कार्यक्रमों के वर्तमान फोकस क्षेत्र

जारी वैज्ञानिक कार्यक्रम

इसकी स्थापना के बाद से केंद्र ने अनुसंधान कार्य काफी हद तक इन –विट्रो निदान, मंच प्रौद्योगिकी के विकास और चिकित्सा प्रत्यारोपण और उपकरणों (चित्र 35) के क्षेत्र में रहा है।

1. सीलियाक रोग (सीडी) के निदान हेतु तीव्र परीक्षण का विकास :

प्रधान अन्वेषक : डॉ. एस. भटनागर और डॉ. नवीन खन्ना

सहयोगकर्ता : डॉ. आशुतोष तिवारी, प्रो. अरविंद बग्गा (एम्स) और जे. मित्रा एण्ड कं.

सीलियाक रोग आनुवंशिक रूप से अतिसंवेदनशील व्यक्तियों में एक जीर्ण शोथ आंत्र रोग है जो गेहूं, जौ और राई जैसे अनाजों से ग्लूटेन और प्रोलेमिन द्वारा प्रेरित होता है। डीक्यू 2 अथवा डीक्यू 8 मानव ल्युकोसैट प्रतिजन (एचएलए) वर्ग 2 क्षेत्र

में सुस्पष्ट हैप्लोटाइप्स सेलिएक रोग के प्रति काफी अधिक आनुवंशिक संवेदनशीलता प्रदान करते हैं। सेलिएक रोग अनूकूलन और सहज प्रतिरक्षा, दोनों के संयुक्त क्रिया के परिणामतः होता है। देशभर में अधिकांश अस्पतालों में सेलिएक रोग के पहचान के लिए प्रथम उपाय के तौर पर अपेक्षित सीरोलॉजीकल जांच आधारित पारंपरिक महंगी प्रयोगशाला नहीं है। अतः, सहज उपलब्ध, तीव्र संवेदी और विशेष जांच आवश्यक हैं जिससे सीडी का सही–सही निदान हो सके और रोग के निदान हेतु अपेक्षित समय में भी कमी लाई जा सके। एंजाइम ऊतक ट्रांसग्लूटामिनेज (टीटीजी) की सीडी में एंडोमाइसियल एंटीजन के रूप में पहचान की गई है। सीडी का एक प्रबल संकेत टीटीजी के लिए विशिष्ट एंटीबॉडी की उपस्थिति है। यह एंजाइम ग्लायाडीन के ग्लूटामिन अवशेष को चुनिंदा एमिनो मुक्त, एपिटोप्स सृजित कर ग्लेडिन विषाक्तता के लिए प्रशंसनीय तंत्र प्रदान करता है, जो डीक्यू 2 अणुओं के द्वारा ग्लायडीन बनाने में सहायता करता है।

सहयोगात्मक परियोजना के उद्देश्य इन–आउस प्वाइंट ऑफ केयर (पीओसीटी) प्रतिरक्षी – क्रोमेटोग्राफिक जांच विकसित करना और मानव पुनः संयोजक टीटीजी के खिलाफ मानव रक्त या सीरम / प्लाज्मा में टीटीजी – रोधी एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए एलिसा तैयार करना है। एक एलिसा किट तैयार की गई है और बड़े पैमाने पर उत्पादन और विपणन के लिए संबंधित प्रौद्योगिकी जे. मित्रा एण्ड कंपनी को हस्तांतरित की गई है।

इसके अलावा, हम सीडी का पता लगाने के लिए विक्रेय किट में प्रयोगशाला प्रोटोटाइप परीक्षण के अनुकूल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें पीओसीटी और एलिसा किट के लिए स्थिर अभिकर्मक विकसित किए जाएंगे। यह आईसीजीईबी, एम्स और पीबीसी की साझेदारी में किया जा रहा है। पीओसीटी के लिए, हमने उच्च विशेष बंधुता टीटीजी रोधी माउस मोनोक्लोनल एंटीबॉडी तैयार की हैं जो विशेष तौर पर मानव टीटीजी के प्राकृत अनुकूलन से आबद्ध है। इन मोनोक्लोनलों को स्थिर प्रतिजन एंटीबॉडी अंतःक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 3 एम केसीएनएस की मौजूदगी में सुपरनेटेंट बंधन के लिए जांच द्वारा चयन किए जाते हैं। ये एंटीबॉडी कर्मकों की मौजूदगी में अपनी आबद्ध बंधन को बनाए रखते हैं जो आमतौर पर, यूरिया, डीएमएसओ और नैनो–मोलर संबद्धता वाले चरम पीएच जैसी प्रोटीन–प्रोटीन अंतःक्रिया का अस्थि करते हैं (चित्र 36 {क–ख})।

पीओसी परीक्षण की अवधारणा :

सीलियाक रोग परीक्षण तीव्र प्रतिरक्षा–क्रोमोटोग्राफिक जांच पर आधारित होगा जिसमें रक्त के नमूने से टीटीजी –रोधी एंटीबॉडी का पता लगाया जाता है। यदि नमूनों में टीटीजी–रोधी एंटीबॉडी हों, ये स्वर्ण–लेबल मानव–रोधी एंटीबॉडी (माउस आईजीजी) और टीटीजी से आबद्ध होंगी। तदोपरांत, टीटीजी एक दृष्टिगत, लाल रेखा बनाते हुए स्थिर प्रोटीन रेखा परीक्षण (परीक्षण रेखा) से आबद्ध होती हैं। जांच में एक एकीकृत नियंत्रण प्रणाली भी निहित होती हैं जिसमें स्थिर माउस आईजीजी – रोधी एंटीबॉडी होती है जो लेबल लगे माउस आईजीजी (मानव एंटीबॉडी–रोधी) और लाल नियंत्रण रेखा को जांच की उचित कार्यप्रणाली से जोड़े रखता है (चित्र. 36)।



चित्र 36 : पीओसी परीक्षण अवधारणा की रेखाचित्र प्रस्तुति। {ए} केएससीएन के विभिन्न सान्द्रणों की मौजूदगी में टीटीजी –रोधी माउस मोनोक्लोनल एंटीबॉडी (1ए 7 और 3डी9) की तुलनात्मक बंधन बंधुता। {बी} 1ए 7 और 3डी 9 की बंधन बंधुता स्थिरांक (केडी) का निर्धारण। {सी} डीएमएसओ के विभिन्न सांद्रणों की मौजूदगी में बंधन स्थायीत्व विश्लेषण। {डी} विभिन्न पीएच रेंज में बंधन स्थिरता विश्लेषण।

2. रैपिड, मल्टीप्लेक्स परीक्षण के लिए रक्त बैंकों में संक्रामक रोगों की सरल और संवेदनशील परीक्षण मॉड्यूल

प्रधान अन्वेषक : डॉ. नवीन खन्ना

सहयोगकर्ता : प्रो. किम पीटर्सन (तुर्कु विश्वविद्यालय), आशुतोष तिवारी

इस कार्यक्रम का लक्ष्य एक सस्ती, मजबूत, मल्टीप्लेक्स परीक्षण के लिए रक्त बैंकों में इन संक्रामक रोगों के तेजी से सरल और संवेदनशील परीक्षण प्रौद्योगिकी / प्रणाली विकसित करना है। आंतरिक टीआरएफ इम्युनोएसे एकल नैदानिक मध्यवर्ती के रूप में संक्रमित मानव सीरम नमूनों में संबंधित एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए विकसित किया गया था। प्रत्येक व्यक्ति परख बीबीआई से व्यावसायिक रूप से उपलब्ध है और अच्छी तरह से विशेषता सीरम पैनल का उपयोग मूल्यांकन किया गया था। इम्युनोएसे उच्च विशिष्टता और संवेदनशीलता के साथ विभिन्न भौगोलिक स्थानों से एचआईवी और एचसीवी संक्रमण का पता चला। आंतरिक एचबीएसएजी टीआरएफ इम्युनोएसे दो शुद्ध एमएबीएस का उपयोग कर विकसित किया गया था। व्यक्तिगत टीआरएफ इम्युनोएसे आर बायो एचआईवी एमईपी और आर जैव एचसीवी – एमईपी और एचबीएसएजी टीआरएफ इम्युनोएसे पर आधारित विकसित करने के लिए विकसित करने के लिए संयुक्त थे एक एचआईवी एचसीवी, और एचबीवी के साथ – साथ पता लगाने के लिए एक या एक से अधिक निम्नलिखित एनालाइट की टीआरएफ इम्युनोएसे एक ही अच्छी तरह से मानव सीरम नमूनों में मल्टीप्लेक्स परक व्यावसायिक रूप से उपलब्ध है और अच्छी तरह से विशेषता वायरल सह संक्रमण बीबीआई से प्रदर्शन पैनल के साथ मूल्यांकन किया गया था। मल्टीप्लेक्स का उद्देश्य था कि सभी नमूने है वैयक्तिक आंतरिक टीआरएफ इम्युनो जांच द्वारा सकारात्मक थे जिन्हें टीआरएफ मल्टीप्लेक्स आमापन में भी पाया गया था। नए आर–एचआईवी–एमईपी की डिजाइन, उत्पादन किया गया है और इसे भारत में एक अग्रणी मल्टीप्लेक्स निदान विनिर्माण कंपनी को हस्तांतरित किया गया।

इसके अलावा, इस मल्टीप्लेक्सिंग में मलेरिया के निदान को युक्तिसंगत बनाने के लिए प्लाज्मोडियम एलडीएच विशिष्ट मोनोक्लोनल एंटीबॉडी का एक पैनल बनाया गया है। इन एंटीबॉडी को फेज प्रदर्शन विधि द्वारा एक प्रतिरक्षित एससीएफवी लाइब्रेरी का उपयोग कर पुनः संयोजक प्लाज्मोडियम एलडीएच में से चुना गया था। इन एंटीबॉडी का गृहित के सर्वाधिक उपयुक्त संयोजन की पहचान / उच्च संवेदनशीलता और विशिष्टता (चित्र 37 ए–सी) के लिए एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए आगे लक्षण निर्धारण किया जाएगा।



चित्र 37 : (क) ई. कोलाई में पुनर्योगज प्लाज्मोडियम एलडीएच (पीएलडीएच) की अभिव्यक्ति और शुद्धिकरण। लेन 1 और 2 में क्रमशः कच्चा लाइसेट और घुलनशील प्रभाज हैं, जबकि लेन 3 में शुद्ध समावेश पिंड दर्शाए गए हैं। पीएलडीएच अलग किया गया और रिफोल्डिंग के बाद विकृत परिस्थितियों में विशुद्ध किया गया, लेन 4 (ख) पुनर्योगज पीएलडीएच कोटिड एंटीजन के रूप में लेकर बायो–पैनिंग के तीसरे दौर के बाद एससीएफबी क्लोन की छानबीन (ग) शुद्ध किए गए एंटी पीएलडीएच एंटीबॉडी की विभिन्न सांद्रताओं का उपयोग करते हुए घुलनशील एजाइजा

3. तीव्र ज्वर बीमारी के लिए नैदानिक पैनल तैयार करना

प्रधान अन्वेषक : डॉ. गौरव बत्रा

सहयोगकर्ता : डॉ. नवीन खन्ना, उप्रो लम्मीनमाकी (तुर्कु विश्वविद्यालय)

टीम डीईएनवी विशिष्ट काइमेरिक प्रतिजन के उपयोग से बहुत उच्च विशिष्टता वाले डेंगू– प्रतिरोधी वायरस (डीईएनवी) एंटीबॉडी का पता लगाने स्वदेशी परीक्षण विकसित करने में लगी हुई थी। अब सीबीडी में यह टीम फेज प्रदर्शन लाइब्रेरी आधारित एप्रोच का उपयोग करते हुए नई डीईएनवी विशिष्ट प्रतिरक्षा प्रमुख एपीटोप / प्रतिजनी खण्ड की पहचान करके डीईएनवी विशिष्ट आमापन की संवेदनशीलता में सुधार लाने पर फोकस कर रही है। इसका उद्देश्य किसी खास मोर्चे पर

समझौता किए बिना जांच संवेदनशीलता को बढ़ाने के लिए नई सृजन आमापन में इन अनुक्रमों को शामिल करना है। पहचाने गए सीरोटाइप – विशिष्ट एपीटोप / प्रतिजन खण्डों का सीरोटाइप – विशिष्ट कैमेरिक एंटीजन के सृजन के लिए प्रयोग किया जाएगा जो सिरो–सर्वेलैंस को सक्षम करने के लिए एंटीबॉडी सीरोवर्गनिर्धारण के लिए काफी उपयोगी होगा। यह टीम भी स्वदेशी डीईएनवी एनएस1 प्रतिजन जांच आमापन के सृजन में भी शामिल थी। वर्तमान में, एनएस1 एंटीजन जांच विंडों को बढ़ाने के लिए मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के नए जोड़े सृजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह समूह सिरोटाइप विशिष्ट एनएस1–प्रतिरोधी एंटीबॉडी का सृजन भी कर रहा है। इस समूह द्वारा सिरोटाइप विशिष्ट एंटी एनएस1 एंटीबॉडी भी तैयार की गई है जिसे निगरानी / महामारी अध्ययनों में उपयोग किया जा सकता है।

चरणबद्ध तरीके से, परियोजना का एपीटोम / प्रतिजन (बायोमार्कर) की खोज, रोगजनक विशिष्ट काइमेरिक एंटीजन के सृजन, पुनः संयोजक एंटीबॉडी के सृजन, और अन्य महत्वपूर्ण ज्वर रोग जैसे टाइफाइड / मियादी बुखार, लेप्टोस्पायरोसिस, मलेरिया, चिकनगुनिया और फ्लू के लिए आमापन विकसित करने के कार्य तक विस्तार किया जाएगा। इसका बड़ा लक्ष्य भारत में प्रचलित प्रमुख ज्वर रोगों के विभेदक निदान के लिए एकल मल्टीप्लेक्स परीक्षण विकसित करना है।

4. संयोजक एंटीबॉडी के सरल और कुशल उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म

प्रधान अन्वेषक : डॉ. गौरव बत्रा

सहयोगकर्ता : डॉ. नवीन खन्ना और उप्रो लम्मीनमाकी

इस परियोजना में आर्थिक रूप से व्यावहारिक विधि से निदान संबंधी उपयोग की पुनः संयोजक एंटीबॉडी के उत्पादन से संबंधित बाधाओं को दूर करना वांछित है। अति संवेदनशील इन– विट्रो नैदानिक प्रतिरक्षी आमापन विकसित करने के लिए पुनः संयोजक एंटीबॉडी की मांग में बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रतिरक्षी आमापन में पुनः संयोजक एंटीबॉडी खण्ड सदृश फैब के उपयोग के कई फायदे हैं उदाहरणार्थ हिट्रोफिलिक एंटीबॉडी द्वारा अंतःक्षेप समाप्त होना, साइट विशिष्ट लेबलिंग, उन्मुखी स्थिरीकरण के माध्यम से उच्च प्रदर्शन गृहित पृष्ठ और मिनिएचराइज्ड तीव्र नैदानिक आमापन में बेहतर प्रदर्शन। पुनः संयोजक एंटीबॉडी खण्डों को मौजूदा हाइब्रिडोमा क्लोन से उत्पन्न किया जा सकता है या सीधे एंटीबॉडी लाइब्रेरी से अलग किया जा सकता है। पुनः संयोजक एंटीबॉडी खण्ड के फायदों के बावजूद, मोटे तौर पर उपलब्धता, लागत और उत्पादन से संबंधित मुद्दों (अभिव्यक्ति उपज और समुच्चयन) के कारण वाणिज्यिक नैदानिक आमापन में उनका उपयोग व्यापक नहीं है। इस परियोजना में, खमीर पीचिया पेस्टाराइसिस पर आधारित अभिव्यक्ति टूलबॉक्स विकसित किया जा रहा है, जिसे नैदानिक उपयोग की पुनः संयोजक एंटीबॉडी के साधारण, किफायती और उच्च उपज उत्पादन प्रयोग किया किया जा सकता है।

5. मानव पुनर्योगज एंटीबाडी लाइब्रेरी प्लेटफॉर्म का विकास

प्रधान अन्वेषक : डॉ. आशुतोष तिवारी

सहयोगकर्ता : डॉ. सुब्रत सिन्हा और डॉ. नवीन खन्ना

डॉ. तिवारी के साथ डॉ. चंद्रेश, सुश्री तरंग और मानस त्रिपाठी

जोखिम के आंकलन और रोग के शीघ्र पता लगाने के लिए नए नैदानिक उपकरण विकसित करना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे रोग की रोकथाम और शुरूआती अवस्था में उपयुक्त चिकित्सा में मदद मिलेगी जिसके परिणामतः बेहतर निदान और उपचार की लागत में कमी आएगी। नैदानिक आमापन के लिए आमतौर पर एंटीबॉडी आधारित प्रतिरक्षी आमापन का उपयोग किया जाता है और यह बायोमार्कर के विश्लेषण के लिए सबसे तेजी से बढ़ती तकनीकों में से एक है। आज एंटीबॉडी सर्वाधिक आकर्षक बंधन अंश हैं क्योंकि उन्हें अत्यधिक उच्च बंधुता वाले किसी आभासी अणु से सृजित किया जा सकता है।

